RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 188
नई दिल्ली, सोमवार, 15 मई, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



किसानों के कारण विश्व में बज रहा भारत का डंका

राष्ट्रीय-11

www.dailypioneer.com

# खड़गे चुनेंगे विधायक दल का नेता

## सीएलपी की बैठक में कर्नाटक के नवनिर्वाचित विधायकों ने कांग्रेस अध्यक्ष को किया अधिकृत

● पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार मुख्यमंत्री पद की दौड़ में सबसे आगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/बेंगलुरु



नई दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे का स्वागत करते पार्टी कार्यकर्ता

**कर्नाटक** का मुख्यमंत्री कौन होगा, यह कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तय करेंगे। कांग्रेस विधायक दल की रविवार शाम बेंगलुरु के निजी होटल में हुई बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर पार्टी अध्यक्ष खड़गे को विधायक दल का नेता चुनने का अधिकार दिया गया। खड़गे रविवार दोपहर कर्नाटक से दिल्ली लौट आए हैं। उन्होंने कहा कि पर्यवेक्षकों की राय पर आलाकमान विचार करेगा और बहुत शीघ्र मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान कर दिया जाएगा।

पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष डी. के. शिवकुमार दोनों ही मुख्यमंत्री पद की दौड़ में सबसे आगे हैं। दोनों ने रविवार को विधायक दल की बैठक से पहले अपने समर्थक विधायकों के साथ बैठक की है। यही नहीं, सिद्दरमैया (75) और शिवकुमार (60) के आवासों पर समर्थकों ने बैनर लगाए हैं, जिसमें उन्हें कांग्रेस की जीत के लिए बधाई दी गई है और उन्हें अगला मुख्यमंत्री बताया गया है। कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष शिवकुमार ने संकेत दिया कि वह मुख्यमंत्री पद की दौड़ में हैं। उन्होंने कहा कि वह सभी को साथ लेकर चले और कभी भी अपने लिए कुछ नहीं मांगा।

उन्होंने अपने और पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के बीच मतभेदों की खबरों को भी खारिज कर दिया। कांग्रेस के केंद्रीय पर्यवेक्षकों ने कांग्रेस महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल के साथ निवर्तमान विधानसभा में विपक्ष के नेता सिद्धरमैया और कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार के साथ बैठक की। इससे पहले, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कर्नाटक में कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) का नेता चुनने के लिए वरिष्ठ नेता सुशील कुमार शिंदे, जितेंद्र सिंह और दीपक बाबरिया को पर्यवेक्षक नियुक्त किया था। इसके बाद खड़गे रविवार को दिल्ली लौट आए। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के पर्यवेक्षक कर्नाटक में पार्टी विधायकों की राय से आलाकमान को अवगत कराएंगे और इसके बाद मुख्यमंत्री के चयन को लेकर फैसला किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में पार्टी के लिए सब कुछ ठीक-ठाक रहा है और जल्द ही सरकार बनेगी।

रविवार को दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत में खड़गे ने कहा कि कांग्रेस को सबसे बड़ा जनादेश मिला है और वह राज्य में स्थिर सरकार चाहती है। खड़गे ने कहा कि लोगों, विशेषकर गरीबों, महिलाओं, अल्पसंख्यकों और दलितों ने कांग्रेस की पांच गारंटी को स्वीकार किया है और उनकी अपेक्षाओं के अनुसार इन्हें लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम अपने मंत्रिमंडल के गठन के पहले दिन पांच गारंटी पर काम शुरू कर देंगे और इन्हें लागू करेंगे। कर्नाटक में 224 सदस्यीय विधानसभा के लिए हुए चुनाव में कांग्रेस ने शानदार जीत हासिल करते हुए 136 सीटें जीती हैं, जबकि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा नीत जनता दल (सेक्युलर) को क्रमश: 66 और 19 सीटें ही मिली हैं।

# देसी कंपनियों से ही खरीदे जाएंगे 928 रक्षा उपकरण

● केंद्र सरकार ने मंजूर की पुर्जो-उपकरणों की चौथी स्वदेशी सूची, घरेलू रक्षा उद्योग को मिलेगा बढ़ावा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**रक्षा** मंत्रालय ने उन 928 पुर्जों और उप-प्रणालियों की एक नई सूची को मंजूरी दी है, जिन्हें सिर्फ देश की ही कंपनियों से खरीदा जा सकेगा। मंत्रालय ने रविवार को कहा कि इस कदम का उद्देश्य रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम जल्द ही इन अधिसूचित वस्तुओं के लिए खरीद कार्रवाई शुरू करेंगे।

यह चौथी सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची (पीआईएल) है, जिसमें रिप्लेसमेंट यूनिट्स, उप-प्रणालियां और विभिन्न सैन्य प्लेटफॉर्म, उपकरण और हथियारों में इस्तेमाल होने वाले पुर्जे शामिल हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के आयात को कम करने के लिए रक्षा मंत्रालय ने चौथी पीआईएल को मंजूरी दी है। बयान के अनुसार, सूची में 928 लाइन रिप्लेसमेंट यूनिट्स (एलआरयू)/ उपप्रणालियां और कल पुर्जे शामिल हैं, जिनका आयात प्रतिस्थापन मूल्य 715 करोड़ रुपए है। रक्षा मंत्रालय ने वस्तुओं के आयात प्रतिबंध के लिए स्पष्ट समयसीमा निर्धारित की है, जो दिसंबर 2023 से लेकर दिसंबर 2028 तक हैं। इससे पहले मंत्रालय ने दिसंबर 2021, मार्च 2022 और अगस्त 2022 में इसी तरह की तीन पीआईएल जारी की थीं। इन सूचियों में शामिल 2500 से ज्यादा चीज़ें हैं, जो पहले से स्वदेशी हैं और 1238 वस्तुओं का निर्धारित समय सीमा के अंदर स्वदेशीकरण किया जाएगा। इन 1238 वस्तुओं में से 310 का स्वदेशीकरण किया जा चुका है। बयान में कहा गया है कि इसके अलावा, यह अकादमिक और अनुसंधान संस्थानों को शामिल करके घरेलू रक्षा उद्योग की डिजाइन क्षमताओं को बढ़ाएगा।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ट्वीट कर कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार स्वदेशीकरण और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसे ध्यान में रखते हुए 928 लाइन रिप्लेसमेंट यूनिट्स (एलआरयू)उपप्रणालियां और कल पुर्जे की चौथी पीआईएल को मंजूरी दी गई है। सिंह ने कहा कि सूची में उन्नत सामग्री और पुर्जे शामिल हैं, जिनका आयात प्रतिस्थापन मूल्य 715 करोड़ रुपए है। मंत्रालय ने कहा कि रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम जल्द ही इन ( शेष पेज 9 )

# जयशंकर ने आठ विदेश मंत्रियों से हिंद-प्रशांत, यूक्रेन युद्ध पर चर्चा की

**भाषा।** स्टॉकहोम



**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने फ्रांस, ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, बुल्गारिया, साइप्रस, लातविया, लिथुआनिया और रोमानिया के अपने समकक्षों के साथ यहां बैठकों के दौरान हिंद-प्रशांत और यूक्रेन युद्ध सहित कई मामलों पर चर्चा की है। जयशंकर ईयू हिंद-प्रशांत मंत्रिस्तरीय मंच (ईआईपीएमएफ) में भाग लेने के लिए स्वीडन की तीन दिवसीय यात्रा पर शनिवार को स्टॉकहोम पहुंचे थे।

उन्होंने ईआईपीएमएफ के इतर शनिवार को अपने कई समकक्षों से मुलाकात की। जयशंकर ने ट्वीट किया, फ्रांस की विदेश मंत्री कैथरीन कोलोना से मिलकर खुशी हुई। बैस्टिल दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यात्रा को सफल बनाने को लेकर उनकी तरह उत्साहित हूं। हिंद-प्रशांत और जी-20 पर विचारों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री मोदी 14 जुलाई को फ्रांस के बैस्टिल दिवस समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने मोदी को पेरिस में होने वाली परेड में शामिल होने का निमंत्रण भेजा था। विदेश मंत्रालय के अनुसार, भारतीय सशस्त्र बलों की एक टुकड़ी भी अपने फ्रांसीसी समकक्षों के साथ परेड में भाग लेगी।

जयशंकर ने ऑस्ट्रिया के विदेश मंत्री अलेक्जेंडर शालेनबर्ग से भी मुलाकात की और गतिशीलता एवं प्रवासन संबंधी समझौतों पर हस्ताक्षर किए। जयशंकर ने ट्वीट किया, अपने मित्र और ऑस्ट्रिया के विदेश मंत्री शालेनबर्ग के साथ गर्मजोशी से और सार्थक चर्चा हुई। गतिशीलता और प्रवासन संबंधी समझौतों पर हस्ताक्षर किए। वैश्विक मुद्दों, विशेष रूप से यूक्रेन और हिंद-प्रशांत पर चर्चा की। बेल्जियम की ( शेष पेज 9 )

# सीआईएससीई : 10वीं में नौ छात्रों के 99.80% तो 12वीं में पांच के 99.75% अंक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**काउंसिल** फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) ने 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षा के परिणाम रविवार को घोषित कर दिए। दोनों में ही लड़कियों ने लड़कों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है। सीआईएससीई के सचिव गेरी अराथून ने रविवार को कहा कि 10वीं कक्षा में नौ, जबकि 12वीं कक्षा में पांच विद्यार्थियों ने शीर्ष स्थान साझा किया है। परिणाम के अनुसार, 10वीं कक्षा में नौ विद्यार्थियों ने 99.80 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष स्थान साझा किया है जिनमें रुशील कुमार, अनन्या कार्तिक, श्रेया उपाध्याय, अदवय सरदेसाई, यश मनीष भसीन, तनय सुशील शाह, हिया संघवी, अविशी सिंह और संबित मुखोपाध्याय हैं। वहीं 12वीं कक्षा में पांच विद्यार्थियों ने 99.75 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष स्थान साझा किया है। वे रिया अग्रवाल, इस्पिता भट्टाचार्य, मोहम्मद आर्यन तारिक, शुभम कुमार अग्रवाल और मान्या गुप्ता हैं।

# कर्नाटक के डीजीपी प्रवीण सूद होंगे सीबीआई के अगले निदेशक

**भाषा।** नई दिल्ली



**कर्नाटक** के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रवीण सूद को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अगले निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है। एक सरकारी आदेश में रविवार को यह जानकारी दी गई। अधिकारियों के अनुसार सुबोध कुमार जायसवाल के 25 मई को अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद सूद को पदभार ग्रहण करने की तारीख से दो साल के लिए इस पद पर नियुक्त किया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि सूद कर्नाटक कैडर के 1986 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी हैं और जायसवाल के बाद देश के सबसे वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भारत के प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी की उच्चस्तरीय समिति की बैठक में शनिवार को उनके नाम को मंजूरी दी गई। कांग्रेस नेता चौधरी ने सीबीआई के अगले निदेशक के रूप में सूद के चयन पर कथित तौर पर असहमति जताई थी। हालांकि, इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान नहीं था।

कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने एक आदेश में कहा गया है कि सुबोध कुमार जायसवाल का कार्यकाल पूरा होने के बाद प्रवीण सूद की दो साल के लिए सीबीआई निदेशक के रूप में नियुक्ति के लिए सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी से अवगत कराया जाता है। सूद आईआईटी-दिल्ली, भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम)-बेंगलुरु और न्यूयॉर्क में सिरैक्यूज विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र हैं। सूद वर्ष 2024 में सेवानिवृत्त होने ( शेष पेज 9 )

# प. बंगाल में कांग्रेस और टीएमसी में जुबानी जंग

● अधीर रंजन ने कहा, कांग्रेस एकमात्र राष्ट्रीय पार्टी, कर सकती है भाजपा का मुकाबला

**सौगर सेनगुप्ता।** कोलकाता

**कर्नाटक** विधानसभा के चुनावी नतीजों के बाद एक बार फिर कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस के बीच भाजपा के खिलाफ 2024 में विपक्षी दलों के नेतृत्व को लेकर नए सिरे से जुबानी जंग तेज हो गई है। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने दावा किया कि कांग्रेस एकमात्र राष्ट्रीय पार्टी है, जो भाजपा के खिलाफ एकजुट विपक्ष का नेतृत्व कर सकती है।

वहीं तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि जिस राज्य में जो विपक्षी दल मजबूत है, उसे वहां महत्व दिया जाना चाहिए। पश्चिम बंगाल के कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन ने कहा कि कर्नाटक चुनाव के नतीजों ने पूरी तरह से साफ कर दिया है कि सिर्फ कांग्रेस ही एक राष्ट्रीय पार्टी के रूप में भाजपा के खिलाफ लड़ाई का नेतृत्व कर सकती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का कोई विकल्प नहीं है। ज्ञात रहे कि ममता बनर्जी ने शनिवार को एक भाषण में पार्टी नेताओं से दक्षिणी राज्य में कांग्रेस की भारी जीत के लिए बधाई ( शेष पेज 9 )

## महाराष्ट्र में मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ेंगे एमवीए घटक

● कर्नाटक चुनाव परिणाम उत्साहवर्धक, 2024 में भाजपा को संयुक्त रूप से चुनौती देंगे कांग्रेस, शिवसेना और राकांपा: जयंत पाटिल

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**कर्नाटक** विधानसभा के नतीजों का असर विपक्षी दलों पर सीधे तौर पर दिख रहा है। कर्नाटक के रिजल्ट आने के अगले ही दिन महाराष्ट्र के एमवीए दलों यानी कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव मिलकर लड़ने का ऐलान कर दिया है।

राकांपा की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख जयंत पाटिल ने रविवार को कहा कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव में भाजपा की करारी हार महाराष्ट्र में महाविकास आघाड़ी (एमवीए) के लिए उत्साहवर्धक है, जो छोटे दलों को साथ लेगा और केंद्र में सत्तारूढ़ दल को 2024 के लोकसभा चुनाव में संयुक्त रूप से चुनौती देगा। राकांपा प्रमुख शरद पवार के मुम्बई स्थित आवास सिल्वर ओक पर एमवीए की बैठक में शामिल होने के बाद पाटिल ने संवाददाताओं से कहा कि गठबंधन (एमवीए) लोकसभा चुनाव और अगले साल के उत्तरार्ध में होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले सीट बंटवारे का एक फार्मूला तैयार करेगा। एमवीए में शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस और राकांपा शामिल हैं। शिवसेना (यूबीटी) के उद्धव ठाकरे और प्रदेश कांग्रेस प्रमुख ( शेष पेज 9 )

## क्विक न्यूज

### नौसेना ने ब्रह्मोस मिसाइल का किया सफल परीक्षण

**नई दिल्ली।** नौसेना की अग्रिम पंक्ति की मिसाइल विध्वंसक आईएनएस मोरमुगाओ से एक ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण किया गया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मिसाइल परीक्षण ने समुद्र में नौसेना की शक्ति को प्रदर्शित किया है। नौसेना केएक अधिकारी ने कहा, नई निर्देशित मिसाइल विध्वंसक, आईएनएस मोरमुगाओ ने ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल के अपने प्रथम परीक्षण के दौरान सफलतापूर्वक लक्ष्य को भेदा। अधिकारी ने कहा, स्वदेश विकसित जहाज और उसकी हथियार प्रणाली आत्मनिर्भरता का तथा समुद्र में नौसेना की शक्ति का एक और शानदार उदाहरण है। मिसाइल परीक्षण के स्थान के बारे में अभी जानकारी नही मिल पाई है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड भारत-रूस का एकसंयुक्त उद्यम है, जो सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल निर्मित करता है। यह मिसाइल, पनडुब्बी, जहाज और विमान या जमीनी प्लेटफॉर्म से दागी जा सकती है।

# आसानी से ब्लॉक या ट्रैक कर सकेंगे अपना खोया मोबाइल

● केंद्र सरकार 17 मई को पेश करेगी खोए मोबाइल फोन को ब्लॉक करने या पता लगाने की प्रौद्योगिकी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**मोबाइल** गुम हो गया है, तो घबराने की जरूरत नहीं है। अब उसे आसानी से ट्रैक किया जा सकेगा और घर बैठे उसे ब्लॉक भी कर सकेंगे। केंद्रसरकार इस सप्ताह एक ऐसी निगरानी प्रणाली (ट्रैकिंग सिस्टम) शुरू करने जा रही है, के जरिए देशभर में लोग अपने गायब या चोरी हो चुके मोबाइल फोन को ब्लॉक कर सकेंगे या उसका पता लगा सकेंगे।

प्रौद्योगिकी विकास निकाय सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमेटिक्स (सीडॉट) दिल्ली, महाराष्ट्र, कर्नाटक और पूर्वोत्तर क्षेत्र सहित कुछ दूरसंचार सर्किलों में सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर (सीईआईआर) प्रणाली को प्रायोगिक आधार पर चला रहा है। दूरसंचार विभाग के एक अधिकारी ने एजेंसी से कहा कि सीईआईआर प्रणाली को 17 मई को अखिल भारतीय स्तर पर पेश किए जाएगा।

इस बारे में संपर्क करने पर सीडॉट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी और चेयरमैन परियोजना बोर्ड राजकुमार उपाध्याय ने तारीख की पुष्टि नहीं की, लेकिन उन्होंने कहा कि यह प्रौद्योगिकी अखिल भारतीय स्तर पर पेश किए जाने के लिए तैयार है। उपाध्याय ने कहा कि प्रणाली तैयार है और अब इसे इसी तिमाही में पूरे भारत में तैनात किया जाएगा। इससे लोग अपने खोए हुए मोबाइल फोन को ब्लॉक और ट्रैक कर सकेंगे। सीडॉट ने सभी दूरसंचार नेटवर्क पर क्लोन्ड मोबाइल फोन के इस्तेमाल का पता लगाने के लिए इसमें नई खूबियां जोड़ी हैं। सरकार ने भारत में मोबाइल उपकरणों की बिक्री से पहले इंटरनेशनल मोबाइल इक्विपमेंट आइडेंटिटी (आईएमईआई-15 अंक की संख्या) का खुलासा करना अनिवार्य कर दिया है।

मोबाइल नेटवर्क के पास मंजूर आईएमईआई नंबरों की सूची होगी, जिससे उनके नेटवर्क में अनधिकृत मोबाइल फोन के प्रवेश का पता लग सकेगा। दूरसंचार परिचालकों और सीईआईआर प्रणाली के पास उपकरण के आईएमईआई नंबर और उससे जुड़े मोबाइल नंबर की जानकारी होगी। कुछ राज्यों में इस सूचना का उपयोग सीईआईआर के जरिए गुम या चोरी गए मोबाइल फोन का पता लगाने के लिए किया जाएगा।

# कैनवस पर उभर आई मन की बात, मोदी मुग्ध

● राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय में प्रदर्शनी देखने पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 100वें एपिसोड को चिन्हित करने के लिए यहां राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय (एनजीएमए) में आयोजित एक कला प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी जन शक्ति : ए कलेक्टिव पावर में कई प्रसिद्ध कलाकारों की कलाकृतियां प्रदर्शित की गई हैं। यहां मन की बात को कैनवस पर देखकर पीएम मोदी मुग्ध हो गए। संस्कृति मंत्रालय के मुताबिक, प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान कलाकारों को प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनकी कलाकृतियों और मन की बात के विषयों के बारे में संवाद करने का अवसर मिला, जिसने उन्हें प्रेरित किया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कलाकृतियों को देखने के बाद प्रधानमंत्री ने जन शक्ति प्रदर्शनी कैटलॉग पर हस्ताक्षर किए और संदेश लिखा, मन मंदिर की यात्रा सुखद हो। इस कैटलॉग पर 13 कलाकारों ने भी हस्ताक्षर किए हैं। मोदी ने अपने दौरे की कुछ तस्वीरें ट्विटर पर साझा की हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया, एनजीएमए में जन शक्ति कला प्रदर्शनी का दौरा किया। यह मन की बात एपिसोड के कुछ विषयों पर आधारित कला के अद्भुत कार्यों की प्रदर्शनी है। मैं उन सभी कलाकारों को बधाई देता हूं जिन्होंने अपनी रचनात्मकता से प्रदर्शनी को समृद्ध किया है।

# यमुना प्राधिकरण करेगा 27 गांवों का कायाकल्प पहले चरण में नौ तालाबों का होगा सौंदर्यीकरण

● 27 गांवों में कराया जा रहा सर्वेक्षण

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रामीण क्षेत्रों की हालात बदलने के लिए यमुना एक्सप्रेसवे विकास प्राधिकरण ने पहल की है।

यमुना प्राधिकरण ने गौतमबुद्धनगर जनपद के 27 गांवों की दिशा और दशा बदलने के कार्य करना प्रारंभ कर दिया है। इन 27 गांवों में सर्वे का कार्य शुरू कर दिया गया है, जिसके बाद इन गांवों में अस्पताल से लेकर अन्य तमाम मूलभूत सुविधाएं उपलबध कराई जाएगी। कुल गांव के विकास के लिए 20 बिंदुओं पर काम किया जाएगा। जून माह के प्रथम सप्ताह में बोर्ड बैठक में प्रस्ताव रखा जाएगा और इसके बाद कार्य शुरू करने के लिए टेंडर प्रक्रिया को पूर्ण किया जाएगा। कार्यों पर प्राधिकरण 2.34 करोड़ रुपये खर्च करेगा।




दरअसल, यमुना प्राधिकरण ने अपने अधिसूचित क्षेत्र के 27 गांवों में विकास के लिए क्या जरूरी है। इसके लिए प्राधिकरण व्हील ग्लोबल फाउंडेशन संस्था से सर्वे करा रहा है। सर्वे मोहम्मदपुर जादौन, चौकी, सलारपुर, दुबली, ठसराना, अच्छेजा बुजुर्ग, डूंगरपुर रीलखा, आच्छेपुर, रुस्तमपुर, मुतैना आदि गांव का किया गया है। पहले चरण में 9 तालाबों का सौंदर्यीकरण किया जाएगा और वहां पर तालाबों की साफ सफाई, तार फेंसिंग, पौधारोपण, बैठने के लिए बेंच, प्रकाश व्यवस्था आदि की व्यवस्था होगी। इसमें हेल्थ एटीएम लगवाने, दिशा सूचक बोर्ड लगवाने, डस्टबिन रखवाने और सरकारी स्कूलों में सफाई कर्मचारी तैनात कराने आदि के अलावा 20 काम की सूची बनाई गई है।

गांव के लोगों के साथ बैठक की जाएगी और फिर उनकी जरूरतों के अनुसार गांवों में विकास कार्य किए जाएंगे। प्राधिकरण ने 17 गांवों में डस्टबिन रखवाने पर 35 लाख खर्च किए जाएंगे। जबकि सरकारी स्कूलों में सफाई कर्मचारी रखने के लिए टेंडर जारी कर दिया है। गांवों में दिशा सूचक बोर्ड लगवाने की दिशा में काम शुरू हो गया है। हालांकि अभी 17 गांवों का सर्वे हुआ है और अगले सप्ताह 10 और गांवों का सर्वे पूरा कराया जाएगा। प्रभारी सीईओ मोनिका रानी ने बताया कि यह काम अगले माह से शुरू कराया जा सकेगा।




हाजीपुर अंडरपास चौक पर पुलिस और वालंटियर्स के सहयोग से लोगों को सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के विषय एवं यातायात नियमों व संकेतों के प्रति जागरूक किया।

# बातों में उलझा रुपए ऐंठे, यूट्यूब से करोड़पति बनने का दिखाया सपना

● आरोपियों ने वेबसाइट पर जोड़ा और वीडियो लाइक करने का लालच देकर करीब दो लाख का लगाया चूना




पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सेक्टर-73 में रहने वाले एक व्यक्ति से अज्ञात साइबर ठगों ने ऑनलाइन जॉब के नाम पर 1 लाख 82 हजार रूपए की ठगी कर ली। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह मामला फेस 1 का है। थाना सेक्टर-113 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार ने बताया कि सेक्टर-73 में रहने वाले मलिक तहसीम अहमद ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कुछ दिन पूर्व उनके व्हाट्सएप नंबर पर एक मैसेज आया।

मैसेज करने वाले लोगों ने उनसे कहा कि वह घर बैठे ऑनलाइन काम करके मोटी रकम कमा सकते हैं। आरोपियों ने उन्हें एक वेबसाइट पर जोड़ा और यूट्यूब पर वीडियो लाइक करने के लिए प्रति वीडियो 50 रुपये देना तय किया। कोतवाली ने बताया कि शुरुआती दौर में आरोपियों ने उन्हें कुछ फायदा दिखाया और धीरे-धीरे करके ज्यादा पैसे कमाने का लालच देकर उनसे विभिन्न बार में अपने खाते में 182600 रुपए डलवा लिया। उन्होंने बताया कि बाद में उन्हें ठगी का अहसास हुआ। पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दो युवकों पर बरसाए लाठी-डंडे, मामला दर्ज

**नोएडा।** नोएडा के जारचा क्षेत्र के चौना गांव के बैरियर के पास चार लोगों ने दो युवकों के ऊपर लाठी-डंडे और पत्थर से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, एक युवक की हालत नाजुक बनी हुई है।

जारचा के प्रभारी निरीक्षक ज्ञान सिंह ने बताया कि निशु पुत्र सतेंद्र ने थाना जारचा में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उन्होंने 13 मई की शाम को अपने बेटे अभय तथा सूरज को ततारपुर गांव से पैसे देकर डीजल लेने के लिए भेजा था। उन्होंने बताया कि दोनों डीजल लेकर जब वापस आ रहे थे तो चौना बैरियर के पास प्रशांत, सोनू, गोलमाल तथा कुछ अज्ञात लड़कों ने इनके ऊपर ईट, पत्थर और लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

# गाजियाबाद में विजय जुलूस के दौरान नोट उड़ाए

● जीत के बाद घोड़े पर बैठ कर निकला सभासद पति, पुलिस बोली-केस दर्ज करेंगे

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में निर्दलीय निर्वाचित सभासद के विजय जुलूस में नोट उड़ाने का वीडियो सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि सभासद का पति घोड़े पर बैठा है, उनके पीछे लोगों की भीड़ है।

इस दौरान जमकर आतिशबाजी भी हो रही है। तभी भीड़ में शामिल एक युवक आगे आता है और हाथ में नोट लेकर हवा में उड़ाने लगता है। जायदा बानो वार्ड.23 से निर्दलीय निर्वाचित हुई हैं। इन्होंने सपा प्रत्याशी रूमाना को 339 वोटों से हराया है। रविवार को जीत की खुशी में रूमाना के पति रहीसुद्दीन ने विजय जुलूस निकाला। वह घोड़े पर बैठकर मोदीनगर के गुरुद्वारा रोड पर निकले।

उनके साथ बड़ी संख्या में समर्थक थे। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि रहीसुद्दीन के पीछे ढोल-नगाड़े की थाप पर नाचते हुए लोग चल रहे हैं। इस दौरान भीड़ में से एक युवक आगे आता है। वह हाथ में लेकर नोट उड़ाने लगता है। इसी दौरान किसी ने उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

पुलिस का कहना है कि जिले में धारा-144 लगी हुई है। जायदा बानो के पति ने विजय जुलूस निकालकर निर्वाचन आयोग के आदेश का उल्लंघन किया है। इस वीडियो के सामने आने के बाद अब मामले में दर्ज की जाएगी।

पुलिस ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। सभासद पति रहीसुद्दीन का कहना है कि कोई विजय जुलूस नहीं निकाला। पब्लिक के लोग मेरा स्वागत करने के लिए आ गए थे।

उनके साथ अपने घर जा रहा था। रास्ते में लोग इकट्ठा होते चले गए। मेरी तरफ से इस जुलूस का आयोजन नहीं था। नोट उड़ाने वाला भी कोई समर्थक होगा। दूसरी तरफ, गाजियाबाद नगर निगम के वार्ड.64 से पार्टी प्रत्याशी फिरसाद चौधरी की जीत की खुशी में समर्थकों ने शनिवार रात विजय जुलूस निकाला था।

थाना टीला मोड़ पुलिस ने इस मामले में परवेज चौधरी, आर्यन चौधरी, सद्दाम, शाहरुख सहित करीब 100-200 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं कई लोगों से इस मामले में जानकारी ली जा रही है।

वहीं इलाके के लोगों का कहना है कि इस जुलूस के दौरान भीड़ ने बदतमीजी की, छेड़खानी की और देश विरोधी नारे भी लगाए। हालांकि पुलिस ने इन बातों को सिरे से नकार दिया। हालांकि मामले की जांच जारी है।

## संक्षिप्त समाचार




अवैध संबंधों की चलते युवक की हत्या करने वाले आरोपी।

### अफलातून हत्याकांड में दो आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** जेवर के रबूपुरा कोतवाली पुलिस ने करीब 5 दिन पहले जेवर के रहने वाले एक व्यक्ति की हत्या का खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में उसके ही गांव के रहने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि अवैध संबंध के चक्कर में हत्या की गई है। जेवर कोतवाली क्षेत्र के नंगला जहानू गांव निवासी अफलातून 9 मई को रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के बीरमपुर गांव के नजदीक जंगल में मिला था। जिसका चेहरा भी जला हुआ था। परिवार के लोगों ने सूचना के बाद मौके पर पहुंच कर उसके शव की शिनाख्त की थी। पुलिस ने उसके गांव के रहने वाले मुस्लिम और आकिब को गिरफ्तार किया है।

### प्रतीक ग्रैंड सिटी में लगा फ्री मेडिकल कैंप

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में फ्लोरेस हॉस्पिटल की तरफ से सिद्धार्थ विहार स्थित प्रतीक ग्रैंड सिटी में रविवार को फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। देवभूमि उत्तराखंड समिति के बैनर तले हुए इस आयोजन में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक सोसाइटी वालों के स्वास्थ्य की जांच हुई। इस दौरान शुगर,ए बीपी समेत अन्य जांचें भी की गईं। हॉस्पिटल की तरफसे डॉक्टर एमके सिंह, डॉक्टर गौरव गुप्ता, संजय श्रीवास्तव सहित सोसाइटी से विजेंदर सिंह रावत, टीएस खत्री, सुनील शर्मा, हरीश उपाध्याय, नंद नेगी, किशन सिंह बिष्ट, बीडी भट्ट, मनोज नेगी, मनोज धपोला, भूपेन्द्र सिंह बिष्ट, दिनेश खुलबे, योगेश भट्ट, जीवन भट्ट, गिरधर सिंह मेहरा आदि का सहयोग रहा।

### शहीद दरियाव सिंह नागर की पुण्यतिथि मनाई

**नोएडा।** जेवर ब्लॉक के जुनेदपुर गांव में देश की आजादी के अगुवा रहे शहीद दरियाव सिंह नागर की आज पुण्यतिथि मनाई गई। पुण्यतिथि दरियाव सिंह गुर्जर चौक पर उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण करके मनाई गई। दरियाव सिंह नागर को बुलंदशहर के काले आम पर फांसी दी गई थी। उन्होंने दनकौर में अंग्रेजी शासन के दौरान अंग्रेजों की नीव हिला कर रख दी थी। शहीद दरियाव सिंह युवा समिति के अध्यक्ष सुनील प्रधान व मास्टर दिनेश नागर ने बताया कि आज के दिन 14 मई 1857 ई में भारत की आजादी के अगुआ रहे शहीद दरियाव सिंह नागर को बुलंदशहर के काले आम पर फांसी दी गई थी। शहीद दरियाव सिंह नागर ने दनकौर क्षेत्र में अंग्रेजी शासन की चूले हिला कर रख दी थी। उन्होंने कई बार अंग्रेजों को बंधक बनाकर उनसे अपने खेतों में हल तक चलवाया था।

### बच्ची के साथ पड़ोसी ने की अश्लील हरकत

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के मुरादनगर थाना क्षेत्र के गांव में सिरफिरे द्वारा पांच साल की बच्ची को प्राइवेट पार्ट दिखाकर अश्लीलता करने का मामला सामने आया है। विरोध पर आरोपित ने बच्ची के साथ मारपीट भी की। मामले की शिकायत परिजनों ने मुरादनगर पुलिस से की है। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। मुरादनगर थाना क्षेत्र के गांव के रहने वाले व्यक्ति के मुताबिक, उनकी पांच साल की बच्ची एक स्कूल में पढ़ाई करती है। वह शनिवार को घर के बाहर खेल रही थी। इसी बीच पड़ोस में रहने वाला एक आरोपित जबरन बच्ची को अपने कमरे में ले गया। वहां बच्ची के साथ आरोपित ने अश्लीलता की। इतना ही नहीं, उसने बच्ची को प्राइवेट पार्ट दिखाकर छेड़खानी भी की। बच्ची ने जब शोर मचाया तो आरोपित ने उसके साथ मारपीटा कर दी।

# एलिजेन्ट बिल्डर के निदेशक समेत छह पर मुकदमा दर्ज

● इंटीरियर कराने के नाम पर हड़प लिए 64 लाख

पायनियर समचार सेवा। नोएडा

जिला न्यायालय के आदेश पर एलिजेन्ट बिल्डर के निदेशक समेत छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित सोसायटी में इंटीरियर कराने के नाम पर 64 लाख रुपय हड़प लिए गए। पीड़ित पिछले पांच सालों से बकाया रुपये के लिए चक्कर काट रहा है। आरोप है कि आरोपित पक्ष ने बकाया रकम देने के बजाय पीड़ित को धमकी दी।



मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर बिसरख कोतवाली पुलिस ने अशोक अत्री, सुनील, एलिजेन्ट के निदेशक अभय शर्मा, तरूण राज, आरिफ खान व राजकुमार झा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। दर्ज कराई गई रिपोर्ट में दिल्ली के घडौली गांव के रहने वाले मनोज कुमार शर्मा ने कहा है कि वर्ष 2018 के अंत में उनकी व दोस्त हरस्वरूप की मुलाकात अशोक अत्री से हुई। अशोक ने कहा कि उनका एलिजेन्ट बिल्डर के साथ इंटीरियर के कार्य को लेकर समझौता हुआ। अशोक के कहने पर मनोज ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित एलिजेन्ट बिल्डर के प्रोजेक्ट पर 69 लाख रुपये का इंटीरियर का कार्य कर दिया। कई बार रुपये मांगने पर पांच लाख रुपये दिए गए। पीड़ित का इंटीरियर संबंधित सामान भी बिल्डर की साइट से वापस नहीं लाने दिया गया।

आरोप है कि उसको अब धमकी दी जा रही है। आरोपितों ने दो घंटे तक बंधक बनाकर पीड़ित के साथ मारपीट की। परेशान होकर उसने कोर्ट की शरण ली। डीसीपी सेंट्रल नोएडा राम बदन सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच की जा रही है।

# फर्जी आधार कार्ड पर आरोपियों की जमानत लेने वाले दो गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

● फोटो स्टूडियो की आड़ में चलता था गोरखधंधा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

फर्जी तरीके से कूट रचित आधार कार्ड तैयार करके अपराधियों की कोर्ट से जमानत लेने वाले दो लोगों को थाना फेस- वन पुलिस ने आज गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने मोबाइल फोन, पैन कार्ड, लैपटॉप आदि बरामद किया है।

थाना फेस-वन के प्रभारी निरीक्षक ध्रुव भूषण दुबे ने बताया कि थाना पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग कूट रचित दस्तावेज के आधार पर अपराधियों की जमानत ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस सूचना के आधार पर पुलिस ने बलजीत चौहान पुत्र राजवीर सिंह चौहान तथा वकील अहमद को गिरफ्तार किया है।

उन्होंने बताया कि इनके पास से पुलिस ने एक मोबाइल फोन, लेदर का पर्स, पैन कार्ड, इंडियन ओवरसीज बैंक का डेबिट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, लैपटॉप, पेन ड्राइव, एक मेगा डिवाइस आदि बरामद किया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि आरोपी वकील अहमद निशा फोटो स्टूडियो के नाम से सेक्टर 45 में दुकान चलाता है। वह फोटो स्टूडियो की आड़ में कूट रचना कर फर्जी आधार कार्ड तैयार कर देता है। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने विशाल उर्फ धौला नामक अपराधी की जमानत फर्जी दस्तावेज के आधार पर देने का प्रयास किया था। जांच के दौरान इनकी काली करतूत सामने आई है, तथा पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

ये लोग दूसरे व्यक्ति के आधार कार्ड पर कूट रचित तरीके से अपनी फोटो चस्पा कर छायाप्रति न्यायालय में प्रस्तुत कर देते थे, और अपराधियों की जमानत करवा लेते थे।

# दबंगों ने मैटीरियल सप्लायर पर चलाई गोली

● डरा हुआ है पीड़ित परिवार, नोएडा पुलिस ने की जांच शुरू

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जेवर क्षेत्र में स्थित अजनारा गोल चक्कर के नजदीक शनिवार रात बिल्डिंग मैटेरियल सप्लाई करने वाले एक युवक पर पुरानी रंजिश के कारण कार सवार युवकों ने गोलियां चला दीं। मौके से भागकर युवक ने अपनी जान बचाई। बताया जाता है कि शुक्रवार की सुबह दोनों पक्षों का झगड़ा हुआ था। जिसके बाद समझौता भी हो गया था। आरोप है कि इसके बावजूद भी आरोपियों ने जानलेवा हमला कर दिया। सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

दनकौर कोतवाली क्षेत्र के फतेहपुर अट्टा गांव के रहने वाला माजिद दनकौर कस्बे में बिल्डिंग मेटेरियल सप्लाई का कार्य करते है। कुछ महीने पहले क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। इसके बाद शुक्रवार को भी दोनों पक्षों में झगड़ा हो गया। घटना के बाद दोनों पक्षों के लोगों ने समझौता कर लिया। आरोप है कि इसके बाद पीड़ित माजिद शनिवार की रात वह ट्रैक्टर पर बिल्डिंग मटेरियल लेकर क्षेत्र स्थित अजनारा गोल चक्कर की तरफ जा रहे थे। आरोप है कि इस दौरान सेंट्रो कार सवार युवकों ने जान से मारने की नीयत से गोली चला दी।

पीड़ित ने बताया कि इस दौरान वह ट्रैक्टर की गति बढ़ाकर भागने लगा। जिसका पीछा करते हुए आरोपियों ने दूसरी गोली भी चला दी। पीड़ित परिवार का कहना है कि इस घटना की शिकायत उन्होंने शुक्रवार की रात थी। लेकिन पुलिस ने शिकायत के बाद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। जिसकी वजह से पीड़ित परिवार डरा हुआ है।

## कार सवार युवकों ने सड़क पर किया हुड़दंग

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद में इंटरनेट मीडिया पर रविवार सुबह दो कारों में सवार युवकों का सड़क पर हुड़दंग करते हुए वीडियो प्रसारित हुआ है। ट्विटर पर पुलिस के अधिकारियों को टैग कर कार्रवाई की मांग की गई है। रविवार सुबह करीब पौने 11 बजे ट्विटर पर राम नाम के एक अकाउंट से 11 सेकेंड का एक वीडियो अपलोड़ किया गया।

वीडियो में एक मर्सिडिज कार की खिड़की खोलकर कुछ युवक बैठे दिख रहे हैं। दो युवक सनरूफ खोलकर खड़े हैं। उसके आगे एक एसयूवी का सनरूप खोलकर दो युवक बाहर निकले दिख रहे हैं।

# ग्रेटर नोएडा वेस्ट में सड़कों की खराब हालत को लेकर प्रदर्शन

● लोग बोले-रोड को ठीक कराने के लिए जल्द इकट्ठा करेंगे चंदा, शिकायत रही बेअसर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ग्रेटर नोएडा वेस्ट में लोगों ने सड़कों की हालत को लेकर जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान चिल्लाती धूप में लोगों ने सड़क पर बैठकर नारेबाजी करते हुए जमकर प्रदर्शन किया।

बोले कि पिछले कई सालों से सड़क बनवाने और चौड़ा करने के लिए मांग कीं जा रही है। परंतु अधिकारियों द्वारा कोई कार्य नहीं किया जा रहा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट निवासी विकास कटियार का कहना हैं की कई बार इन सड़कों के सुधार पर विभिन्न मध्यम से अथॉरिटी से शिकायत की गयी हैं, परंतु कुछ काम नहीं हुआ हैं, जब भी अथॉरिटी के अधिकारियों से बात होती है, बस आश्वाशन मिलता है, लेकिन कार्य नहीं होता है, जबकि उत्तर प्रदेश सरकार गड्ढा मुक्त सड़कों का दावा करती है। वहीं स्प्रिंग मीडोज निवासी सुबीर कुमार कहते हैं की आज के समय की जरूरत है की यातायात के दबाव को देखते हुए जल्द से जल्द सड़कों की रिसर्फेसिंग तो होनी ही चाहिए। साथ ही साथ उन्हें चौड़ा करने की भी आवश्यकता है।

इस पर त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए। टेक्जोन 4 निवासी सागर गुप्ता का कहना है की यहां पांच से ज्यादा स्कूल चल रहे हैं, सभी पैदल स्कूल जाने वाले बच्चों की सुरक्षा के लिए फुटपाथ अति आवश्यक हैं। जल्द ही बारिश का मौसम आने वाला हैं। दोनों तरफ पानी भरने से मजबूर होकर बच्चों को सड़क पर चल कर स्कूल जाना पड़ता है। इसलिए जल्द से जल्द दोनों तरफ फुटपाथ बनने चाहिएए जिससे की आगे कोई दुर्घटना न हो। निराला एस्टेट निवासी राहुल का कहना है कि पैदल सड़क पार करना एक तरह से नामुमकिन हैं।

लोगों को अपनी जान हथेली पर रख कर सड़क पार करनी पड़ती है। इसके लिए निराला एस्टेट और आम्रपाली लेसर वैली के बीच एफओबे बनना चाहिए। जोन 4 निवासी अवनीश वर्मा का कहना है कि सड़कों पर एंक्रोसमेंट लगातार बड़ रहा है, जिस पर अथॉरिटी कोई भी सख्त कदम नहीं उठा रही है, जिससे ट्रैफिक की समस्या भी बढ़ती जा रही। अथॉरिटी प्रॉपर वेंडर जोन बनाना चाहिए, जिससे कि सड़कों को एंक्रोसमेंट से मुक्ति मिले।

प्रदर्शन के दौरान लोगों ने चंदा भी करत किया और कहा कि आज के प्रदर्शन में जमा की गई। चंदा की राशि को अथॉरिटी में जल्द ही जमा कराया जाएगा।

अगर अथॉरिटी इस पर कार्यवाही नही करेगी तो आगे भी लोग शांति पूर्वक अपनी मांगे इसी तरह रखते रहेंगे। प्रदर्शन में टेक जोन 4 निवासी अतानू, प्रवीण कुमार, अंकुर, प्रदीप, जय गुप्ता, कन्हैया, राज नारायण, कुणाल, राजन राजेश, प्रदीप, अवनीश वर्मा, राहुल, विकाश कटियार आदि लोग मौजूद रहे।

## रजिस्ट्री की मांग को लेकर धरना जारी

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में लगातार 24वें रविवार को घर खरीदारों ने एक साथ कई सोसाइटियों में विरोध प्रदर्शन किया। खरीदारों ने पज़ेशन देने और रजिस्ट्री की मांग उठाई। साथ ही बुनियादी सुविधाएं तक नहीं मिलने पर नाराजगी जताई। खरीदारों का कहना है कि मेंटेनेंस के नाम पर अब बिल्डर लूट रहा है। पार्किंग के नाम पर लाखों की लूट हो रही है। आंदोलन में अहम भूमिका निभा रहे मिहिर गौतम ने कहा है कि लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है और ये पूरा इलाका परेशानी के शहर में तब्दील हो गया है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# गर्मी में प्रदूषण रोकने को एक्शन आज से

## राजधानी में सात विभागों की 231 पेट्रोलिंग टीमें दिन में और 186 टीमें रात में करेंगी गश्त



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

गर्मी के दिनों में होने वाली प्रदूषण की समस्या को कम करने के लिए समर एक्शन प्लान सोमवार से शुरू हो रहा है। एक महीने तक चलने वाली इस मुहिम में 14 बिन्दुओं में से 2 पर धूल से होने वाले प्रदूषण और खुले में कचरा चलाने पर तत्काल कड़ाई से रोक लगाने के आदेश दिए गए हैं।

दिल्ली सरकार को भरोसा है कि इन दोनों का सख्त से पालन करने पर गर्मियों के मौसम में होने वाले प्रदूषण में काफी हद तक गिरावट दर्ज की जाएगी। साथ ही लैंडफिल साइट्स पर 24 घंटे कड़ी निगरानी के लिए दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति और दिल्ली नगर निगम को भी निर्देश दिए गए हैं।

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय के अनुसार समर एक्शन प्लान के तहत दिल्ली 15 मई से 15 जून तक राष्ट्रीय राजधानी में एंटी ओपन बर्निंग अभियान शुरू करेगी। इसके तैयारी पूरी कर ली गई है।

इस मुहिम में 7 विभागों की 231 पेट्रोलिंग टीम दिन में और 186 टीमें रात में गश्त करेंगी और धूल प्रदूषण और कचरा जलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करेंगी। गर्मियों के मौसम में होने वाले प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए 1 मई को समर एक्शन प्लान की घोषणा की थी। जिसके आधार पर संबंधित विभागों ने इसे जमीन पर लागू करने के लिए कार्य शुरू कर दिया है। इसी दिशा में आगे बढ़ते समर एक्शन प्लान के तहत एंटी ओपन बर्निंग अभियान को 15 मई से शुरू करने का निर्णय लिया गया है।

यह टीमें 24 घंटे खुले में कचरा जलाने की घटनाओं की निगरानी और उसे रोकने का काम करेंगी।

जिसकी रिपोर्ट समय-समय पर पर्यावरण विभाग को दी जाएगी।

### लैंडफिल साइट्स पर विशेष ध्यान

लैंडफिल साइट्स पर विशेष ध्यान देने के लिए चौबीस घंटे कर्मियों की तैनाती और सीसीटीवी लगाने को का गया है। फायर टेंडर की तैनाती की जाएगी। अनधिकृत व्यक्तियों और कूड़ा बीनने वालों के प्रवेश पर पाबंदी रहेगी। नो स्मोकिंग जोन घोषित करना और वहाँ के तापमान की लगातार निगरानी करना शामिल है।

## गर्मी ढा रही सितम, दो दिन बारिश की आस

● लगातार दो दिनों से तापमान 40 डिग्री पार, सुबह से ही सताने लगी गर्मी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



मां के आंचल से धूप से बचाव। फोटो: रंजन डिमरी

राजधानी में लगातार दूसरे दिन अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। इस वजह से दिल्ली भीषण गर्मी की चपेट में है। रविवार को भी गर्मी की चुभन बरकरार रही। दिनभर तेज धूप खिली रही। खास बात यह कि अधिकतम के बाद अब न्यूनतम तापमान भी बढ़ने लगा है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि ऐसा ही मौसम सोमवार को भी बना रहेगा जबकि मंगलवार को बूंदाबांदी या हल्की वर्षा हो सकती है। जिसके चलते बुधवार और बृहस्पतिवार को अधिकतम तापमान में दो डिग्री तक की गिरावट आनेकी संभावना है।

राजधानी दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में रविवार सुबह से ही तेज चमकदार धूप निकली। दिन चढ़ने के साथ ही धूप भी तीखी और तेज हो गई। इसके चलते अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री ज्यादा 40.9 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री ज्यादा 25.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 30 से 60 प्रतिशत तक रहा। स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स दिल्ली का सबसे अधिक गर्म इलाका रहा, जहां का अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 30.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड हुआ। शनिवार की तरह रविवार को भी मौसम विभाग का पूर्वानुमान था कि तेज धूल भरी आंधी चलेगी। लेकिन दोनों ही दिन यह पूर्वानुमान गलत साबित हुआ। सोमवार के लिए मौसम विभाग का अनुमान है कि आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है। अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमश: 42 और 24 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। दूसरी तरफ मंगलवार को तेज हवा के साथ हल्की वर्षा होने के भी आसार बन रहे हैं। पूरे सप्ताह दिन का तापमान 41 से 42 और सुबह का तापमान 24 से 25 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

साथ ही दिल्ली फायर सर्विस और वन विभाग को इस सन्दर्भ में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए है।

लैंडफिल साइट्स पर आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए एक एसओपी भी तैयार की गई है। इस एसओपी को कड़ाई से लागू करने के निर्देश दिए गए है, ताकि लैंडफिल साइट्स पर आग की घटनाएं रोकी जा सकें। साथ ही लैंडफिल साइट्स पर आग की घटनाओं को रोकने के लिए डीपीसीसी और एमसीडी को साइट्स की लगातार निगरानी करने के लिए कहा गया है।

# भाजपा की महिला सांसदों से समर्थन जुटाएंगे पहलवान

● आईओए का फैसला न्याय के लिए हमारी लड़ाई में जीत का पहला कदमः बजरंग

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



पत्रकारों से बात करती साक्षी मलिक व साथ में बजरंग पुनिया।

जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर रहे पहलवानों ने ऐलान किया है कि सोमवार से सत्ता पक्ष की सभी महिला सांसदों को हाथ से या ई-मेल के जरिए पत्र देकर इस लड़ाई में समर्थन मांगेंगे। उन्होंने कहा, जब वे देश में महिलाओं की सुरक्षा की बात करते हैं तो हम भी उनकी बेटियां हैं और उन्हें सामने आकर हमारा समर्थन करना चाहिए।

वहीं रविवार को भारतीय कुश्ती महासंघ की सभी गतिविधियों की जिम्मेदारी लेने के भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के फैसले को डब्ल्यूएफआई के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ अपनी लड़ाई का पहला कदम करार दिया। आईओए ने 12 मई को डब्ल्यूएफआई के महासचिव से सभी आधिकारिक दस्तावेज उसकी तदर्थ समिति को सौंपने के लिए कहा है जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि महासंघ के संचालन में निवर्तमान पदाधिकारियों की कोई भूमिका नहीं रहे। इस बीच टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता बजरंग ने कहा, यह (मौजूदा डब्ल्यूएफआई को भंग करना) न्याय के लिए हमारी लड़ाई का पहला कदम है।

हमारी लड़ाई सही दिशा में शुरू हुई है, यह हमारी जीत है। हम यह तब तक जारी रखेंगे, तब तक लड़ेंगे जब तक हमें न्याय नहीं मिल जाता। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश ने अफसोस जताया कि सत्तारूढ़ दल के एक भी सांसद ने महिलाओं के सम्मान की हमारी इस लड़ाई में समर्थन देने के लिए पहलवानों से मुलाकात नहीं की। विनेश ने जंतर-मंतर पर एकत्रित लोगों से 16 मई को अपने-अपने जिला मुख्यालय में जाकर पहलवानों के समर्थन में ज्ञापन देने का अनुरोध भी किया। वनेश ने कहा, हमारा समर्थन करने वाले लोगों से हम महिलाओं के सम्मान के लिए सिर्फ एक दिन के लिए सत्याग्रह आंदोलन करने का अनुरोध करते हैं। आईओए की तीन सदस्यीय तदर्थ समिति ने स्पष्ट कर दिया है कि डब्ल्यूएफआई के नए पदाधिकारियों के चुनाव की प्रक्रिया 45 दिन की समय सीमा के भीतर पूरी कर ली जाएगी और निर्वाचित निकाय को प्रभार वापस सौंप दिया जाएगा।

एक अधिकारी ने मीडिया से बातचीत में बताया कि चुनाव होने के बाद प्रशासनिक शक्तियां डब्ल्यूएफआई के पास चली जाएंगी। नवनिर्वाचित अधिकारी इस महासंघ का संचालन करेंगे।

### ईमेल के माध्यम से भी पत्र भेजेंगे

*विनेश ने कहा, प्रदर्शनकारी पहलवान सत्ता पक्ष की महिला सांसदों को एक खुला पत्र लिख रहे हैं और उनके साथी पहलवान उन पत्रों को हाथ से वितरित करेंगे। वे ईमेल के माध्यम से भी पत्र भेजेंगे। उन्हें लगता है कि उनकी आवाज, शिकायतें अभी तक उन तक नहीं पहुंची हैं। महिला सांसदों को पत्र मिलने के बाद वे पहलवानों का समर्थन करेंगी।*



# छेनू गैंग का शूटर गिरफ्तार



छेनू गैंग के शार्प शूटर मोहित चौहान पुलिस गिरफ्त में।

● मोहित चौहान पर हत्या, लूट और डकैती के 19 मामले हैं दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उत्तरी दिल्ली के सिविल लाइंस इलाके में इस महीने हुई डकैती और हत्या की वारदात के मामले में छेनू गैंग के शार्प शूटर मोहित चौहान को गिरफ्तार किया है।

चौहान पर दिल्ली के विभिन्न थानों में हत्या, लूटपाट और डकैती जैसे संगीन मामलों समेत 19 आपराधिक केस दर्ज है। आरोपी के कब्जे से वाददात में इस्तेमाल मोबाइल फोन और गुलाबी बाग डकैती के पैसों से खरीदी गई एक मोटरसाइकिल बरामद किया है।

विशेष पुलिस आयुक्त रवींद्र सिंह यादव ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि चौहान सिविल लाइंस इलाके में हुई डकैती और हत्या के मामले में मुख्य शूटर है। वह उत्तर प्रदेश में अलीगढ़ जिले के भोगपुर गांव में रह रहा है। इस जानकारी पर अपराध शाखा की टीम ने बुलंदशहर-अलीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर राजपूताना ढाबे के पास जाल बिछाया। संदिग्ध अपने रिश्तेदार से मिलने के लिए बाइक पर आया था। इसी दौरान उसे दबोच लिया गया।

### हथियार तस्कर पकड़ा 10 पिस्टल बरामद

***नई दिल्ली।** स्पेशल सेल ने अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का भंड़ाफोड़ करते हुए एक तस्तर की गिरफ्तार किया है। इसके पास से 10 पिस्टल बरामद किए गए हैं, जिसे मध्य प्रदेश से लाकर दिल्ली में बदमाशों की सप्लाई किया जाना था, लेकिन पुलिस ने समय पर जाल बिछाकर उसे हथियार सहित दबोच लिया। गिरफ्तार हथियार तस्कर की पहचान एमपी के सतना जिले के निवासी शिवम के रूप में हुई है।*

# यूपी निकाय चुनाव में आप का प्रदर्शन उत्साहजनक : सिंह

● पार्टी के 4 नगर पालिका अध्यक्ष, 7 नगर पंचायत चेयरमैन और करीब 100 वार्ड सदस्यों ने जीत दर्ज की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



राज्यसभा सदस्य व उत्तर प्रदेश के प्रभारी संजय सिंह

उत्तर प्रदेश नगर निकाय चुनाव के शनिवार को आए परिणामों से आम आदमी पार्टी उत्साहित है। पार्टी ने 4 नगर पालिका अध्यक्ष व 7 नगर पंचायत चेयरमैन के पदों पर और 100 से ज्यादा वार्डों में जीत दर्ज की है। साथ ही, आप को कांग्रेस से भी ज्यादा वोट मिले हैं। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल जल्द ही उत्तर प्रदेश का दौरा करेंगे और पार्टी को समर्थन देने के लिए जनता का धनबाद करेंगे।

राज्यसभा सदस्य व उत्तर प्रदेश के प्रभारी संजय सिंह ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आम आदमी पार्टी का कुनबा देश भर में बढ़ रहा है। यूपी में जब भी आम आदमी पार्टी चुनाव लड़ती थी, तो जनता का बहुत ज्यादा समर्थन नहीं मिलता था। लेकिन इस बार नगर निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी की बहुत ही उत्साहजनक और शानदार एंट्री हुई है।

इस चुनाव में लोगों ने बदलाव की राजनीति को वोट देने का श्रीगणेश किया है। निकाय चुनाव में पूरी यूपी में लोगों ने झाड़ू चलाई है। सिंह ने कहा कि निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी ने सिर्फ काम की बात जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, तीर्थ यात्रा समेत काम के अन्य मुद्दों पर चर्चा की। पंजाब के सीएम भगवंत मान की सरकार ने पंजाब में जो काम किया है, उसकी भी चर्चा की। कोई सांप्रदायिकता, नफरत, जाति धर्म की राजनीति नहीं की, सिर्फ काम की राजनीति की।

नगर पालिका को हम कैसे बेहतर कर सकते हैं, उसके बारे में हमने बातचीत की। उत्तरप्रदेश में नगर पालिकाओं की क्या ताकत होती है, सभी जानते हैं। वहां पार्षद या सभासदों के जरिए नगर पालिका के चेयरमैन नहीं चुने जाते हैं।

# जनचेतना सभा में भाजपा ने गिनाईं नाकामियां

● एक के बाद एक हो रहे घोटाले को उजागर करने का आंदोलन जारी रहेगा : सचदेव

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के बीच सियासी घमासान जारी है। विपक्षी पार्टी अब आप को सोशल मीडिया से लेकर सड़कों तक घेरने में जुटी है। इसकी कड़ी में भाजपा ने रविवार को 7 विधानसभा में जनचेतना सभाएं और 135 स्थानों पर लघु फिल्म झूका कहीं का प्रदर्शन कर केजरीवाल सरकार की नाकामियों और कथित भ्रष्टाचार के बारे में लोगों को बताया।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेव ने बवाना एवं रिठाला जनसभाओं का कि केजरीवाल सरकार पूरी तरह से नाकाम है। दिल्ली देहात एवं अंधिकृत कॉलोनियों के विकास पर बिल्कुल काम नहीं किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा, आप सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष और तेज करेगी। नेता प्रतिपक्षा रामवीर सिंह बिधूड़ी ने दावा किया कि सरकार वादे सिर्फ कागजों एवं विज्ञापनों तक ही सीमित होते हैं। केन्द्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कहा कि केंद्र सरकार प्रगति मैदान टनल, महिपाल गुरूग्राम टनल, धौला कुआं इंटरेक्शन विकास जैसी योजनाओं से सड़क का मूलभूत ढ़ांचा मजबूत कर रही है।

### बोर्ड परीक्षा में फेल छात्रा का शव नाले में मिला

**नई दिल्ली।** सीबीएसई की 12वीं बोर्ड परीक्षा में दो विषयों में अनुत्तीर्ण होने के बाद से लापता हुई एक छात्रा का शव एक नाले से बरामद किया गया है। सीबीएसई के परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद शुक्रवार को दोपहर करीब साढ़े तीन बजे पीड़िता अपने घर से लापता हो गई थी।

पिता ने पुलिस को बताया था कि लड़की दो विषयों में अनुत्तीर्ण होने के बाद से उदास थी और उसने घर से भागने से पहले एक पत्र छोड़ा था। इसके बाद पुलिस नियंत्रण कक्ष को सूचित किया गया और लड़की को खोजने के लिए व्यापक तलाशी अभियान शुरू हुआ। सभी एसएचओ को वायरलेस संदेश भेजे गए, लेकिन लड़की का पता नहीं चल सका।

## संक्षिप्त समाचार



विपक्षी एकता को मजबूत करने की कवायद तेज करने के लिए आदित्य ठाकरे ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की।

### राजेंद्र नगर को जल्द मिलेगा चंद्रावल प्लांट से पानी

**नई दिल्ली।** राजेन्द्र नगर में पहली बार पानी का इंफ्रास्ट्रक्चर बदला जाएगा। जिसके बाद क्षेत्र के लोगों को सीधे चंद्रावल प्लांट से पानी मिलेगा। विधायक दुर्गेश पाठक ने कहा कि जब वह राजेंद्र नगर विधानसभा का चुनाव लड़े थे तो लोगों से कई वादे किए थे। जिसमें एक वादा यह भी था कि इलाके में पानी की समस्या को दूर करेंगे। पाइप बदलने का काम जापान इंटरनेशन कॉपरेशन एजेंसी, जिंदल वाटर इंफ्रास्ट्रक्चर और दिल्ली जल बोर्ड मिलकर इस परियोजना पर काम कर कर रहे हैं।

### पार्षद पवन सहरावत फिर आप में शामिल



**नई दिल्ली।** बवाना वार्ड से पार्षद पवन सहरावत फिर से आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए हैं। राजेंद्र नगर के विधायक दुर्गेश पाठक ने टोपी और पटका पहनाकर सहरावत को पार्टी में शामिल किया। पवन आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी के रूप में बवाना सीट से दूसरी बारचुनाव जीते हैं। लेकिन फरवरी में संगठनात्मक गलतफहमियों के चलते वह भाजपा में चले गए थे लेकिन फिर से आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए है। दुर्गेश पाठक ने कहा कि केजरीवाल सरकार द्वारा स्कूल, अस्पताल, बिजली, पानी, सड़क और वाईफाई समेत तमाम क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों से प्रभावित होकर लगातार लोग आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। इसी क्रमें पवन सेहरावत आप में फिर लौट आए हैं।

### कोर्ट ने एसआई को दिल्ली दंगा केस की जांच से हटाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों से जुड़े एक मामले में लापरवाह तथा अनुचित आचरण के लिए एक पुलिस अधिकारी को जांच से हटा दिया तथा जांच के मूल्यांकन के लिए मामले को पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा के पास भेज दिया।अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला खजूरी खास थाने में कुछ लोगों के खिलाफ दंगा, चोरी, लूट और आगजनी समेत विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज एक मामले की सुनवाई कर रहे थे।न्यायाधीश ने पिछले सप्ताह जारी एक आदेश में कहा, मैं इस मामले में पुलिस आयुक्त को उपनिरीक्षक विपिन कुमार द्वारा की गई जांच तथा तथ्यों की गलत जानकारी अपने उच्च अधिकारियों को देने के उनके आचरण के मूल्यांकन का आदेश देता हूं। इस मामले में 10 शिकायतें जोड़ी गई थी और अदालत ने एक मई को प्रत्एक घटना के समय के साथ ही संबंधित सबूत देने के लिए पुलिस उपायुक्त (उत्तर-पूर्व) से जवाब मांगा था।

# मासूम की एम्स अस्पताल में मेटल-फ्री स्पाइन फिक्सेशन सर्जरी

## एशिया का पहला और दुनिया दूसरा सबसे कम उम्र के बच्चे का हुआ ऑपरेशन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के डॉक्टरों ने छह माह के शिशु की उसकी मां के अस्थि निरोपण का इस्तेमाल कर सफलतापूर्वक मेटल-फ्री स्पाइन फिक्सेशन सर्जरी की, जिससे वह ऐसी सर्जरी कराने वाला एशिया का सबसे कम उम्र का बच्चा बन गया है।

एम्स ने एक बयान में कहा कि शिशु को गत वर्ष 10 जून को 15 घंटे तक चली सर्जरी के बाद 11 महीनों तक वेंटीलेटर पर रखा गया और 10 मई को उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। एम्स में न्यूरोसर्जरी के प्रोफेसर डॉ. दीपक गुप्ता ने बताया कि शिशु को एक अन्य अस्पताल में सामान्य प्रसव के दौरान रीढ़ की हड्डी तथा ब्रेकियल प्लेक्सस में चोट लगी थी। जन्म के समय उसका वजन 4.5 किलोग्राम था। जन्म के बाद बच्चे को ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया और उसे एस्पिरेशन निमोनिया से पीड़ित बताया गया था।डॉ. गुप्ता ने कहा, मई 2022 में जब पांच महीने की उम्र में उसे हमारे पास लाया गया था तो उसकी श्वसन प्रणाली खराब हो गई थी तथा तीनों अंगों (बाएं ऊपरी और निचले अंग, दाएं निचले अंग) में गतिविधि कम हो गई थी। जांच में पता चला कि उसकी रीढ़ की हड्डी में चोट है तथा ग्रीवा रीढ़ अपने स्थान से हट गई है। उन्होंने कहा, इतने छोटे बच्चों की रीढ़ की हड्डी का मेटल प्रतिरोपण लगभग असंभव था जिसके बाद मां ने अपनी इलियाक क्रेस्ट हड्डी का एक हिस्से अपने बच्चे को देने पर सहमति जताई। उन्होंने बताया कि इतनी कम उम्र में ज्यादातर हड्डियां नरम, आकार में इतनी छोटी होती हैं कि उन्हें मेटल स्क्रू या रॉड से ठीक नहीं किया जा सकता। बच्चे और मां की सर्जरी एक साथ की गई। दिलचस्प बात यह है कि मां का ब्लड ग्रुप बी पॉजीटिव है और शिशु का ए पॉजीटिव है लेकिन अस्थि निरोपण में कोई दिक्कत नहीं आई।डॉ. गुप्ता ने कहा, अब तक प्रकाशित जानकारी के अनुसार यह एशिया का सबसे कम उम्र का और दुनिया का दूसरा सबसे कम उम्र का बच्चा है जिसकी सर्वाइकल स्पाइन फिक्सेशन सर्जरी हुई है। अस्पताल ने एक बयान में कहा कि बच्चा अपने माता-पिता से अच्छी तरह संवाद कर रहा है, खा-पी रहा है और सर्जरी के बाद उसके स्वास्थ्य में सुधार दिखा है।

### खाने की नली से सबसे बड़ा ट्यूमर निकाला

**नई दिल्ली।** सर गंगाराम अस्पताल के गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी विभाग के चिकित्सकों ने भोजन नली में फंसे सबसे बड़े ट्यूमर को निकालकर मरीज की जान बचाई है। सर गंगा राम अस्पताल में एक 30 वर्षीय पुरुष को निगलने में कठिनाई की वजह से अस्पताल लाया गया। जांच में उसे खाने की नली में उभरा हुआ 6.5 सेंटीमीटर के आकार का ट्यूमर पाया गया। सर गंगाराम अस्पताल के डॉक्टर प्रोफेसर अनिल अरोड़ा, चेयरमैन, इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी ने बताया, 'हमने हाल ही में भोजन नली (एसोफेजियल लेयोमायोमा) से एक बड़ा सबम्यूकोसल ट्यूमर (आकार में 6.5 सेंटीमीटर) निकाला है। लुमेन यानि खाने की नाली का घेरा डिस्पैगिया यानि खाना अटकने का कारण बनता है। उन्होंने कहा कि भारत में एंडोस्कोपिक रूप से निकाले गए सबसे बड़े ट्यूमर में से एक था।

# पूरे हरियाणा में स्वास्थ्य सेवा का मॉडल बनेगा कैनविन : राज्यपाल

बंडारू दत्तात्रेय ने उद्घाटन कर दिया गुरुग्राम को कैनविन आरोग्य धाम

कहा, गोयल परिवार की निःस्वार्थ सेवा भावना देखकर उद्घाटन में आया



गुरुग्राम में कैनविन आरोग्य धाम का उद्घाटन करते हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, साथ में महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव, डा. डीपी गोयल, नवीन गोयल व अन्य अतिथि।

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**उम्मीद** स्वस्थ भारत की लेकर चल रहे कैनविन फाउंडेशन का मान और सम्मान रविवार को उस समय कई गुणा बढ़ गया। जब हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि डा. डीपी गोयल और नवीन गोयल गुरुग्राम में स्वास्थ्य के लिए अच्छा काम कर हैं।

उन्होंने कहा कि सामान्यत: कोई राज्यपाल किसी निजी कार्यक्रम में नहीं जाते, लेकिन गोयल परिवार की नि:स्वार्थ सेवा भावना को देखकर उन्होंने कैनविन आरोग्य धाम के उद्घाटन में आने का निर्णय लिया। वे रविवार को यहां द्रोणाचार्य कालेज में कैनविन आरोग्य धाम (मल्टीस्पेशलिटी चैरिटेबल हेल्थ केयर सेंटर) के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि कैनविन आरोग्य धाम अस्पताल का उद्घाटन करके उन्हें खुशी हो रही है। वे डीपी गोयल, नवीन गोयल का अभिनंदन करते हैं। उन्होंने गोयल बंधुओं की माताजी स्व.श्रीमती अंगूरी देवीजी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि माताजी की प्रेरणा से उन्होंने इस क्षेत्र में काम करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि शिक्षालय, चिकित्सालय और देवालय ये तीनों अच्छे होंगे तो देश अच्छा होगा। उन्होंने पंडाल में मौजूद हजारों लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोई रोगी ना बने, इसके लिए हमें अपने स्तर पर थोड़ा योगदान देना चाहिए। रोज एक घंटा वॉक करें। प्रधानमंत्री ने भी फिट इंडिया कार्यक्रम शुरू किया। विशेषकर महिलाओं से उन्होंने आग्रह किया कि वे फिट रहें। वे फिट रहेंगी तो देश फिट रहेगा। राज्यपाल ने कोविड के समय में देश की 130 जनता को टीका लगाने के कार्य को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यकुशलता को सराहा। उसी से सीख लेकर देश में आयुष्मान भारत योजना समेत कई स्वास्थ्य योजनाएं शुरू की गई।

हरियाणा में चिरायु योजना मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शुरू की। राज्यपाल ने महंगी चिकित्सा सेवाओं का जिक्र करते हुए कहा कि आज अस्पताल में उपचार महंगा हो गया है। कैंसर, हृदय के रोगियों के इलाज में संपत्ति तक बिक जाती है। खुशी है कि कैनविन इन बीमारियों का इलाज भी कम खर्च में करेगा। उन्होंने कहा के कैनविन केवल गुरुग्राम ही नहीं, बल्कि पूरे हरियाणा में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में मॉडल बनेगा।

### भाषण देते हुए भावुक हुए स्वामी धर्मदेव

**समारोह** में बोलते हुए महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव ने कहा कि हमारे जीवन का संकल्प हो कि यहां कुछ अलग करके जाना है। इस तरह के संकल्प को डा. डीपी गोयल, नवीन गोयल पूरा कर रहे हैं। माता स्व. श्रीमती अंगूरी देवी व पिता स्व. श्री जयकिशन गोयल को नमन करते हुए स्वामी जी ने कहा कि आज ये दोनों पवित्र आत्माएं भी गौरवान्ति हो रही होंगी, जिन्होंने ऐसे बच्चों को जन्म दिया जो समाज के लिए अपना जीवन लगा रहे हैं। भावुक होकर उन्होंने कहा कि समाज के हर माता-पिता अपने बच्चों को ऐसे संस्कार दें जो इन्हें मिले हैं।

### पूर्व सांसद सुधा यादव ने सांझा किए संस्मरण

**समारोह** में पूर्व सांसद डा. सुधा यादव ने उस समय को स्मरण किया, जब गोयल बंधुओं की माता अंगूरी देवी व उनकी मां एक ही अस्पताल में भर्ती थीं। माता अंगूरी देवी के निधन से सांसारिक जीवन में भले ही इनकी माता जी नहीं रही, लेकिन दोनों भाईयों ने मां की बीमारी को, मां के विचारों को प्रेरणा बनाकर काम किया। उसी प्रेरणा का फल आज यह कैनविन आरोग्य धाम और शहर में बनाए गए पॉलीक्लीनिक हैं। समारोह में आरएसएस के सह-प्रांत संघ चालक प्रताप यादव ने कहा कि राष्ट्र के लिए जीवन लगाने वालों का अनुसरण होना चाहिए। ऐसा करना जरूरी है।

### आयुष्मान, चिरायु योजना को भी करें शामिल

**सिविल** सर्जन डा. विरेंद्र यादव ने कैनविन के इस नए पड़ाव की गोयल बंधुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दोनों भाईयों की अच्छाई सबके सामने है। स्वास्थ्य विभाग को इन्होंने एक शव वाहन उपलब्ध कराया, इसके लिए वे इनके आभारी हैं। आज इनसे गुजारिश, प्रार्थना करता हूं कि ये आयुष्मान भारत, चिरायु योजना को भी पहले दिन से ही कैनविन आरोग्य धाम में शुरू करें, ताकि गरीबों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कैनविन आरोग्य धाम में आने वाले पहले 21 मरीजों की ओपीडी फीस दी। कैनविन के संस्थापक डा. डीपी गोयल ने कहा कि जिस सच्चाई के साथ कैनविन की शुरुआत की गई, अपनी आखरी सांस तक ऐसे ही लगे रहेंगे। नवीन गोयल ने कहा कि कैनविन कोई भी काम शुरू करेगा तो उसे पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता से करेगा। हमारा पूरा जीवन गुरुग्राम को बिना किसी भेदभाव के समर्पित है।

## गुरुग्राम में वाइन शॉप में आग से 5 करोड़ की शराब हुई स्वाहा



गोल्फ कोर्स रोड पर एक वाइन शॉप में लगी आग व आग में जली शराब की बोतलें।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गोल्फ कोर्स रोड पर द लीकर फोर्ट में लगी भीषण आग

**मिलेनियम** सिटी गुरुग्राम में किसी शराब की दुकान में पहली बार इतनी भीषण आग लगी कि उसमें 5 करोड़ रुपये की शराब जलकर स्वाहा हो गई। दमकल विभाग के तमाम प्रयासों के बाद भी किसी सामान को बचाया नहीं जा सका। घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। तब तक वाइन शॉप में कुछ नहीं बचा था।

जानकारी के अनुसार यहां गोल्फ कोर्स रोड पर द लीकर फोर्ट नाम से एक शराब की बड़ी दुकान थी। किन्ही कारणों से इसमें आग लग गई। जब तक कोई कुछ समझ पाता, आग पूरी तरह से वाइन शॉप में फैल गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग का का स्टाफ गाड़ियों को लेकर मौके पर पहुंचा और आग बुझानी शुरू की। आग इतनी भयंकर लगी थी कि आसमान की तरफ आग और धुएं के गुब्बार उठ रहे थे। काफी समय तक तो दमकल कर्मियों को आग दूर से ही बुझानी पड़ी। क्योंकि आग की लपटों के कारण यहां खतरा भी अधिक था। आग की तपन से दमकल कर्मी वाइन शॉप के नजदीक भी नहीं जा पा रहे थे। आग बुझाने के सभी तरह से प्रयास कर्मचारी करते रहे। एक के बाद एक काफी गाड़ियों मौके पर पहुंची।

सात दमकल गाड़ियों से कर्मचारियों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दमकल विभाग के अधिकारियों से मिली सूचना के अनुसार इस आग से वाइन शॉप में पांच करोड़ रुपये की शराब जल गई है। आग किस कारण से लगी, इसका अभी पता नहीं चल पाया है।

## दूसरों को अच्छा बनाने से पहले खुद का अच्छा बनना है जरुरी: बीके आशा



ओम शांति रिट्रीट सेंटर में मदर्स डे कार्यक्रम में मौजूद बीके बहनें और सदस्यगण।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**ब्रह्माकुमारीज** के बिलासपुर क्षेत्र स्थित ओम शांति रिट्रीट सेंटर में मदर्स डे के अवसर पर मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे व संस्था से जुड़े सदस्य तथा गणमान्य व्यक्ति भी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

केंद्र की निदेशिका राजयोगिनी बीके आशा ने कहा कि दूसरों को अच्छा बनाने से पहले खुद का अच्छा बनना जरूरी है। वास्तव में हमारा मूल स्वरूप बहुत शुद्ध है, लेकिन स्वयं का ज्ञान न होने के कारण हमें अशांति का अनुभव होता है। उन्होंने कहा कि हार में कभी भी निराश नहीं होना चाहिए, अपितु हार को भी सफलता की सीढ़ी समझना चाहिए। माता-पिता का आशीर्वाद और दुआएं ही व्यक्ति को आगे बढ़ाती हैं। सच्चाई और सफाई ही जीवन को महान बनाती हैं। सत्यता का मार्ग परमात्मा तक जाता है। इसलिए कहा भी जाता है कि सत्य ही भगवान है। डॉ. रूप सिंह ने कहा कि आज भौतिक रूप से तो जीवन बेहतर हुआ है लेकिन पारिवारिक और नैतिक मूल्यों का ह्रास हो गया है। डॉ. मंजु गुप्ता ने कहा कि अपनी जड़ों से जुड़े रहना जरूरी है। आध्यात्मिक सशक्तिकरण से ही अपनी सांस्कृतिक विरासत को कायम रख सकते हैं। बीके सुबदा ने कहा कि जीवन में सकारात्मक सोच जरूरी है जो कि योग के निरंतर अभ्यास से ही आती है। बीके रवि का कहना है कि अभिभावकों को बच्चों के साथ मित्रता का व्यवहार करना चाहिए। पारिवारिक मूल्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में अनेक अभिभावकों और बच्चों ने अपने मन की बात रखी। कार्यक्रम का संचालन बीके फाल्गुनी ने सफलता से किया।

## भाजपा प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब से सरपंच सुंदर लाल ने की शिष्टाचार भेंट

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



भाजपा प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब से मुलाकात करते सरपंच सुंदर लाल यादव।

**भारतीय** जनता पार्टी हरियाणा के प्रभारी एवं त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब से उनके दिल्ली स्थित आवास पर पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुंदर लाल सरपंच ने शिष्टाचार भेंट की। उनके साथ राजनीतिक चर्चाएं भी की। उन्हें उपहार स्वरूप हुक्का भी भेंट किया।

सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि हरियाणा के प्रभारी के रूप में बिप्लब कुमार देब जब से आए हैं, पार्टी को मजबूती मिली है। एक तरफ प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ पार्टी का कुनबा बढ़ाने में दिन-रात एक कर रहे हैं, दूसरी तरफ बिप्लब कुमार देब प्रभारी के रूप में संगठन को एकजुट करते हुए भविष्य की योजनाओं पर प्रभावी तौर पर काम कर रहे हैं। वर्तमान में प्रदेश, देश में भारतीय जनता पार्टी ही ऐसा राजनीतिक संगठन है, कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, नेताओं के साथ एकजुटता से काम करते हुए लगातार मजबूत हो रहा है। पार्टी में हर कार्यकर्ता पंजीकृत है। बूथ स्तर से लेकर अध्यक्ष, प्रभारी स्तर तक हर कोई पार्टी को सर्वोपरि मानकर ही काम कर रहा है।

सुंदर लाल यादव ने कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन भारतीय जनता पार्टी है। इसलिए आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश भी दुनिया में मजबूती से खड़ा है। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों के अनुसार हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी तय है और सभी उस जिम्मेदारी को प्रमुखता से निभाते हैं। बिप्लब कुमार देब जब से प्रदेश प्रभारी नियुक्त हुए हैं, वे पार्टी की गतिविधियों को बखूबी पूरा करते हुए कार्यकर्ताओं से रूबरू होते रहते हैं। पार्टी के लिए काम करना ही सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि भाजपा में ऐसे ही नेताओं के बल पर पार्टी हर राज्य में मजबूती के साथ खड़ी है।

## संक्षिप्त समाचार

### रेस्टोरेंट में अवैध रूप से चलता अहाता पकड़ा

**सोहना।** शहर थाना पुलिस ने अंबेडकर बाईपास चौक के पास रेस्टोरेंट में अवैध रूप से चलाए जा रहे आहाते को सील किया। काउंटर संचालक समेत अहाता मालिक के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। शनिवार की रात को शहर थाना पुलिस गश्त करते हुए अंबेडकर बाईपास चौक पर पलवल वाले मार्ग पर बने लायंस डेन रेस्टोरेंट में 10-15 लोग अलग-अलग टेबल पर बैठकर बीयर व शराब पी रहे थे। उसी समय एएसआई धर्मेन्द्र, आबाकारी विभाग निरीक्षक महेन्द्र सिंह अपनी टीम के साथ रेंस्टोरेंट में पहुंचे। जहां पर रेस्टोरेंट का काउंटर चला रहा संदीप राठी निवासी गांव बिहलाका से मालिक का नाम व पता पूछा। संदीप राठी ने रेंस्टोरेंट मालिक का नाम पुष्पेंन्द्र निवासी भोगपुर मंडी बताया। काउंटर संचालक संदीप राठी से रेस्टोरेंट में बीयर व शराब पिलाने का लाइसेंस मांगा गया। लेकिन वह कोई सबूत पेश नहीं कर सका। पुलिस ने नामजद काउंटर चालक व मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### आज श्रद्धालु एकादशी व्रत रखकर विष्णु की करेंगे आराधना

**गुरुग्राम।** माह के 15-15 दिन में एकादशी आती है। एकादशी का व्रत पाप और रोगों को नष्ट कर देता है। आज श्रद्धालु एकादशी का व्रत रखकर भगवान विष्णु की पूरे विधि-विधान के अनुसार पूजा-अर्चना करेंगे। ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि एकादशी का व्रत रखने से जहां कई गुणा अधिक पुण्य मिलता है, वहीं परिवार में सुख-शांति बनी रहती है और धन-धान्य की भी वृद्धि होती है। कहा जाता है कि गोदान व अन्य दान करने से जितने पुण्य की प्राप्ति होती है, उससे अधिक पुण्य एकादशी के व्रत से प्राप्त होता है। यह व्रत रखने से पितर नीच योनि से मुक्त होते हैं और अपने परिवार वालों पर प्रसन्नता बरसाते हैं। उनका कहना है कि पूर्व काल में राजा नहुष, अंबरीष, राजा गाधी आदि जिन्होंने भी एकादशी का व्रत किया, उन्हें इस पृथ्वी का समस्त ऐश्वर्य प्राप्त हुआ। भगवान शिवजी ने नारद से कहा है कि एकादशी का व्रत करने से मनुष्य के सात जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं, इसमे कोई संदेह नहीं है। एकादशी के दिन किए हुए व्रत, गोदान आदि का अनंत गुणा पुण्य प्राप्त होता है।

### उधार वापस मांगने पर ट्रैक्टर चालक को दबंगों ने पीटा

**सोहना।** खंड के गांव कुलियाका में टैक्टर मालिक को उधार पैसा मांगने पर छह लोगों ने लात, घूसे, थप्पड़-मुक्का व डंडा से हमला करके हुए दांत तोड़ दिया। पीड़ित टैक्टर मालिक ने आरोपियों पर मोबाइल जबरन टैक्टर से नीचे उतारना और मोबाइल फोन छीनने के बाद जमीन पर फेंक कर तोड़ने का आरोप लगाया। सदर सोहना थाना पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। गांव खेड़ली लाला निवासी गुलशन ने पुलिस को बताया कि वह टैक्टर-ट्राली से मिट्टी का भरत करने का काम करता है। करीब एक साल पहले उसने पड़ोस के गांव कुलियाका निवासी सिराजुद्दीन के प्लाट पर मिट्टी का भरत किया था। लेकिन सिराजुद्दीन ने आज तक उसके पैसे नहीं दिए। 5 मई को उसने सिराजुद्दीन से अपने उधार रुपये मांगे थे तो उसने घर पर आकर ले जाने की बात कहते हुए अपने घर चला गया। 7 मई वह गांव सरमथला जाते समय में कुलियाका में सिराजुद्दीन के घर से निकल रहा था। उसने टैक्टर खड़ा करके सिराजुद्दीन के पास पैसे लेने चला गया। वहा पर पहले से बैठा सिराजुद्दीन, मुजाहिर, ताहीर, सकील, राहुल आदि ने पैसे मांगने पर उसके ट्रैक्टर पर डंडे बरसाते हुए क्षतिग्रस्त कर दिया। उसे टैक्टर से नीचे जबरन खिंचते हुए नीचे उतार लिया। उसके बाद सभी ने डंडे, लात, घूसे थप्पड-मुक्के मारते हुए उसकी बुरी हालत कर दिया। उसका एक दांत भी तोड़ दिया।

## अवैध पार्किंग से जनता परेशान, लग रहा जाम

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



सोहना में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल के साथ-साथ बनी अवैध पार्किंग में खड़े वाहन।

**स्थानीय** बाजारों में अवैध पार्किंग की संख्या दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है। जिससे शहर की सड़कों से लेकर बाजारों में जाम की समस्या समाप्त होने का नाम नहीं ले रही है। वहीं नगर परिषद प्रशासन शहर में अवैध पार्किंग से लेकर बाजारों में लग रहे जाम से मुक्त नहीं कर पा रही है।

शहर के किसी भी बाजार, आम रास्ता, सड़क और चौक-चौराहे पर चंद मिनट में एक बाद एक वाहन आगे पीछे लगने से अवैध पार्किंग का रूप ले लेती है। अवैध पार्किंग से बाजारों में जाम कब लग जाए। कितना लंबा या कितनी देर तक लगा सकता है। इसकी भविष्यवाणी नहीं की जा सकती। शहर के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल के बाहर से लेकर पुराना अलवर मार्ग, महाराजा अग्रसेन चौक, बाईपास चौक, सामान्य बस स्टैंड के सामने और बस स्टैंड से बाजार में आने वाला मार्ग, नागरिक अस्पताल मार्ग, अनाज मंडी परिसर, शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक, शिव कुंड के साथ बनी पुस्तकालय भवन के सामने और गुरुद्वारा मार्ग आदि पर अवैध पार्किंग बनी हुई है। ग्राहक बाजार में खरीददारी करने के लिए वाहनों में सवार होकर आते हैं। ग्राहक अपने वाहन के जहां चाहा वहां खड़ा कर दुकान व बाजार में खरीददारी करने चला जाता हैं।

**पार्किंग सुविधा के नाम पर नप हुई फेल :** नगर परिषद प्रशासन ने आज से करीब चार वर्ष पहले शहर को जाम से मुक्ति दिलाने की योजना अवैध पार्किंगों को समाप्त करके बनाई थी। इसके साथ शहर के राजीव गांधी पार्क, नागरिक अस्पताल मार्ग और सामान्य बस स्टैड परिसर में पार्किंग बनाने की योजना बनाई थी, लेकिन पुराना तहसील परिसर को छोड़ शहर में और कही पार्किंग नहीं बनाई है। परिषद प्रशासन अतिक्रमण और अवैध पार्किंग को समाप्त करने का भरस्क किए गए। इस संबंध में नगर परिषद का एक भी अधिकारी मीडिया के सामना आना पसंद नहीं कर रहा है।

## देशहित फिल्म दर्शक मंच ने लोगों को दिखाई द केरल स्टोरी फिल्म

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**लव** जिहाद व धर्मातरण को लेकर बनाई गई द केरल स्टोरी फिल्म को लेकर आमजन बड़ा उत्साहित दिखाई दे रहा है। हर कोई इस फिल्म को देखने के लिए उत्सुक है। देशहित फिल्म दर्शक मंच ने रविवार को गुड़गांव के सिनेपोलिस मल्टीप्लेक्स में तीनों शो बुक कराए थे।

मंच के संयोजक अजय सिंहल का कहना है कि विभिन्न क्षेत्रों के 500 से अधिक महिला-पुरुषों ने फिल्म को देखा और दर्शक इतने उत्साहित हुए कि सिनेमा हॉल में ही भारत माता की जय, वंदे मातरम का उद्घोष करते हुए दिखाई दिए। उनका कहना है कि मंच देशहित की फिल्मों को सामूहिक रुप से दिखाने का कार्य पिछले काफी समय से करता आ रहा है। सामूहिक रुप से फिल्म देखने का यह मंच का 9वां कार्यक्रम था। दर्शकों ने द केरल स्टोरी फिल्म की सराहना करते हुए कहा कि हर माता-पिता को अपने बच्चों को इस फिल्म को अवश्य दिखाना चाहिए, ताकि वे लव जिहाद, धर्मांतरण जैसे घृणित कार्यों से बच सकें।

उन्होंने बताया कि फिल्म देखने वाले गणमान्य व्यक्ति भाजपा के भानी राम मंगला, पूरन यादव लोहचब, रेणु पाठक, प्रतिमा मनचंदा, दीपक जैन, वीणा अग्रवाल, डॉ मुक्ता, डॉ रवि दत्त शर्मा, मीनाक्षी सक्सेना, बीके मिश्रा, देवेंद्र नेगी, देवेंद्र सिंह, तारा, सोनिया यादव, चेतन शर्मा, शिवानी, राम बहादुर सिंह आदि शामिल रहे। मंच की ओर से गणमान्य व्यक्तियों का सम्मान भी किया गया।

## गुच्ची ने भारतीय अभिनेत्री और निर्माता आलिया भट्ट को अपना नवीनतम ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**गुच्ची** अभिनेत्री, निर्माता और उद्यमी आलिया भट्ट को पहले भारतीय ग्लोबल एम्बेसडर के रूप में घोषित करते हुए गर्व महसूस कर रही है। आलिया भट्ट ने खुद को अपनी पीढ़ी की सबसे पसंदीदा और प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों में से एक के रूप में स्थापित किया है।

वे इंडियन फिल्म इंडस्ट्री में लगातार आगे बढ़ रही है। दुनिया भर में प्रशंसकों का दिल जीत रही है। फिल्म आरआरआर में एक प्रशंसित प्रदर्शन के बाद, नेटफ्लिक्स फिल्म डार्लिंग्स के लिए एक निर्माता के रूप में अपनी शुरुआत के बाद, गोल्डन ग्लोब्स 2023 में उन्हें द बेस्ट पिक्चर-नॉन इंगलिश लैंग्वेज के लिए नॉमिनेट किया गया। आलिया नेटफ्लिक्स के हार्ट ऑफ स्टोन में अभिनय करेंगी। 2022 में आलिया भट्ट को उनके फलते-फूलते करियर की कई स्वीकृतियों के बीच एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री और आगे भी उनके योगदान के लिए प्रतिष्ठित टाइम100 (Time100) इम्पैक्ट अवार्ड मिला। आत्म अभिव्यक्ति के पक्ष में उसकी शिक्षा और समकालीन समाज में आत्म-अभिव्यक्ति और समावेशिता के पक्ष में उनकी गतिविधि सोसायटी के मूल मूल्यों की बात करता है. रचनात्मक प्रतिभा की अगली पीढ़ी के भीतर सांस्कृतिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का भाव। गुच्ची आलिया भट्ट का स्वागत करती हैं और 16 मई, 2023 को सियोल में ग्योंगबोकगुंग पैलेस में हाउसेस के आगामी क्रूज 2024 फैशन शो के अवसर पर ग्लोबलब्रांड एंबेसडर के रूप में उनकी पहली उपस्थिति के लिए उत्सुक हैं।

## केंद्रीय मंत्री राव ने टीकली में विकास कार्यों का किया उद्घाटन

गांव में सड़क निर्माण के लिए सांसद निधि से 25 लाख रुपये देने की घोषणा

गांव की डिस्पेंसरी को अपग्रेड करके बनाया जाएगा पीएचसी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के गांव टीकली स्थित राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला में स्कूल के कमरा सहित अन्य विकास कार्यों का उद्घाटन करते केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह।

**केन्द्रीय** योजना, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह ने कहा कि टीकली उनका अपना गांव है। गांव का चहुंमुखी विकास करवाना हमारी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि टीकली गांव के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। वे रविवार को गांव टीकली स्थित राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला में आयोजित सम्मान समारोह में ग्रामीणों से सीधा संवाद कर रहे थे। गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने केंद्रीय राज्य मंत्री का पगड़ी और बड़ी फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने उद्योगों में रोजगार के लिए आरक्षण को लेकर हरियाणा सरकार का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने ग्रामीणों की भूमिगत जल स्तर और पेयजल संबंधी मांग पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भूमिगत जलस्तर की समस्या दक्षिणी हरियाणा सहित कई क्षेत्रों में है, यहां की अधिकांश जमीन उद्योगों को दी गई है, खेती बाड़ी की जगह फैक्टरियों ने ली है। लेकिन वे इस बात के लिए हरियाणा सरकार का शुक्रिया अदा करते हैं कि सरकार द्वारा उद्योगों में रोजगार के मामलों में स्थानीय लोगों को आरक्षण का प्रावधान किया। उन्होंने कहा कि गांव में जल संरक्षण को बढ़ावा देने और भूमिगत जल स्तर में सुधार के लिए भारत सरकार द्वारा अमृत सरोवर मिशन कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि ग्रामीणों की मांग के अनुरूप राजकीय स्कूल से लेकर बस स्टैंड तक का रास्ता का निर्माण कराया जाएगा। जिसके लिए उन्होंने सांसद निधि कोष से 25 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की। साथ ही गांव की डिस्पेंसरी को अपग्रेड करते हुए पीएचसी बनाया जाएगा।

**गांव टीकली में इन विकास परियोजनाओं का हुआ लोकार्पण :** इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री ने जिला विकास योजना के अंतर्गत 15 लाख 67 हजार रुपये की लागत से तैयार विकास कार्यों का उद्घाटन करते हुए ग्रामीणों को विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने गांव की राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला में जिला विकास योजना के तहत स्कूल मैदान में 6 लाख की लागत से ट्रायल लगवाना, 4 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित कमरा, डेढ़ लाख रुपये की लागत से तैयार शौचालय और साढ़े तीन लाख की लागत से निर्मित पक्की गली कार्यों का उद्घाटन करते हुए ग्रामीणों को समर्पित किया।

# स्टेशन के निकट क्लिंकर की मालगाड़ी से यात्रियों के साथ स्थानीय निवासी परेशान

## स्टेशन पर उड़ने वाली धूल से बीमारी बढ़ने का खतरा

## राजस्थान से लाकर दादरी, बुलंदशहर, सिंकदराबाद जैसे स्थानों को ट्रकों में भर कर ले जाया जाता है



पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**रेलवे** स्टेशन से सफर करने वाले हजारों दैनिक रेलयात्री तथा आईटीआई व अलावलपुर रेलवे क्रॉसिंग के समीप रेलवे लाइन के आसपास रहने वाले लोग यार्ड में उतरने वाली क्लिंकर (खंगर) की मालगाड़ी से खासे परेशान हैं। हर तीसरे-चौथे दिन यहां ये मालगाड़ी आती है, जिसे यहां खाली कर ट्रकों व डंफरों में भरकर यूपी के दादरी, बुलंदशहर व अन्य स्थानों तक पहुंचाया जाता है।

करीब 24 घंटे की इस प्रक्रिया में यहां उड़ने वाली धूल से होने वाला प्रदूषण लोगों की सांसें थाम देता है। पहले ट्रेन को यूपी के दादरी रेलवे स्टेशन पर उतारा जाता था। जब वहां के निवासियों ने इससे होने वाले प्रदूषण के चलते विरोध के स्वर बुलंद किए तो इस ट्रेन को पलवल शिफ्ट कर दिया गया। अब स्थानीय नागरिकों तथा दैनिक रेल यात्रियों ने रेल मंत्री व रेलवे विभाग के आला अधिकारियों से गुहार लगाई है कि प्रदुषण तो पलवल के लोगों को भी प्रभावित करता है।

**क्लिंकर सीमेंट का एक हिस्सा है, जो कि मुख्यत:** कैल्शियम के सिलिकेट और एलुमिनेट यौगिकों का मिश्रण होता है। जो कैल्शियम ऑक्साइड, सिलिका, एल्यूमीनियम ऑक्साइड और लौह आक्साइड से निर्मित होते हैं। इस मिश्रण को एक भट्ठी में उच्च तापमान पर जलाया जाता है। इस प्रक्रिया से बना अवयव क्लिंकर कहलाता है। क्लिंकर को जिप्सम के साथ मिलाकर महीन पीसा जाता है और इस प्रकार जो अंतिम उत्पाद प्राप्त होता है उसे साधारण पोर्टलैंड सीमेंट कहा जाता है। रेल विभाग तो माल की ढुलाई का काम करता है। अब माल भेजने वाला इसे जहां चाहता है, उसी स्टेशन पर ही इसके रैक लगने शुरू हो जाते हैं। क्लिंकर निजी कंपनी द्वारा भेजा जाता है, जिसे यहां से अन्य साधनों से दादरी व बुलंदशहर भेजा जाता है।



**जब** यहां क्लिंकर की ट्रेन आती है तो बुरा हाल हो जाता है। ट्रेन से जब इसे उतारा जाता है, तो चारों तरफ धूल फैल जाती है। जोकि हवाओं के साथ सांसों में मिलकर सांस लेना भी मुश्किल कर देती है। इससे सबसे अधिक प्रभावित दैनिक रेल यात्री ही होते हैं।

**-प्रकाश मंगला, प्रधान रेलवे वैलफेयर एसोसिएशन पलवल**



**जब** इस क्लिंकर को भेजना यूपी के शहरों में होता है व पलवल में इसका कोई उपयोग नहीं है, तो प्रदूषण की सजा पलवल वालों को क्यों मिले। रेलवे विभाग के उच्चाधिकारियों तथा रेल मंत्री को लिखा जाएगा कि पलवल में भी इंसान बसते हैं।

**-रणधीर चौहान, स्थानीय निवासी**

**यहां** छह-सात साल से धूल उड़ती है। सीमेंट से भरी ट्रेन को खाली किया जाता है व दूसरी जगह ले जाया जाता है। उसकी धूल कॉलोनी में उड़ती है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।



**-अशोक चंदीला, स्थानीय निवासी**

**यहां** सीमेंट का ट्रैक उतरता है, जिससे लोगों को परेशानी होती है। सबसे ज्यादा परेशानी बुजुर्गों व सांस से संबंधित मरीजों को होती है। कई बार शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है।



**-राहुल मलिक, स्थानीय निवासी**

**यहां** धूल उड़ने से बच्चों को पढ़ने में तो परेशानी होती ही है। साथ ही सारी धूल रसोई में जाती है, जिससे खाना बनाते व खाते वक्त धूल भोजन के साथ मिलकर बीमारियां पैदा करती है।



**-कविता**

# जीवा पब्लिक स्कूल का शत-प्रतिशत रहा दसवीं व बारहवीं का परिणाम



परीक्षा परिणाम के बाद छात्र विजयी मुद्रा में।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**21बी** स्थित जीवा पब्लिक स्कूल में दसवीं कक्षा का बोर्ड परिणाम घोषित हुआ। जिसमें जीवा के छात्रों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। दसवीं में विज्ञान संकाय में टॉपर रहे छात्र यलीना 96.6 प्रतिशत, अक्षिता 95.5 प्रतिशत, हर्षित 94 प्रतिशत, वाणिज्य संकाय में राधिका 92 प्रतिशत, बाहरवीं में विज्ञान संकाय में टॉपर रहे निश्चय कथूरिया व आकांक्षा चौधरी, वाणिज्य संकाय में स्नेहा मनवानी रही।

दसवीं कक्षा में सर्वश्रेष्ठ अंक पाने वाले छात्रों में अंग्रेजी में यलीना व अक्षिता, तनुश्री व दृष्टि-92, सौम्या-91, लतीषा-90, गणित:-यलीना-98, अवंतिका, दक्ष व हर्षित पंत-96, यश-95, कुनाल, अक्षिता व मुस्कान-94, लावण्या, आयुष गुप्ता व अनिरूद्ध, ऋतुराज, शाश्वत व वैभव-92, तनुश्री, रौनित व वास्वी-91, इषा-90, हिन्दी:- यलीना, अवंतिका, मुस्कान-99, प्रिषा, अक्षिता, हर्षित पंत-98, दृष्टि पांडे, वास्वी, वैभव दीक्षित, यश, हिमांशु-97, गुनित, दृष्टि शर्मा-96, सौम्या, हर्षिता पाल-95, तनुश्री, इषा, कुनाल, आयुष, राधिका-94, शाश्वत, प्राप्ति सिंह, प्रियंका नेगी, जानवी, लावण्या, प्रियंका मनवानी-92, प्राप्ति चंदीला व लतीषा को -90 अंक मिले। बारहवीं में सर्वश्रेष्ठ अंक पाने वाले छात्रों में अंग्रेजी:- आकांक्षा चौधरी-95, निश्चय कथूरिया, संजना राना-90, गणित:-आकांक्षा चौधरी, निश्चय कथूरिया, सुप्रिया-91, जीव विज्ञान : संजना राना-90, अकाउटेंसी- स्नेहा मनवानी ने-90 अंक हासिल किए।

## संक्षिप्त समाचार

### कैंटर की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत

**पलवल।** होडल नूंह मार्ग पर गांव सोंदहद के पास कैंटर ने एक व्यक्ति को टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने अज्ञात ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज किया है। उत्तर प्रदेश के शहसाहपुर जिला के गांव इसलिया निवासी बलराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह और उसका मामा सर्वेश कुमार सौंदहद रोड स्थित राकेश फूड प्रोडक्ट कंपनी में काम करते हैं। रविवार सुबह साढ़े छह बजे वह और उसका मामा कंपनी के गेट पर चाय के खोखे पर बैठे हुए थे। उसी समय उसका मामा सर्वेश कुमार होडल-नूंह मार्ग को क्रॉस कर नीम के पेड़ से दातुन तोड़ने के लिए चला गया। जब सर्वेश नीम के पेड़ से दातुन तोड़ रहा था, तभी सोंदहद गांव की तरफ से आए कैंटर चालक ने उसके मामा को टक्कर मार दी। जिसमें उसके मामा की मौके पर ही मौत हो गई। जिसके बाद चालक मौके पर कैंटर छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर होडल थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला नागरिक अस्पताल भिजवा दिया।

### पूर्व सैनिकों ने मैनेजर के खिलाफ दी शिकायत



**फरीदाबाद।** पूर्व सैनिकों ने अपनी मांगो को लेकर शिकायत दी है। सतिंदर दुग्गल, पूर्व सैनिक व भारतीय जनता पार्टी पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक ने जानकारी दी की 16 सेक्टर स्थित एक्स सर्विसमैन सीएसडी केंटीन में पदस्थ मैनेजर की कार्यशैली के विरुद्ध रोष व्याप्त है। उन्होंने बताया कि इस बावत शिकायत दिल्ली हेड क्वार्टर में भी पहुंचा दी गई थी, लेकिन सभी पूर्व सैनिक हत-प्रभ हैं कि शिकायतों व कैंटीन मैनेजमेंट के फेल हो जाने के बावजूद भी गैर पूर्व सैनिक मैनेजर को बदला नहीं जा रहा। उन्होंने बताया कि इस बावत आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

### दिनदहाड़े मकान का ताला तोड़कर कैश व जेवरात चोरी

**पलवल।** चोरों ने दिनदहाड़े मकान का ताला तोड़कर 95 हजार कैश, सोने चांदी के जेवरात समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। मामला हथीन के गांव नांगल जाट गांव का है। बहीन थाना पुलिस ने मकान मालिक की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। प्रीतम ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि 13 मई को वह नौकरी के लिए होडल गया था और उसकी पत्नी व दोनों बच्चे संस्कार पब्लिक स्कूल में गए हुए थे। 11 बजे स्कूल से उसकी पत्नी लंच लेने के लिए घर आई थी, उस समय सब कुछ सही था। जिसके बाद उसकी पत्नी लंच लेकर वापस स्कूल चली गई। ढाई बजे स्कूल से छुट्टी होने पर जब उसकी पत्नी व बच्चे घर वापस आए तो देखा की घर के ताले टूटे हुए थे। संदूक से चांदी के 500 ग्राम कि तागडी, 250 ग्राम पाजेब, 8 तोले का हथफूल, 3 जोड़ी तौरिया, सोने का 1 मंगलसूत्र, 1 अंगूठी, 1 जोड़ी कुंडल व एक फूल नाक का और 95 हजार नगद सहित अन्य सामान चोरी करके ले गए। जिसके बाद मामले की शिकायत पुलिस को दी गई।

### स्वतंत्रता सैनानियों को सम्मान देना बड़ी देशसेवा कहलाएगी




**फरीदाबाद।** विधायक राजेश नागर ने कहा कि देश की आजादी में अपनी प्रमुख भूमिका निभाने वाले शहीदों को ढूंढकर उन्हें सम्मानित करने का प्रयास बहुत ही अच्छा है और इसके लिए गुर्जर आर्ट एंड कल्चर ट्रस्ट प्रशंसा का पात्र है। नागर जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में ट्रस्ट द्वारा आयोजित क्रांति चक्र अवॉर्ड समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यहां अमर शहीदों के परिजनों से कहा कि आप भारत की गोल्डन पीढ़ी हो। जिन्हें उनके परिजनों के बलिदान से आाजादी प्राप्त हुई है। यह अवसर भी सभी को प्राप्त नहीं हो सका है। नागर ने कहा कि देश की आजादी की लड़ाई में अनेकोनेक लोगों ने संघर्ष किया। किसी ने जेल तो किसी को गोलियां मिलीं। किसी ने अपने जीवन का बलिदान दे दिया। ऐसे में जब हमें आजादी मिली तो सबसे पहले भारत को एक बनाए रखते हुए आगे बढना था। ऐसे में तत्कालीन सरकारों, प्रशासन या अन्य कारणों से बहुत से लोग रह गए, जिन्हें उनकी शहीदों वाली पहचान भी नहीं मिल सकी। आज यह काम गुर्जर आर्ट एंड कल्चर ट्रस्ट कर रहा है। जो कि सराहनीय कार्य है। विधायक राजेश नागर ने कहा कि देश के शहीदों का सम्मान करना भी एक बहुत बड़ी देशसेवा ही कहलाएगी। इससे पहले यहां मेरठ के अमर शहीद गुर्जर धन सिंह कोतवाल के गांव से चली क्रांति यात्रा का यहां स्टेडियम में जोरदार स्वागत किया गया। जहां हजारों की संख्या में अमर शहीदों के परिजन पहले से उपस्थित थे। इस अवसर पर सोशल मीडिया पर मशहूर एक्टिविस्ट हिन्दुस्तानी भाऊ ने भी लोगों में खूब जोश भरा। कार्यक्रम में सांसद रमेश बिधूड़ी, पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर एवं ट्रस्ट के रोमी भाटी, जगदीश लोहिया, रणदीप चौहान, पवन नागर, पूनम लोहिया, जगमोहन भड़ाना आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# पत्रकारिता सत्य और तथ्यों पर आधारित हो तभी सार्थक : त्रिपाठी



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पत्रकारिता** में नारदीय दृष्टि एवं चिंतन होना चाहिए, जो सत्य और तथ्यों पर आधारित हो। जो देश की सांस्कृतिक एवं भौगौलिक विरासत को संजोने का कार्य करे। पत्रकारिता नारदीय दृष्टि संभावित समस्याओं के समाधान खोजने में सहायक होती है।

ये विचार आज बल्लभगढ़ स्थित अग्रवाल कॉलेज के सभागार में विश्व संवाद केंद्र द्वारा आयोजित नारद जयंती समारोह के अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार एवं टीवी पैनालिस्ट प्रो. हर्षवर्धन त्रिपाठी ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सत्ता सिंहासन से प्रश्न पूछना पत्रकार का कर्म भी है। प्रश्न के मूल में राजनीतिक अथवा व्यक्तिगत स्वार्थ यदि छिपे हों तो वह पत्रकारिता पत्रकारिता के सिद्धांतों तथा सामाजिक दायित्वों के विपरीत होती है और राष्ट्र हित को क्षति पहुंचाती है। नारद जयंती के इस पावन अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित नारदस्वरूपा पत्रकार बंधु एवं भगिनियों को मंच पर बुला कर सम्मानित किया गया। उपभोक्ता मामले, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में मीडिया सलाहकार वरिष्ठ पत्रकार पंकज मिश्रा और राष्ट्रीय स्वंसेवक संघ के फरीदाबाद विभाग प्रचार प्रमुख माधवजी कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि तथा स्वदेशी जागरण मंच के उत्तर क्षेत्र संपर्क प्रमुख सतेंद्र सोरोत बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जेनिथ हॉस्पिटल बल्लबगढ़ के डायरेक्टर डॉ. गुलशन कुमार शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम का शुभारंभ तथा वंदे मातरम् राष्ट्रगीत के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। आयोजन समिति के सदस्य रूप किशोर ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचार प्रमुख बलवंत सिंह, सह जिला कार्यवाह कुशल पाल, संपर्क प्रमुख विजय पाल, सह जिला सेवा प्रमुख राजेंद्र गोयल, जितेंद्र, अजय मिश्रा, प्रभात मिश्रा, मुकेश, कृष्ण मुरारी आदि उपस्थित रहे।

# कर्नाटक में जनता ने दिया भाजपा की नीति और नीयत का जवाब : कौशिक

## कर्नाटक की जीत पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर मनाया जश्न



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**कर्नाटक** में कांग्रेस की जीत से उत्साहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक आनंद कौशिक के सेक्टर-9 स्थित कार्यालय में लड्डू बांटकर जीत का जश्न मनाया। इस दौरान हनुमान की वेशभूषा धारण किए कलाकार का भी पूर्व विधायक आनंद कौशिक व कांग्रेसी नेता बलजीत कौशिक ने मुंह मीठा कराया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जोश देखते ही बनता था और उन्होंने कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, सोनिया-राहुल-प्रियंका गांधी जिंदाबाद के गगनचुंबी नारे लगाकर पूरे माहौल को कांग्रेसमय कर दिया।

इस मौके पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक आनंद कौशिक व बलजीत कौशिक ने कहा कि कर्नाटक में भ्रष्टाचार, महंगाई व बेरोजगारी पर जनता की जीत हुई है क्योंकि राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान जो देश में बदलाव की अलख जगाई थी। उसके परिणाम अब आने लगे हैं और अभी तो यह शुरूआत, आने वाले समय में हरियाणा सहित देश के अन्य प्रदेशों में भी कांग्रेस विजयी परचम लहराएगी। कौशिक ने कहा कि भाजपाइयों ने बजरंगी बली का नाम लेकर वहां लोगों को गुमराह करने का काम किया, लेकिन बजरंगी बली ने भाजपा की नीयत और नीति का जवाब उन्हें हार के रूप में दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने आठ सालों विकास करने के बाद देश व प्रदेश विकास करने के बजाए विनाश किया है और जनता यह भली भांति जान चुकी है। इसलिए उन्होंने दक्षिण भारत से भाजपा सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। इस मौके पर एचपीसीसी के विचार विभाग के चेयरमैन विनोद कौशिक ने भी कर्नाटक की जीत को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि इस जीत से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में एक नए जोश का संचार हुआ है और यह तो ट्रेलर है, पूरी फिल्म तो 2024 में दिखेगी, जब भाजपा देश से सत्ता से बाहर होगी। इस अवसर पर डा. सौरभ शर्मा प्रेसीडेंट एआईपीसी, बलबीर सिंह, अशोक कुमार यादव, भगवान शर्मा, हरीदत्त शर्मा, जगत सिंह, रंधावा फागना, महेश बैंसला, दानिस अली, नरेश कुमार, जवाहर ठाकुर, सरला भामौत्रा, आकाश शर्मा, अजय शर्मा, अवध किशोर, लाडो देवी, पम्मी, लक्ष्मी, जमुना देवी, आशा रानी, हरिलाल गुप्ता प्रधान, प्रतिभा, अनिल कश्यप, दीपक, महेश बैंसला, राजेंद्र, जयवीर, डीके शर्मा, सुनील पाराशर, जयवीर चौधरी, रमेश पूर्व सरपंच, जितेंद्र पाराशर, राजू सैनी, ओपी सैनी एडवोकेट, कुंवरपाल मलिक, हबीबी खान, गुडडू कुरैशी, भारत, अजय शर्मा, अनुज शर्मा एडवोकेट, एलएन मित्तल, हरदेव नंबरदार, राजेश दहिया, नजर मोहम्मद, सतबीर, आनंद सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बेटे की हत्या के आरोप में पिता गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** ओल्ड फरीदाबाद स्थित अहीरवाड़ा में बेटे की हत्या करने के आरोप में आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पूछताछ की जा रही है, जिसे सोमवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

मूलरूप से बिहार के मधुबनी जिला अंतर्गत झंझारपुर थाना स्थित गांव कछुवी निवासी मृतक की मां शशि देवी ने बताया कि वह अहीरवाड़ा में किराए के मकान में परिवार समेत रहती है और एक निजी गारमेंट कंपनी में काम करती है। उनके दो बेटे हैं। बड़ा बेटा सुनील शादीशुदा था और दवाई बनाने वाली एक निजी कंपनी में काम करता था। गुरुवार रात करीब 10 बजे वह कंपनी से घर आने के बाद खाना खाकर सो गया। देर रात उसका पति राजेंद्र मंडल शराब के नशे में घर आया। वह घर पहुंचने पर सभी को सोता देखकर नाराज हो गया। इस बात पर सुनील की आंख खुल गई। पिता राजेंद्र मंडल को नशे की हालत में देखकर सुनील उसे समझाने लगा। साथ ही शराब छोड़ने की नसीहत देने लगा। आरोप है कि इसी बात पर दोनों में कहासुनी हो गई। कहासुनी के दौरान सुनील ने पिता के चेहरे पर कपड़े धोने वाली थप्पी से वार किया। इस पर पिता ने रसोई घर में रखे सब्जी बनाने वाली चाकू से सुनील के पेट में घोंप दिया और फरार हो गया।

# केसीएम वर्ल्ड स्कूल में मातृ दिवस पर अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**टीकरी** ब्राह्मण स्थित केसीएम वर्ल्ड स्कूल में मदर्स डे खूब धूमधाम से मनाया गया। जिसमें केजी 1 से दूसरी कक्षा तक के छात्रों के साथ-साथ उनकी माताओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रधानाचार्या पारुल भारद्वाज द्वारा मुख्यातिथि प्रभात शोभा प्रधानाचार्या राजकीय कन्या उच्च विद्यालय को पौधे प्रदान करके की गई। दीप प्रज्वलन के बाद नन्हे बच्चों द्वारा माताओं के सम्मान में बहुत ही मधुर गीत की प्रस्तुति दी गई तथा दूसरी कक्षा के छात्रों ने भी अपनी कविताओं के माध्यम से अपनी हृदयानुभूति प्रकट की। केजी 1 से दूसरी कक्षा के छात्रों ने अनेक गीत व नृत्य प्रस्तुत करके अपनी माताओं के प्रति अपने भाव व्यक्त किए।

हेल्दी टिफिन कंपीटीशन में विजेता रहे छात्रों की माताओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में माताओं के लिए भी अनेक प्रतियोगिताओं व गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यालय के पूर्व विद्यार्थी रितिक दुआ ने भी अपनी गायकी से सबका मन मोह लिया। सभी माताओं ने रैंपवॉक करके कार्यक्रम का भरपूर लुत्फ उठाया। मुख्यातिथि व विद्यालय की प्रधानाचार्या पारुल भारद्वाज ने सभी विजेताओं को सेश पहनाकर तथा प्रमाण-पत्र, ट्रॉफी और पुरस्कार देकर सम्मानित किया तथा कार्यक्रम की सफलता पर सभी शिक्षकों को बधाई देते हुए मातृ दिवस की शुभकामनाएं दी। मंच का संचालन अंग्रेजी व हिंदी की शिक्षिकाओं रितु व राज ने किया तथा कार्यक्रम का संचालन दीपशिखा व ममता महलावत ने किया।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया मातृ दिवस

**पलवल।** दिल्ली पब्लिक स्कूल न्यू कॉलोनी पलवल में मातृ दिवस बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर डीपीएस बामनीखेड़ा की उप प्रधानाचार्या नीलम सांधा व मुख्याध्यापिका सुचरिता बिसवाल की उपस्थिति में अनेक माताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। माताओं के लिए फायर लेस कुकिंग, नृत्य, संगीत, बैडमिंटन, रैंप वॉक तथा दस्तकारी जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य माताओं के लिए मातृ दिवस को उनके लिए खास बनाकर उनके व्यक्तित्व में छिपी प्रतिभाओं को सबके समक्ष प्रस्तुत कर उन्हें सम्मानित करना था। निसंदेह सभी माताओं के चेहरों पर जोश व खुशी देखकर विद्यालय के प्रयास को सार्थकता प्रदान की। सभी प्रतियोगिताओं के अंतर्गत विजय रही माताओं को ट्रॉफी व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

विद्यालय की चेयरपर्सन रानी लाल ने सभी माताओं को मातृ दिवस की बधाई दी। साथ ही यह संदेश भी दिया कि माताएं परिवार की रीढ़ होती हैं, उनके बिना परिवार को सुचारू ढंग से नहीं चलाया जा सकता और माता ही बच्चे की प्रथम गुरु भी होती है। अत: बच्चों को भी अपनी माताओं का सम्मान कर उनका आभार प्रकट करना चाहिए। विद्यालय की मुख्य अध्यापिका ममता गांधी ने सभी माताओं को मातृ दिवस की बधाई दी व इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए उनका अभिनंदन किया।



## मां ममता की मूरत व सबसे बड़ी गुरू है : जसलीन कौर

**पलवल।** एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित मातृ दिवस कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए एडिशनल एसपी जसलीन कौर ने कहा कि मां ममता की मूरत है तथा सबसे बड़ी गुरु है। जो अपने बच्चों को न सिर्फ अच्छे संस्कार देकर समाज में जीना सिखाती है, बल्कि उन्हें कामयाब बनाने में भी अहम भूमिका निभाती है। मां स्वयं भूखी रहकर भी अपने बच्चों का पेट भरने का काम करती है। मां का दर्जा हर इंसान की जिंदगी में महत्वपूर्ण रहता है। बच्चों को भी मां द्वारा दी जाने वाली सीख को हासिल कर समाज में बेहतर कार्य करने चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने केंद्रीय माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 10वीं और 12वीं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले टॉपर बच्चों को सम्मानित भी किया। अध्यक्षता स्कूल के चेयरमैन सुरेश भारद्वाज ने की। कार्यक्रम में शिक्षाविद संतुष्टी थापर, निदेशक चेतन भारद्वाज, विधायक दीपक मंगला की पत्नी मोनिका मंगला विशिष्ट अतिथि थीं। संयोजन प्रधानाचार्य ममता छाबड़ी ने किया।




## मातृ दिवस पर लोटस स्कूल में रक्तदान शिविर का आयोजन

**पलवल।** मातृ दिवस के उपलक्ष्य में पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज और लोटस ऐजुकेशनल वैलफेयर सोसायटी पलवल के संयुक्त तत्वावधान में ओमेक्स स्थित लोटस इंटरनेशनल स्कूल में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया। शिविर का संयोजन पलवल डोनर्स क्लब के विकास मित्तल, स्कूल की प्रधानाचार्या अनिता सिंह और पलवल डोनर्स क्लब की सहसंयोजक अल्पना मित्तल ने किया। शिविर का शुभारंभ लोटस स्कूल के चेयरमैन नरेश पाल सिंह, समाजसेवी एमएल कथूरिया, डॉ. नरेश डागर ने किया। नरेश पाल सिंह और उनकी पत्नी अनिता सिंह ने रक्तदान करके रक्तदाताओं का धन्यवाद किया।

उन्होंने कहा कि रक्तदान अत्यंत पवित्र कार्य है। इससे श्रेष्ठ कोई दान नहीं हो सकता, क्योंकि इसका सीधा संबंध किसी व्यक्ति के जीवन से है। उन्होंने रक्तदान से होने वाले लाभ के बारे में भी बताया। शिविर संयोजक विकास मित्तल और अल्पना मित्तल ने सभी को मातृ दिवस की बधाई देते हुए कहा कि मां एक सुखद अनुभूति है, एक शीतल आवरण है जो हमारे दु:ख, तकलीफ की तपिश को अपने आंचल से ढंक देती है।

उसने हमें अपने रक्त से सींचा है, हमें भी रक्तदान कर किसी अंजान मां और उसके बच्चे के जीवन को बचाने में अपना सहयोग देना चाहिए। मां का होना, हमें जीवन की हर लड़ाई को लड़ने की शक्ति देता रहता है। शिविर में 40 लोगों ने रक्तदान करके अपनी मां और उनकी ममता को आदर व सम्मान दिया। शिविर को सुचारू रूप से चलाने के लिए डॉ. नरेश डागर, नेपाल सिंह, कमलेश, मनिषा, भुषण, पुजा, विकल्प, रुद्र नारायण मित्तल, मनोज ने विशेष सहयोग दिया।



## मोदी से मुकाबला
### विपक्ष के प्रयास

**हर बार** लोकसभा चुनाव के पहले 'तीसरे मोर्चे' का शिगूफा उछाला जाता है और इस बार भी ऐसा ही हो रहा है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री व भारत राष्ट्र समिति-बीआरएस के सुप्रीमो के. चंद्रशेखर राव तीसरे मोर्चे के सबसे उत्साही समर्थक के रूप में उभरे हैं। विपक्ष द्वारा किए जा रहे तीसरे मोर्चे के प्रयास के साथ ही 'विपक्षी एकता' नामक एक पवित्र लगने वाला शब्द भी उभरा है। भारतीय जनता पार्टी-भाजपा की चुनावी शक्ति को देखते हुए अनेक विपक्षी नेता एकसाथ जुट कर एक गठबंधन बनाने का प्रयास कर रहे हैं जो सत्तारूढ़ दल का मुकाबला करने में समुचित रूप से शक्तिशाली हो। भाजपा की चुनाव मशीनरी के शिखर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उन लोगों में शामिल हैं जो भाजपा-विरोधी नेताओं व पार्टियों को साथ लाने के प्रयास कर रहे हैं। बुधवार को नीतीश ने ओडिशा के अपने समकक्ष नवीन पटनायक से मुलाकात की जिससे अफवाह फैली कि ये दोनों क्षत्रप साथ आ रहे हैं। इसके अगले दिन नीतीश ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से मुलाकात की जो सुप्रीम कोर्ट के फैसले की इस टिप्पणी से उत्साहित हैं कि पिछले साल महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने फैसला लेने में गलती की थी। नीतीश कुमार व ठाकरे ने देश में लोकतंत्र बहाल करने के बारे में चर्चा की, पर नीतीश को उसी दिन एक तगड़ा धक्का भी लगा। नवीन पटनायक ने घोषणा कर दी कि उनकी बीजू जनता दल 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा से मुकाबला करने वाले तीसरे



मोर्चे में शामिल नहीं होगी। बताया जाता है कि उन्होंने दिल्ली में मोदी से मुलाकात के बाद कहा कि 'जहां तक मेरा सवाल है तीसरे मोर्चे की कोई संभावना नहीं है।' हालांकि, पटनायक ने इसके बाद जोड़ा 'अभी नहीं'। कुछ लोगों की नजर में इसका अर्थ 'शायद' हो सकता है। कहते हैं कि जब कोई राजनेता 'हां' कहता है तो उसका अर्थ 'शायद' होता है और जब वह 'शायद' कहता है तो उसका अर्थ 'नहीं' होता है। कोई असली राजनेता कभी 'नहीं' नहीं कहता है। इसे देखते हुए राजनीतिक विश्लेषक नवीन पटनायक के बयान के कोई भी अर्थ निकाल सकते हैं, पर फिलहाल उनकी केन्द्र में भाजपा को चुनौती देने के लिए विपक्ष को एकजुट करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। वे अपने राज्य में राजनीति से संतुष्ट लगते हैं।

नीतीश कुमार ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-रांकापा अध्यक्ष शरद पवार से भी मुलाकात की। उन्होंने यह प्रस्ताव भी कर दिया कि वरिष्ठ मराठा नेता विपक्षी गठबंधन का चेहरा बनें। लेकिन अच्छी-अच्छी बातों को छोड़ दें तो विपक्षी पार्टियों के बीच एकजुटता के कोई मजबूत आधार नहीं हैं। उदाहरणार्थ, शरद पवार अडानी-हिंडेनबर्ग मामले को तूल देने की कांग्रेसी रणनीति को पसंद नहीं करते हैं और उन्होंने इस बारे में सबके सामने अपने विचार स्पष्ट कर दिए हैं। कुल मिला कर विपक्षी एकजुटता के प्रयास एक प्रकार की 'गणित' जैसे हैं। लेकिन 'मोदी परिघटना' केवल गणित नहीं है, हालांकि आंकड़े भी सत्तारूढ़ अवस्थापना के पक्ष में हैं। मुख्य रूप से यह भाजपा तथा उसके भगिनी संगठनों द्वारा तैयार किया गया एक सामाजिक-आर्थिक-राजनीतिक विमर्श है। एकता का प्रयास करने वाला कोई विपक्षी नेता मतदाताओं के समक्ष 'वैकल्पिक विमर्श' नहीं पेश कर पा रहा है। कुल मिला कर कहें तो विपक्षी नेता अपना अहंकार तथा अपनी पार्टियों के छोटे-छोटे हितों की सुरक्षा में ही लगे हैं। वैकल्पिक विमर्श के रूप में नीतीश कुमार जैसे नेताओं के पास 'मंडल-2' के अलावा पेश करने को और कुछ नहीं है। मोदी के चमत्कारी व्यक्तित्व का सामना करने के लिए उनको कुछ और करना होगा।

# कीटनाशक प्रतिबंध पर असमंजस

**कीटनाशक प्रतिबंध पर असमंजस की स्थिति है। केन्द्र सरकार ने मई, 2020 में 27 कीटनाशकों पर प्रतिबंध लगाया था, पर बाद में उसे वापस ले लिया।**



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं।)



इंसेक्टीसाइड्स एक्ट, 1968 के अंतर्गत कीटनाशकों के उत्पादन, आयात, बिक्री व वितरण तथा प्रयोग पर नियमन के प्राविधान हैं ताकि मानव जीवन या जानवरों या उनसे संबंधित मामलों पर जोखिम से बचा जा सके। कानून के अंतर्गत गठित रजिस्ट्रेशन कमेटी-आरसी फार्मूले की जांच करने के बाद हर कीटनाशक का पंजीकरण करती है तथा उसकी प्रभावशीलता एवं मनुष्यों व जानवरों पर उसकी सुरक्षा के दावों की पुष्टि करती है। वह उससे विषाक्तता व अन्य दुष्प्रभावों से बचने के लिए सावधानियां भी जारी करती है। उसे किसी कीटनाशक का पंजीकरण करने से इनकार करने का भी अधिकार है, यदि इसका संबंध सुरक्षा से हो तथा वह इन मानकों पर खरा न उतरता हो। कीटनाशकों के नियमन की नोडल एजेंसी कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय समय-समय पर पंजीकृत कीटनाशकों की समीक्षा करती है जिसका संबंध मनुष्यों, जानवरों व पर्यावरण को उनके कारण संभावित हानि से होता है।

यह काम विशेषज्ञों की समिति द्वारा जांच के बाद किया जाता है। इससे वह उपयुक्त निर्णय पर पहुंचती है कि 'आवश्यकता होने पर अतिरिक्त सावधानियों के साथ इनके प्रयोग की अनुमति दी जाए अथवा इनके प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया जाए।' जुलाई, 2013 में कृषि मंत्रालय ने अनुपम वर्मा के नेतृत्व में एक विशेषज्ञ समिति गठित की थी ताकि ऐसे कुल 66 कीटनाशकों के निरंतर प्रयोग पर अध्ययन किया जा सके जिन पर दो या अधिक देशों में प्रतिबंध है, पर भारत में प्रयोग के लिए उनका निरंतर पंजीकरण किया जा रहा है। समिति ने अपनी रिपोर्ट नवंबर, 2015 में दे दी थी।

दिसंबर, 2015 में सरकार ने रिपोर्ट स्वीकार की तथा उसकी संस्तुतियों पर 2018 तक 27 कीटनाशकों की समीक्षा के आदेश दिए। इनमें 12 कीटनाशक, आठ फफूंदनाशक और सात खर-पतवार नाशक थे जो लगभग 130 फार्मूलों पर आधारित थे। अध्ययन तथा समीक्षा पूरी होने तक उसने 27 कीटनाशकों का प्रयोग जारी रखने की अनुमति दी थी। दिसंबर, 2016 में उसने 27 कीटनाशकों पर प्रतिबंध का अस्थाई आदेश दे दिया और जनता से इनके बारे में फीडबैक मांगा। 2017-18 में उसने दो और समितियों का गठन कर अस्थाई प्रतिबंध पर प्राप्त फीडबैक पर गौर करने कहा।

इस बीच दिसंबर, 2019 में समीक्षा समिति ने एक और समिति या 'उप-समिति' गठित कर 27 कीटनाशकों पर प्रस्तावित प्रतिबंध की समीक्षा को कहा। मई 2020 में समीक्षा समिति ने इस उप-समिति की संस्तुतियां स्वीकार कर इसे अंतिम निर्णय के लिए कृषि मंत्रालय के पास भेज दिया। 14 मई, 2020 को जारी अधिघोषणा के माध्यम से कृषि मंत्रालय ने आदेश जारी कर इन 27 कीटनाशकों के उत्पादन, प्रयोग व भंडारण पर प्रतिबंध का आदेश दे दिया तथा सभी पक्षों से 45 दिन के भीतर टिप्पणियां या सुझाव मांगे। अधिघोषणा में कहा गया था, 'अन्य देशों में प्रतिबंधित, सीमित या वापस लिए गए 66 कीटनाशक अभी भारत में घरेलू प्रयोग के लिए पंजीकृत किए जा रहे हैं। इनकी समीक्षा कृषि मंत्रालय द्वारा गठित समिति द्वारा की गई। मंत्रालय ने समिति की संस्तुतियां स्वीकार कर गौर किया कि 27 कीटनाशकों से मनुष्यों व जानवरों को जोखिम हो सकता है। अत: यह आवश्यक माना गया कि तत्काल कदम उठाए जांए।' इसमें प्रस्तावित प्रतिबंध वाले कीटनाशकों के नाम भी दिए गए थे। इसी समय मंत्रालय ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-आईसीएआर के पूर्व सहायक महानिदेशक टी.पी. राजेन्द्रन की अध्यक्षता में एक और समिति गठित की जो इस क्षेत्र में सुपरिचित विशेषज्ञ थे। इस समिति की संस्तुतियों के आधार पर 15 फरवरी, 2023 को केन्द्र सरकार ने एक अधिघोषणा प्रारूप जारी कर पहले प्रतिबंधित किए गए 27 कीटनाशकों में से 24 से प्रतिबंध हटा दिया। 15 फरवरी, 2023 के आदेश को सिविल सोसाइटी समूहों ने सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी जो इस मामले पर गरमी की छुट्टियों के बाद विचार करेगा। इस बीच केन्द्र ने एक शपथपत्र देकर कहा कि यह 'केवल एक प्रस्ताव था, अंतिम आदेश नहीं।'

इस मामले पर अनेक समितियों द्वारा विचार-विमर्श अपने आप में जटिल लगता है। इसके साथ ही इस मामले से निपटने के काम में अनेक विसंगतियां सामने आई हैं। पहला, अनुपम वर्मा कमेटी की दिसंबर, 2015 की रिपोर्ट पर सरकार को 2018 में 'संस्तुतियों पर अध्ययन व समीक्षा पूरी होने' की प्रतीक्षा करनी चाहिए थी। इसके बाद ही वह निर्णय ले सकती थी कि इन 27 कीटनाशकों का क्या किया जाए। फिर ऐसे में दिसंबर, 2016 में प्रतिबंध का प्रारूप आदेश कैसे जारी किया गया? जनता से फीडबैक मांगने तथा इनके अध्ययन के लिए समितियों के गठन के बाद ही उसे उपलब्ध रिपोर्टों के अध्ययन के पश्चात निर्णय करना चाहिए था। दूसरा, अनुपम वर्मा कमेटी रिपोर्ट को तार्किक परिणति तक पहुंचाने के पहले ही दिसंबर, 2019 में एक और उप-समिति का गठन समीक्षा समिति द्वारा कर दिया गया और सरकार ने 14 मई, 2020 को सभी 27 कीटनाशकों पर प्रतिबंध लगा दिया। यदि इरादा बाद वाली रिपोर्ट पर कार्रवाई का था तो उसने पहले की रिपोर्ट पर इतना समय और ऊर्जा क्यों खर्च की? तीसरा, शायद सरकार का इरादा इस निर्णय पर डटे रहने का नहीं था, इसीलिए उसने टी.पी. राजेन्द्रन की अध्यक्षता में एक और समिति गठित कर दी। उसकी संस्तुतियों पर 15 फरवरी, 2023 को एक और अधिघोषणा प्रारूप जारी कर 14 मई, 2020 का आदेश उलट दिया। विडंबना है कि यह निर्णय भी अंतिम नहीं है।

सर्वोच्च न्यायालय में प्रस्तुत शपथपत्र में सरकार ने कहा है कि यह केवल सभी पक्षों से प्राप्त फीडबैक पर आधारित प्रस्ताव है और 'इसकी समीक्षा केन्द्र सरकार द्वारा समीक्षा समिति से विचार-विमर्श के बाद की जाएगी जिसमें तकनीकी व वैज्ञानिक आवश्यकताओं, उपलब्ध विकल्पों, किसानों के हित, कीटनाशकों की सुरक्षा, विषाक्तता व प्रभावशीलता सरोकारों, आवश्यक अध्ययनों के अद्यतन स्तर तथा विभिन्न विशेषज्ञ समितियों द्वारा दी गई संस्तुतियों, आदि पर गौर किया जाएगा।' इसके बाद ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा। कीटनाशक खतरनाक वस्तु होते हैं और इनसे मानव स्वास्थ्य तथा प्रर्यावरण पर हानिकारक प्रभाव पैदा हो सकता है। यदि वैज्ञानिक अध्ययनों की समीक्षा के बाद यह नतीजा निकला कि इनमें से कोई कीटनाशक हानिकारक है तो सरकार को बिना किसी विलम्ब के उसे वापस लेना चाहिए। समीक्षा समिति द्वारा गठित उप-समिति ने वास्तव में उपरोक्त कीटनाशकों में कुछ के गंभीर स्वास्थ्य दुष्प्रभाव पाए हैं। इनके कारण हार्मोनल परिवर्तन हो सकते हैं, न्यूरो विषाक्तता पैदा हो सकती है, प्रजनन व विकासात्मक स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है, इनके कैंसरकारक प्रभाव हो सकते हैं तथा इनके पर्यावरणीय प्रभाव हो सकते हैं। ये खासकर मधुमक्खियों के लिए जहरीले सिद्ध हो सकते हैं।

अनेक अन्य कीटनाशकों के लिए भी नियामक उद्देश्यों से समुचित आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। इस श्रेणी में 17 कीटनाशक हैं जिनको देश में 'संभावित पंजीकरण योग्य कीटनाशक' कहा जा सकता है। इन कीटनाशकों का प्रयोग 1968 में कीटनाशक कानून बनने के पहले से ही हो रहा था। संबंधित कंपनियों को आवश्यक डेटा देकर नियामक के समक्ष इनकी सुरक्षा व प्रभावशीलता सिद्ध करनी चाहिए। लेकिन ऐसा नहीं किया गया है। इस प्रकार सभी 27 कीटनाशकों पर प्रतिबंध लगाने का मजबूत आधार है और 14 मई, 2020 के आदेश से ठीक यही किया गया था। लेकिन सरकार द्वारा इस मामले पर कदम वापस खींचने से 24 कीटनाशक प्रयोग में बने रहेंगे। अन्य तीन कीटनाशकों पर प्रतिबंध महत्वहीन है क्योंकि उनके निर्माता अब उनका उत्पादन नहीं कर रहे हैं। डा. राजेन्द्रन का तर्क है कि 'टूथपेस्ट समेत सभी रसायन व कीटनाशक मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं। केवल इनकी खूराक, फार्मूले की संरचना तथा मनुष्यों द्वारा उत्पादों के प्रयोग का तरीका महत्वपूर्ण है।' लेकिन उनके इस तर्क को कीटनाशकों पर प्रतिबंध जैसे महत्वपूर्ण निर्णय पर पहुंचने का आधार नहीं माना जा सकता है।

# जाति आधारित भेदभाव की निरंतरता

**"जातिगत अत्याचारों की छिपी प्रकृति दर्शाती है कि समस्या अधिक व्यापक है और आधिकारिक रिकॉर्ड जितना सुझाव दे सकते हैं उससे कहीं अधिक गहरी जड़ें हैं!"**

**नीमा गड़िया**
(लेखिका, बागेश्वर के एक विद्यालय में कक्षा 10 की छात्रा हैं)



जाति आधारित भेदभाव भारतीय समाज में गहरी पैठी हुई एक सतत समस्या है। इस जटिल मुद्दे को संबोधित करने के लिए सरकार, समुदायों और शैक्षणिक संस्थानों सहित विभिन्न हितधारकों के सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। हालांकि, एक महत्वपूर्ण चुनौती तब उत्पन्न होती है जब इन संस्थाओं के भीतर प्राधिकरण के पदों पर बैठे व्यक्ति स्वयं जाति व्यवस्था में विश्वास करते हैं और भेदभावपूर्ण प्रथाओं में संलग्न होते हैं।

कई रिपोर्टें ग्रामीण स्कूलों में जातिगत भेदभाव के प्रचलित मुद्दे को उजागर करती हैं, जहां छात्रों की पीढ़ियों को मध्याह्न भोजन कार्यक्रम जैसी गतिविधियों के दौरान भी इस तरह के भेदभाव का शिकार होना पड़ा है। उत्तराखंड में बागेश्वर जिले के चरसों गांव में स्थित सरकारी स्कूल का ही मामला लें। इस स्कूल के प्रिंसिपल पर स्थानीय लोगों द्वारा उनकी जाति के आधार पर छात्रों के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया गया है। हाल ही में प्राचार्य पर अनुसूचित जाति के एक 11 वर्षीय बच्चे को बुरी तरह पीटने का आरोप लगा था।

बच्चे की मां मंजू देवी ने स्कूल में बार-बार आने के बारे में बताया, जहां उन्होंने प्रिंसिपल से अपने बच्चे का शारीरिक शोषण करने और उनकी जाति के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करने से बचने की गुहार लगाई। उसके प्रयासों के बावजूद, उसका बच्चा कई मौकों पर घर लौट आया, उसने अपनी जाति के कारण शारीरिक रूप से प्रताड़ित और अपमानित होने की कहानियां साझा कीं। मंजू ने कहा, हमारे गांव में सरकारी स्कूल मेरे बच्चे की शिक्षा के लिए एकमात्र व्यवहार्य विकल्प है, क्योंकि हमारे पास निजी स्कूली शिक्षा का खर्च वहन करने के साधन नहीं हैं। सरकारी संस्थानों में इस तरह के भेदभाव का प्रभाव सीधे तौर पर मेरे बच्चे को मिलने वाली शिक्षा की गुणवत्ता को प्रभावित करता है।

उसके बच्चे को इतना पीटा गया कि मजबूरन उसे थाने जाकर प्रिंसिपल के खिलाफ शिकायत दर्ज करानी पड़ी. मंजू की शिकायत के बाद कई अन्य बच्चों के माता-पिता भी सामने आए और अपने बच्चों के साथ होने वाले भेदभाव के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई. हालांकि प्रिंसिपल ने सभी आरोपों का खंडन किया है, लेकिन स्थिति की गंभीरता ने मामले की प्रशासन स्तर पर जांच की मांग की है। वर्तमान में, आरोपी को उच्च अधिकारियों द्वारा प्रधानाध्यापक के पद से हटा दिया गया है।

शैक्षिक अंतर्ज्ञान के अलावा, इस सदियों पुरानी भेदभावपूर्ण प्रथा को बढ़ावा देने में समुदाय की बड़ी भूमिका है। चारसन से 20 किमी दूर दूर-दराज का गांव लामचुला है, जहां जातिगत भेदभाव की जड़ें और भी गहरी हैं। पूरे गांव की बस्ती उच्च और निम्न जाति समुदायों के आधार पर विभाजित है। निचली और ऊंची दोनों जातियों के लिए पानी के अलग-अलग स्रोत आरक्षित किए गए हैं। इसके अलावा, पूजा करने का अधिकार निचली जातियों के लोगों से छीन लिया गया है, क्योंकि उन्हें गाँव में मंदिरों में प्रवेश करने की अनुमति नहीं है। हमारे गांव में जन्माष्टमी के मेले में दलितों को मंदिर के अंदर प्रवेश नहीं करने दिया जाता। उन्हें पूजा करने का भी अधिकार नहीं है।

मंदिर के बाहर जब प्रसाद बांटा जाता है तो हमारी जाति के आधार पर दो पंक्तियां बन जाती हैं, गांव की किशोरी डॉली (बदला हुआ नाम) ने बताया। पदम राम, ग्राम प्रधान, निचली जातियों के व्यक्तियों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार की कड़ी निंदा करते हैं, विशेष रूप से उनकी पूजा करने की स्वतंत्रता के संबंध में। उन्होंने उच्च जाति के घरों में निचली जातियों के आगंतुकों के लिए विशेष रूप से अलग बर्तन रखने पर निराशा व्यक्त की। पदम राम ने राजनीतिक गतिशीलता में जाति-आधारित पक्षपात के परेशान करने वाले प्रसार पर भी प्रकाश डाला, जाति की राजनीति को संबोधित करने और अधिक समावेशी समाज को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। शिक्षा के बावजूद, जाति हर चीज पर वरीयता लेती है, यह दर्शाती है कि समाज अभी भी गहरी जातिवाद से जूझ रहा है। न केवल भारतीय गांव इस तरह के भेदभाव से पीड़ित हैं, बल्कि महानगरों में प्रसिद्ध संस्थान भी इसी कारण से सुर्खियां बटोर रहे हैं।

आईआईटी बॉम्बे में हाल ही में एक दुखद घटना सामने आई थी, जहां दलित समुदाय के एक युवा लड़के ने अपनी जाति के आधार पर असहनीय अपमान का सामना करने के कारण अपनी जान दे दी, इस प्रथा की चरम और गंभीर प्रकृति को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। 2019 से 2021 तक की अवधि में, भारत ने दलितों के खिलाफ अत्याचारों में 11 प्रतिशत की वृद्धि देखी है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के हाल के आंकड़ों से दर्ज मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि का पता चलता है, 2019 में 45,961 घटनाओं से बढ़कर 2021 में 50,900 घटनाएं हुईं। विशेष रूप से, अकेले उत्तराखंड राज्य ने अपराधों में 35 प्रतिशत की आश्चर्यजनक वृद्धि का अनुभव किया है। पिछले तीन वर्षों में अनुसूचित जाति और जनजाति समुदायों को लक्षित करना।

ये मामले समाज के भीतर होने वाले कई जाति-आधारित अत्याचारों के केवल एक अंश का प्रतिनिधित्व करते हैं। स्थिति इससे कहीं ज्यादा विकट है। यह स्वीकार करना महत्वपूर्ण है कि कई घटनाएं दर्ज नहीं की जाती हैं, जिससे जातिगत भेदभाव की कपटी जड़ें खुद को और मजबूत कर लेती हैं। इन अत्याचारों की छिपी प्रकृति एक चिंताजनक प्रवृत्ति को उजागर करती है, जो दर्शाती है।

जातिगत अत्याचारों की छिपी हुई प्रकृति दर्शाती है कि समस्या अधिक व्यापक है और आधिकारिक रिकॉर्ड जितना सुझाव दे सकते हैं उससे कहीं अधिक गहरी जड़ें हैं!

## आप की बात

### सीबीएसई परिणाम

**सीबीएसई** बोर्ड परिणाम यथा समय घोषित कर हुए हैं और पिछली बार की तरह इस बार भी लड़कियां लड़कों से आगे रही है। इस बार मेरिट लिस्ट जारी नहीं की गई जो कि बहुत ही अच्छी बात है क्योंकि पढ़ाई का लक्ष्य अपनी प्रतिभा निखारना है, प्रतिस्पर्धा बढ़ाना नहीं। हालांकि, इस बार भी कई छात्र परीक्षा में नहीं बैठ पाए। यह सब किसी न किसी मजबूरी के कारण हुआ होगा। शिक्षा मंत्रालय को गहन विचार-विमर्श करके छात्रों की परेशानियां दूर करके सुनिश्चित करना चाहिए कि हर छात्र परीक्षा में भाग ले। पिछली बार की अपेक्षा पास होने वाले छात्रों की संख्या थोड़ी कम रही। आशा है कि अगले परिणाम और भी होंगे। असफल छात्र दुगुने उत्साह के साथ फिर से तैयारी करें क्योंकि शिक्षा में पास या फेल होना जीवन में पास या फेल होना नहीं है। बारहवीं के बाद विद्यार्थियों को अपने आगामी जीवन का लक्ष्य निर्धारित करके अपनी क्षमताओं के अनुसार आगे बढ़ने के विकल्प खोजने चाहिए। कौशल संवर्धन सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। सुदूर गांवों के छात्र छात्राएं व आर्थिक कारणों से आगे नहीं पढ़ पाने वाले छात्रों का सर्वेक्षण करके उन्हें नि:शुल्क शिक्षा उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था भी सरकार द्वारा सुनिश्चित की जानी चाहिए।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### बदहाल पाकिस्तान

**इमरान खान** ने पूरे पाकिस्तान को आंदोलित कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट, पाक सरकार और सेना तीनों अपने-अपने टारगेट लेकर आगे बढ़ रहे हैं। पाकिस्तान के पुराने रिकॉर्ड को देखें तो ऐसी परिस्थितियां ही सेना के लिए मार्शल ला लगाने का सर्वाधिक अनुकूल समय होती है। शायद सेना मार्शल ला लगाने का मौका ही ढूंढ रही है। इमरान को रास्ते से हटाने के लिए सत्ता द्वारा जो प्रयास किए जा रहे हैं उनके खिलाफ पाकिस्तान गृहयुद्ध की कगार पर है। गृहयुद्ध होने पर सक्रिय आतंकवादी तत्व परमाणु बम हथिया सकते हैं जो कि न सिर्फ भारत वरन पूरी दुनिया के लिए बहुत ही घातक बात होगी। एक तरफ पाकिस्तानी जनता दाने-दाने को मोहताज है और दूसरी तरफ सत्ता की राजनीति आपस में ही इतनी उलझी हुई है कि उसे जनता के भूख से मरने की कोई चिन्ता ही नहीं है। भारत को पूरी स्थिति पर नजर रखना चाहिए। हालांकि, आतंकी घटनायें बढ़ने पर भारत को हस्तक्षेप करना पड़ सकता है, पर इससे पाकिस्तानी अवस्थापना को भारत के खिलाफ जंग का ऐलान करने व जनता का ध्यान भटकाने में भी सहायता मिल सकती है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### पेपर लीक समस्या

**एक खबर** के अनुसार पिछले सात वर्षों में देश में 70 बार पेपर लीक और परीक्षा में धोखाधड़ी के मामले सामने आ चुके हैं। इस वजह से करीब डेढ़ करोड़ परीक्षार्थी प्रभावित हुए हैं। अधिकाँश राज्य समस्या से निपटने में मुस्तैदी नहीं दिखा रहे हैं जिसके कारण नौकरी पाने की इच्छा रखने वाले अभ्यार्थी बरसों से परीक्षा तो दे रहे हैं किन्तु परीक्षा निरस्त होने से वे जहाँ के तहाँ याने बेरोजगार ही बने हुए हैं। ऐसे मामलों में मुस्तैदी जरूरी है ताकि अभ्यर्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बंद हो। पेपर लीक से एक तो सरकार की व्यवस्था संदेह के घेरे में आती है, दूसरा अभ्यार्थियों की मेहनत पर पानी फिर जाता है और तीसरा आवेदक का समय और पैसा भी बर्बाद होता है। इससे सरकारी राजस्व का भी नुकसान होता है क्योंकि समय रहते उसे आवश्यक कर्मचारी नहीं मिल पाते हैं। सरकार को विभिन्न प्रकार की सरकारी नौकरियों के लिए परीक्षाओं की संख्या घटाने के साथ ही उनके पैटर्न में तकनीक के प्रयोग से ऐसा परिवर्तन करना चाहिए ताकि पेपर लीक करने वाले माफिया को मौका न मिले। यह युवाओं के लिए बहुत जरूरी है।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### संवेदनशील पूर्वोत्तर

**उत्तरपूर्व भारत** का हिस्सा शुरू से संवेदनशील क्षेत्र रहा है। जिसमे असम, अरुणाचल, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम व त्रिपुरा शामिल हैं। वे एक विशिष्ट भौगोलिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक व प्रशासनिक इकाई का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह क्षेत्र पूर्वी हिमालय का हिस्सा है व इसका भू-रणनीतिक महत्व भी है क्योंकि यह बांग्लादेश, भूटान, तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र, चीन व म्यांमार और नेपाल के साथ भी अपनी सीमाओं का 90 प्रतिशत हिस्सा साझा करता है। सिलीगुड़ी कॉरिडोर नामक भूमि के एक संकीर्ण टुकड़े चिकन नेक कहा जाता है जो अत्यधिक महत्वपूर्ण है। कड़ी मेहनत के बाद एक एक करके इन क्षेत्रों के अशांति पर काबू पाया गया था। मगर पिछले दिनों फिर से मणिपुर में हिंसा के कारण एक बार चिन्ता पैदा हो गई है। विभिन्न जनजातियों एवं आदिबासियों से भरपूर इस प्रदेश में इतनी व्यापक हिंसा इससे पहले शायद ही कभी सामने आई हो। इस क्षेत्र में जनता के बीच परस्पर संवाद व समझदारी पैदा करने के लिए अथक प्रयासों की जरूरत है।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# द्वादश ज्योतिर्लिंग सांस्कृतिक दृष्टि से हमें एकता के सूत्र में जोड़ते हैं: योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/गोरखपुर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भगवान भोलेनाथ की महिमा का बखान करते हुए कहा कि द्वादश ज्योतिर्लिंग हमारी समृद्ध आध्यात्मिक विरासत होने के साथ सांस्कृतिक दृष्टि से हमें एकता के सूत्र में जोड़ते हैं। रविवार को गोरखनाथ मंदिर में आयोजित सप्त दिवसीय विष्णु महापुराण कथा के विश्राम दिवस पर व्यासपीठ के समक्ष अपने संबोधन में गोरक्षपीठ के महंत और मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आध्यात्मिक दृष्टि से देखें तो संपूर्ण सृष्टि पर भोलेनाथ की कृपा है और देश में उत्तर से दक्षिण तक, पूरब से पश्चिम तक भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग व मंदिर हैं। उन्होंने कहा, द्वादश ज्योतिर्लिंग हमारी समृद्ध आध्यात्मिक विरासत होने के साथ सांस्कृतिक दृष्टि से हमें एकता के सूत्र में जोड़ते हैं।

योगी ने कहा पूरब में बैद्यनाथ धाम है तो पश्चिम में सोमनाथ धाम। काशी में बाबा विश्वनाथ धाम तो मध्य प्रदेश में महाकालेश्वर व ओंकारेश्वर धाम। उत्तर के हिमालय पर केदारनाथ विराजमान हैं तो सुदूर दक्षिण में रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग के रूप में भगवान शिव का आशीर्वाद है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम ने लंका पर विजय प्राप्त करने के लिए रामेश्वरम में सेतुबंध का निर्माण किया था और इसके लिए उन्होंने यहीं पर शिव जी की आराधना की थी। भगवान श्रीराम ने महादेव की महिमा बताते हुए कहा था कि शिव द्रोही के लिए धरती पर कोई जगह नहीं है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भगवान शिव भोले हैं, वह बहुत शीघ्र भक्तों पर अनुग्रह करते हैं। प्राचीन काल से ही सुर-असुर दोनों ने उनकी पूजा की। यह उनका महात्म्य है तभी वह महादेव कहलाते हैं। शिव का अर्थ ही है कल्याण।

उन्होंने कहा कि आप सभी श्रद्धालु सौभाग्यशाली हैं कि आपको एक सप्ताह से शिवावतार गुरु गोरखनाथ की साधना स्थली पर श्री शिव महापुराण के मर्मज्ञ संत बालक दास के श्रीमुख से देवाधिदेव महादेव के विभिन्न रूपों के महात्म्य के श्रवण का अवसर प्राप्त हुआ। आधिकारिक रूप से रविवार को जारी एक बयान के अनुसार योगी ने कथा व्यास के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भगवान गोरखनाथ से सभी को कथा ज्ञान यज्ञ का पुण्य प्राप्त होने तथा सबके मंगलमय जीवन की प्रार्थना की।

## पीड़ितों की हर संभव मदद करें: मुख्यमंत्री

- सीएम ने गोरखपुर में शार्ट सर्किट से हुई अग्निकाण्ड की घटनाओं के पीड़ितों को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से 05-05 लाख एवं 02-02 लाख रूपए के चेक प्रदान किए



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यना ने विगत माह जनपद गोरखपुर के टाउनहॉल में शार्ट सर्किट से फर्नीचर मार्केट एंव दस नम्बर बोरिंग पर पेन्ट एंव इलेक्ट्रिक की दुकानों में हुई अग्निकाण्ड की घटनाओं के पीड़ितों को रविवार को गोरखपुर में मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से 05-05 लाख एवं 02-02 लाख रुपये के चेक प्रदान किए।

मुख्यमंत्री ने टाउनहॉल फर्नीचर मार्केट की अग्निकाण्ड घटना में पीड़ित शोभा देवी, आदित्य विक्रम सिंह, गिरिजा देवी तथा सोनिया गुप्ता को 02-02 लाख रुपये तथा 10 नंबर बोरिंग के अग्निकाण्ड में पीड़ित पवन कुमार जायसवाल एवं अवधेश जायसवाल को 05-05 लाख रुपये की सहायता राशि के चेक वितरित किए। उन्होंने पीड़ितों से अग्निकाण्ड से हुये नुकसान की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीड़ितो की हर संभव मदद की जाये। साथ ही, बिजली विभाग द्वारा भी सहायता प्रदान की जाए। इस अवसर पर शासन.प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री योगी ने सुनी 100 लोगों की समस्याएं

**लखनऊ/गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान आए फरियादियों की समस्याओं को सुना और उन्हें समुचित कार्वाई का भरोसा दिया। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि राज्य में नगर निकाय चुनाव के आचार संहिता के चलते करीब एक महीने बाद यहां जनता दर्शन का आयोजन किया गया और करीब 100 लोगों ने योगी से मुलाकात कर अपनी समस्याएं बताईं। गोरखनाथ मंदिर में नौ अप्रैल को अंतिम जनता दर्शन का आयोजन किया गया था। योगी ने धैर्यपूर्वक एक-एक कर लोगों की शिकायतें सुनीं और स्वयं चलकर उनके पास पहुंचे। लोग मंदिर परिसर में महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठे थे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री ने उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। योगी ने संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण के निर्देश दिए तथा संपत्ति पर जबरन कब्जा करने की शिकायत पर सख्त कानूनी कार्वाई के भी निर्देश दिए। जनता दर्शन के दौरान एक महिला ने उनसे बिजली बिल में छूट की गुहार लगाई और मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि वह उन्हें यथासंभव छूट प्रदान करेंगे। वहां कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक मदद मांगने भी आए थे, मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि इलाज में पैसे की कभी कोई दिक्कत नहीं होगी। योगी ने कहा कि मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पैसा दिया जाएगा। इस दौरान कुछ महिलाएं अपने बच्चों के साथ आईं और योगी ने उन्हें दुलार प्यार किया और चॉकलेट देकर पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री अपने गृह जिले के दौरे पर आए हैं। योगी गोरक्षपीठ के महंत भी हैं।

# सिपाही भेदजीत के हत्यारे मुठभेड़ में मारे गए

- शहर कोतवाल को भी लगी गोली
- एसटीएफ के साथ हत्यारों की खोज में लगाई गईं थीं छह टीमें
- मुठभेड़ में सिपाही को बचाने में घायल उरई कोतवाल अस्पताल में भर्ती





**संवाददाता।** उरई, जालौन

**सदर** कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाइवे पुलिस चौकी में तैनात सिपाही भेदजीत सिंह की बीती 10 मई की रात हत्या मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने सिपाही के हत्यारों को एक मुठभेड़ के दौरान मार गिराया। इस दौरान उरई कोतवाल भी बदमाशों की गोली लगने से घायल हो गए, वहीं दो सिपाही भी बदमाशों की गोली से बाल-बाल बच गए। पुलिस ने दोनो बदमाशों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गौरतलब हो कि सिपाही की हत्या के बाद छह टीमें हत्यारों की खोजबीन के लिये गठित की गयी थी साथ ही एसटीएफ की टीम भी उरई में डेरा जमाये थी।

बदमाशों का सुराग लगाने के लिये छह पुलिस टीमें दिन रात कोशिश कर रही थी। वहीं आला अधिकारियों ने जालौन पुलिस को जल्द से जल्द सिपाही के हत्यारों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे। रविवार को पुलिस को सूचना मिली कि सिपाही के हत्यारोपी दोनों बदमाश फैक्ट्री एरिया क्षेत्र में हैं। उरई कोतवाली पुलिस व एसओजी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और इलाके की घेराबंदी शुरू कर दी।

इसी बीच बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी दोनों बदमाश कल्लू पुत्र सुरेश चंद्र निवासी राहिया, रमेश पुत्र अंतति निवासी सरसौखी ने जब देखा कि पुलिस ने उनकी घेराबंदी कर ली दो उक्त दोनों बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जिसमें उरई कोतवाल शिवकुमार राठौर घायल हो गए। जबाबी कार्रवाई में पुलिस ने दोनों बदमाशों को मार गिराया। पुलिस अधीक्षक जालौन ईरज राजा ने बताया कि दोनों बदमाश शातिर किस्म के अपराधी रहे हैं। जो कि बीती 10 मई की रात उरई कोटवाली क्षेत्र के गोविन्दम चौकी के पास से गुजर रहे थे। जिन्हें ड्यूटी पर तैनात सिपाही भेदजीत सिंह ने रोका तो इन्होंने उस पर फायर कर दिया था। जिसमें सिपाही बच गया तो, बदमाशों ने उसके पश्चात सिपाही की धारदार हथियार से हत्या कर दी थी।

# शासन प्रशासन ने भाजपा एजेन्ट के तौर पर किया काम : अखिलेश

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने नगर निकाय चुनाव में जीते समाजवादी पार्टी के सभी प्रत्याशियों व भाजपा के खिलाफ लड़कर जीते सभी अन्य प्रत्याशियों को भी जीत पर हार्दिक बधाई दी है। अखिलेश यादव ने कहा कि नगरों से थोड़ा बाहर आते ही हर हथकंड़े अपनाकर भी भाजपा बुरी तरह हारी है। चुनाव परिणाम समाजवादी पार्टी के पक्ष में और बेहतर आते यदि भाजपा सरकार ने छलकपट, सत्ताबल और धनबल का दुरूपयोग करते हुए धांधली न की होती। भाजपा ने चुनावों को प्रभावित करने के लिए मतदाता सूची से वोट कटवाने से लेकर, फर्जी वोट डलवाए, मतगणना धीमी कराई। शासन प्रशासन ने भाजपा एजेन्ट के तौर पर काम किया और सपा के जीते हुए प्रत्याशियों को हराने का काम किया। यह चुनाव भाजपा ने नहीं, प्रदेश की सरकार ने लड़ा। यह पूरी तरह से सरकार के प्रबंधन का चुनाव था। भाजपा के पक्ष में नतीजों के लिए हर तरह के षड्यंत्र किए गए। मुख्यमंत्री लोगों को गुमराह करने में सत्ता का दुरुपयोग करने में लगे रहे।

अखिलेश ने कहा कि खेद की बात है कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव का दायित्व निभाने की जिम्मेदारी राज्य चुनाव आयोग की होते हुए भी उसकी भूमिका संदिग्ध बनी रही। पहले चरण में हुई धांधलियों की शिकायत करते हुए दूसरे चरण के चुनावों में भयमुक्त वातावरण में मतदान के लिए पुख्ता इंतजाम करने की मांग की थी। मतगणना के समय विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए बल प्रयोग तक किया गया। चुनाव आयोग मूकदर्शक बन गया। सच तो यह है कि नगर निकाय चुनावों में भाजपा फरेबी मतगणना से जीती है, मतदान से नहीं। भाजपा की यह तथाकथित चुनावी जीत लोकतंत्र के साथ छल, संविधान की शपथ की अवहेलना और जनमत का अपमान है। लोकतंत्र का इससे बड़ा उपहास हो ही नहीं सकता है। जनता के मतों की लूट और निकायों पर जबरन कब्जा भाजपा को बहुत मंहगा पड़ेगा। प्रदेश के लाखों लाख मतदाता अब सन् 2024 का इंतजार कर रहे हैं जब वे भाजपा को करारा सबक सिखाएंगे।

## कर्नाटक विधानसभा चुनाव में हार के बाद बीजेपी की उल्टी गिनती शुरू: सपा

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कर्नाटक के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी भाजपा की पराजय को उसकी उल्टी गिनती की शुरुआत करार दिया है। रविवार को एटा में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश ने कहा, कर्नाटक के विधानसभा चुनाव में तमाम जोर लगाने के बावजूद भाजपा को हार का सामना करना पड़ा है। यह भाजपा के लिए उल्टी गिनती की शुरुआत का संकेत है। शनिवार को आए कर्नाटक विधानसभा चुनाव के नतीजों में कांग्रेस ने राज्य में स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया। अखिलेश यादव ने शनिवार को ही संपन्न उत्तर प्रदेश के नगरीय निकाय चुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा पर मतदाताओं को वोट देने से रोकने और अन्य तमाम तरह की धांधली करने का आरोप लगाया और कहा कि यह चुनाव जीतने के लिए भाजपा जो हथकंडे अपना सकती थी वह अपनाए। उन्होंने अधिकारियों पर भाजपा के एजेंट के रूप में काम करने का आरोप लगाते हुए कहा, भाजपा ने अधिकारियों को भी अपनी पार्टी का सदस्य बना लिया है। जो भाजपा कहती है वही कानून की तरह माना जाता है। यह चुनाव लूट का चुनाव था और इसी का ही परिणाम आपको दिखाई दे रहा है। भाजपा के लोग भले ही जीत गए हों लेकिन चेहरे से वो खुशी नहीं दिखाई दे रही है। यादव ने कहा, भाजपा को सिर्फ जीत से मतलब है। चाहे लोकतंत्र और कानून खत्म हो जाए। उसे किसी की परवाह नहीं है। प्रदेश में अब लोकतंत्र नहीं बचा, आजादी नहीं है। इस सरकार में ऊपर से नीचे तक बैठे लोग झूठ और प्रोपोगंडा के अलावा कुछ नहीं कर रहे हैं।

## सिपाही ने गोली मार कर की आत्महत्या

**लखनऊ/बलरामपुर।** बलरामपुर पुलिस लाइन में तैनात एक सिपाही ने कथित तौर पर सरकारी रायफल से गोली मार कर आत्महत्या कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। एसपी केशव कुमार ने रविवार को बताया कि विवेक वर्मा (23) लखीमपुर खीरी का रहने वाला 2020 बैच का सिपाही था और पुलिस लाइन में उसकी तैनाती थी। विवेक देहात थाना क्षेत्र के छोटा धुसाह मोहल्ले में किराए के एक मकान में रहता था और नगर निकाय चुनाव में उसकी ड्यूटी लगी थी। शनिवार को जब वह ड्यूटी पर नहीं पहुंचा तो पुलिस कर्मियों को उसके आवास पर भेजा। पुलिस कर्मियों द्वारा आवाज देने पर कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो सिपाहियों ने शंका होने पर दरवाजा तोड़ दिया और जब वे कमरे के अंदर घुसे तो वहां उन्हें विवेक का खून से लथपथ शव मिला। शव के पास सरकारी एस. एल. आर. रायफल मिली जिससे उसने कथित रूप से खुद को गोली मारी थी।

## अमेरिका, सऊदी अरब व फ्रांस के लोगों में भी रही उप्र के नगर निकाय चुनावों को लेकर दिलचस्पी

**लखनऊ।** उप्र में नगर निकाय चुनाव के शनिवार को आए परिणाम को लेकर न सिर्फ देश, बल्कि दुनियाभर के लोगों की भी खासी दिलचस्पी दिखी। लोगों ने निकाय चुनावों की शुरुआत से लेकर इनके संपन्न होने तक में अपनी रुचि दिखाई। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर भारत के साथ-साथ अमेरिका, सऊदी अरब, फ्रांस और कुवैत तक के लोग भी इन चुनावों के परिणामों पर नजरें टिकाए रहे। राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों के अनुसार, उसकी वेबसाइट को 42 लाख उपयोगकर्ताओं ने चुनाव के दौरान देखा। ये चुनाव अप्रैल 2023 में शुरू हुए और 13 मई को परिणामों की घोषणा के साथ संपन्न हुए। राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट को भारत, अमेरिका, एशिया/प्रशांत क्षेत्र, सऊद्दी अरब, फ्रांस, संयुक्त अरब अमीरात और कुवैत के लोगों ने देखा। राज्य निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने वेबसाइट देखने वाले 42 लाख यूनीक यूजर्स का ब्योरा देते हुए कहा, भारत के 33.33 लाख से ज्यादा यूनीक यूजर्स ने चुनाव के दौरान वेबसाइट को देखा। अमेरिका के करीब पांच लाख से अधिक उपयोगकर्ताओं ने वेबसाइट का अवलोकन किया। एशिया/प्रशांत क्षेत्र के 6,477 और सऊद्दी अरब के 4,486 उपयोगकर्ताओं ने वेबसाइट देखी। फ्रांस से 2,110 और संयुक्त अरब अमीरात के 1987 और कुवैत के 1125 उपयोगकर्ताओं ने वेबसाइट का उपयोग किया।

उप्र के नगर निकाय चुनाव शनिवार को संपन्न हुए। राज्य में महापौर की सभी 17 सीट- वाराणसी, लखनऊ अयोध्या, झांसी, बरेली, मथुरा-वृंदावन, मुरादाबाद, सहारनपुर, प्रयागराज, अलीगढ़, शाहजहांपुर, गाजियाबाद, आगरा, कानपुर, गोरखपुर, फिरोजाबाद और मेरठ में भाजपा ने जीत हासिल की है। दो चरणों में हुए शहरी स्थानीय निकाय चुनावों में नगर पालिका परिषद के 198 अध्यक्षों और 5,260 सदस्यों, नगर पंचायतों के 542 अध्यक्षों और नगर पंचायतों के 7,104 सदस्यों का भी चुनाव हुआ।

## निकाय चुनाव में अपनी दुर्गति देख कर सपा बौखला गई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारतीय जनता पार्टी** के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने रविवार को कहा कि निकाय चुनाव में अपनी दुर्गती देख कर समाजवादी पार्टी बौखला गई है । सपा प्रमुख ट्वीटर पर राजनीति बघारने की जगह अगर जनता के बीच गये होते हो तो उन्हें प्रदेश की वर्तमान स्थिति पता लग गई होती। आज यूपी इन्फ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी, रोजगारए बिजली, स्वास्थ्य के मामले में किस ऊंचाइयों पर पहुंच गया हैए सपा को पता लग गया होता। प्रदेश के सभी 17 नगर निगमों में बीजेपी को सुशासन, विकास और सुदृढ़ हुई कानून.व्यवस्था के लिए जनता के विश्वास के रूप में प्रचंड बहुमत मिला है। सभी 17 नगर निगमों में महापौर के साथ ही वार्डों में भी समाजवादी पार्टी की हालत आज निर्दल उम्मीदवारों से भी खराब है। कई ऐसे नगर निकाय हैं जहां सपा से ज्यादा निर्दल प्रत्याशियों ने जीत हासिल की है।



प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सपा प्रमुख को सीधे सीधे निशाने पर लेते हुए कहा कि जिन्होंने करोड़ों सनातनियों के आस्था के प्रतीक भगवान श्रीराम और श्रीरामचरित मानस का अपमान करने वाले नेताओं को पार्टी में सम्मानित करने का काम किया उन लोगों को यूपी की जनता ने सबक सिखा दिया है। समाजवादी पार्टी के मुखिया 2024 में भाजपा की हार की बात कर रहे हैंए उन्हें ऐसे सपने देखना बंद कर देना चाहिए और ये गांठ बांध लेना चाहिए कि आने वाले लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीट पर बीजेपी का कमल प्रचंड बहुमत के साथ खिलने जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज प्रदेश सरकार जिस प्रकार बिना किसी भेदभाव के सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की भावना के साथ काम किया है उसी का परिणाम है कि नगर निकायों के चुनाव में जनता ने हमें प्रचंड बहुमत दिया है।

प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि हर कोई ये देख रहा है कि जहां एक ओर प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेता धूप, गर्मी और बरसात की परवाह किये बगैर एक दिन में चार से पांच जिलों में रैलियां कर रहे थे, वहीं सपा प्रमुख घर के एसी कमरे में बैठकर केवल ट्वीटर पर राजनीति कर रहे थे। अब तो समाजवादी पार्टी के जमीनी कार्यकर्ता भी समझ चुके हैं कि जो नेता अपने ही प्रत्याशियों के पक्ष में घर से बाहर नहीं निकल सकता है वो जनता के लिए क्या काम करेगा। सपा के आम कार्यकर्ता भी समझने लगे हैं कि उनके नेता हर बार हारने के बाद कभी ईवीएम तो कभी चुनाव आयोग को दोष देने लगते हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा समाजवादी पार्टी को अपनी हार लिए आत्ममंथन करना चाहिए न कि संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाने चाहिए।

## वक्त आने पर भाजपा को जवाब मिलेगा: मायावती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नगर निकाय** चुनाव के नतीजे आने के बाद समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के बाद बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग से बसपा चुप होकर बैठने वाली नहीं है, बल्कि वक्त आने पर इसका जवाब भाजपा को जरूर मिलेगा। रविवार को ट्वीट कर बसपा प्रमुख मायावती ने ट्वीट कर कहा कि उप्र निकाय चुनाव में भाजपा ने साम, दाम, दण्ड, भेद आदि अनेकों हथकण्डों के इस्तेमाल किया है। साथ ही साथ इनके द्वारा सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग से बसपा चुप होकर बैठने वाली नहीं है, बल्कि वक्त आने पर इसका जवाब भाजपा को जरूर मिलेगा। आगे उन्होंने कहा कि तमाम विपरीत हालात का सामना करते हुए बसपा पर भरोसा करके पार्टी उम्मीदवारों को वोट करने के लिए लोगों का तहेदिल से आभार एवं शुक्रिया। अगर यह चुनाव भी फ्री एण्ड फेयर होता तो नतीजों की तस्वीर कुछ और होती। बैलेट पेपर से चुनाव होने पर बसपा मेयर चुनाव भी जरूर जीतती। उन्होंने आगे कहा कि वैसे चाहे भाजपा हो या सपा दोनों ही पार्टियां सत्ता का दुरुपयोग करके ऐसे चुनाव जीतने में एक.दूसरे से कम नहीं हैं। यही वजह है कि सत्ताधारी पार्टी ही धांधली से अधिकतर सीट जीत जाती है। इस बार भी इस चुनाव में ऐसा ही हुआ, यह अति.चिन्तनीय।

# मुस्लिम प्रत्याशियों की जीत से उत्साहित भाजपा ने कहा, लोस चुनाव पर भी पड़ेगा असर

**लखनऊ।** अपनी मुस्लिम विरोधी छवि को तोड़ने की कोशिश के तहत उत्तर प्रदेश के नगरीय निकाय चुनावों में 395 मुसलमानों को टिकट देने वाली सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के करीब 45 उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है। भाजपा इसे लेकर उत्साहित है, और उसका मानना है कि पार्टी के प्रति मुसलमानों के बदलते रुझान का असर आगामी लोकसभा चुनाव पर भी पड़ेगा। हालांकि मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस ने भाजपा की दावों को गलत बताते हुए पूछा है कि क्या भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव में भी मुसलमानों को टिकट देगी।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर बासित अली ने रविवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि पार्टी ने शनिवार को संपन्न नगरीय निकाय चुनावों के लिए नगर पालिका और नगर पंचायत अध्यक्षों तथा नगर निगम पार्षद, नगर पालिका सदस्यों और नगर पंचायत सदस्यों के विभिन्न पदों के लिए कुल 395 मुस्लिम उम्मीदवारों को टिकट दिया था अब तक मिली जानकारी के मुताबिक उनमें से करीब 45 प्रत्याशी चुनाव जीते भी हैं। उन्होंने बताया कि गोरखपुर नगर निगम से भाजपा की पार्षद प्रत्याशी हकीकुन्निसां ने चुनाव में परचम लहराया है। वहीं, अमेठी से वार्ड पार्षद के लिए भाजपा के टिकट पर जेबा खातून भी जीती हैं। इसके अलावा हरदोई, सहारनपुर, संभल, बरेली और मुरादाबाद समेत कई जिलों में भाजपा उम्मीदवार के तौर पर मैदान में उतरे मुस्लिम प्रत्याशियों को जीत हासिल हुई है।

अली ने दावा किया कि मुस्लिम समाज ने भाजपा पर बड़ा भरोसा जताकर यह दिखा दिया है कि भाजपा सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र पर चलने वाली पार्टी है और मुस्लिम समाज किसी का बन्धुआ मजदूर नहीं है। यही कारण है कि मुसलमानों ने सपा, बसपा और कांग्रेस को नकारते हुए इस बार भाजपा पर बड़ा भरोसा जताया है। यह आने वाले लोकसभा चुनाव के लिहाज से मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि अगर मुसलमान बहुल सीटों पर भी भाजपा शानदार जीत दर्ज कर रही है तो यह दिखाता है कि अल्पसंख्यकों के मन में भाजपा को लेकर तमाम आशंकाएं समाप्त हो गई हैं। अब वे अपने विकास के लिए भाजपा को वोट दे रहे हैं और भाजपा के प्रति उसके मन में अफवाह फैलाने वालों की राजनीतिक दुकान बंद हो गई है। भाजपा के मुस्लिम उम्मीदवारों की जीत पर खुशी जाहिर करते हुए उत्तर प्रदेश की एकमात्र मुस्लिम मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी में कहा कि भाजपा ने सही मायने में अल्पसंख्यकों के शैक्षिक, सामाजिक और राजनीतिक विकास के लिए काम किया है।

# अटल आवासीय विद्यालयों में पहला शैक्षिक सत्र जुलाई से होगा शुरू

- श्रमिकों के बच्चे पढ़ेंगे मुफ्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश सरकार** अटल आवासीय विद्यालयों में पहला शैक्षिक सत्र जुलाई से शुरू करने जा रही है जिससे राज्य के श्रमिकों के बच्चों और कोविड-19 महामारी के दौरान अनाथ हुए बच्चों को मुफ्त में आधुनिक शैक्षिक सुविधाएं मिल सकेंगी। श्रम मंत्री ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इन विद्यालयों में प्रवेश के लिए नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इन आवासीय विद्यालयों का नाम भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिग्गज नेता और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के नाम पर रखा गया है। इनमें कक्षा छह से 12 तक के बच्चों को मुफ्त में शिक्षा प्रदान की जाएगी और विद्यार्थियों को पूर्ण आवासीय सुविधाएं भी मिलेंगी।

राज्य के प्रत्एक प्रशासनिक प्रभाग में ऐसे 18 विद्यालयों में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को एक प्रवेश परीक्षा पास करनी होगी। उत्तर प्रदेश के श्रम एवं रोजगार मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि कक्षा छह के लिए शैक्षिक सत्र जुलाई में शुरू होगा। इन विद्यालयों का प्रबंधन उत्तर प्रदेश श्रम विभाग करेगा।

राजभर ने कहा, उत्तर प्रदेश भवन और अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड (यपूीबीओसीडब्ल्यू) में पंजीकृत और कम से कम तीन वर्षों से ई-श्रमिक कार्ड रखने वाले माता-पिता के बच्चे इन विद्यालयों में प्रवेश के लिए पात्र हैं। ऐसे बच्चे जो कोविड-19 महामारी के कारण अपने माता-पिता में से किसी एक या दोनों को खो चुके हैं, वे भी प्रवेश के लिए पात्र होंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार एक मई 2010 से 30 अप्रैल 2013 के बीच जन्में बच्चे अटल आवासीय विद्यालयों में कक्षा छह में प्रवेश के लिए पात्र होंगे।

सरकार ने अटल आवासीय विद्यालयों में एक परिवार के अधिकतम दो बच्चों को प्रवेश देने का प्रावधान किया है। ऐसे विद्यालयों की स्थापना के पीछे के उद्देश्य के बारे में मंत्री ने कहा, अटल आवासीय विद्यालयों की स्थापना का उद्देश्य पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों का समग्र विकास सुनिश्चित करना है। इससे उन्हें मुख्यधारा में शामिल होने और बेहतर भविष्य हासिल करने में मदद मिलेगी। मंत्री ने कहा कि प्रत्एक अटल आवासीय विद्यालय को 70 करोड़ रुपए की लागत से विकसित किया जा रहा है। श्रम विभाग के विशेष सचिव राजेंद्र सिंह ने कहा, ए विद्यालय नवोदय विद्यालयों की तर्ज पर काम करेंगे और सीबीएसई पाठ्यक्रम का अनुसरण करेंगे। प्रत्एक अटल आवासीय विद्यालय में शिक्षकों के लिए लगभग 10 स्वीकृत पद हैं। शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है और आगामी सप्ताह में नियुक्ति पत्र जारी कर दिए जाएंगे। श्रम विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, प्रस्तावित विद्यालयों में से 16 का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। मुरादाबाद और बरेली में इन विद्यालयों का निर्माण समय से पीछे चल रहा है, लेकिन श्रम विभाग के अधिकारियों ने कहा कि इस देरी से प्रवेश प्रक्रिया पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

सिंह ने कहा कि सभी 18 विद्यालयों में प्रवेश होगा और बरेली और मुरादाबाद में भी अटल आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए अस्थाई आधार पर अलग से व्यवस्था की जाएगी। प्रदेश की राजधानी में नवनिर्मित अटल आवासीय विद्यालय मोहनलालगंज प्रखंड के सिथोरीकला में 17 एकड़ में फैला हुआ है। स्कूल का निर्माण 70 करोड़ की लागत से किया गया। इस विद्यालय के प्रधानाचार्य सुखबीर सिंह ने कहा, विद्यालय में एक अकादमिक ब्लॉक, लड़कों और लड़कियों के लिए अलग-अलग छात्रावास, मेस, शिक्षकों के कक्ष और प्रधानाचार्य का आवास है। स्कूल में शिक्षण के लिए उपयुक्त वातावरण प्रदान करने की सभी सुविधाएं हैं।

लखनऊ के एक राजमिस्त्री रघुनाथ वर्मा ने अपने चार बच्चों में से दो का नामांकन प्रपत्र जमा किया है। उन्होंने कहा मैंने अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए अपने 11 वर्षीय बेटे और 10 वर्षीय बेटी का नामांकन प्रपत्र जमा कर दिया है। वे पास के निजी विद्यालय में पढ़ते हैं और पढ़ाई में अच्छे हैं, लेकिन उनके विद्यालय की फीस हमारे लिए बहुत अधिक है। मुझे उम्मीद है कि उन्हें अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश मिल जाएगा और वे अपनी शिक्षा जारी रख सकेंगे। इस तरह प्रयागराज जिले के कोरांव विकासखंड के बेलहट गांव में अटल आवासीय विद्यालय का निर्माण किया गया है। यह विद्यालय प्रयागराज के ट्रांस-यमुना क्षेत्र में स्थित है और जिला मुख्यालय से 80 किमी से अधिक दूर है।

अधिकारी के अनुसार प्रवेश परीक्षा के लिए नामांकन प्रपत्र (एडमिनशन फॉर्म) श्रम विभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों से नि:शुल्क प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रवेश परीक्षा की तिथि मंडल स्तर पर अधिकारियों द्वारा तय की जाएगी और प्रवेश परीक्षा प्रक्रिया के 15 जून से पहले पूरी हो जाने की संभावना है। लखनऊ मंडल में अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए नामांकन प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि 27 मई है। लखनऊ की मंडलायुक्त रोशन जैकब ने बताया कि 11 जून को होने वाली प्रवेश परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की स्मृति में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वर्ष 2019 में अटल आवासीय विद्यालयों की स्थापना की घोषणा की गई थी। विद्यालय में विद्यार्थियों को मुफ्त में पढ़ाई करने और रहने की सुविधा मिलेगी और वर्दी, किताबों और बस्ते के लिए भी उनके अभिभावकों को पैसे नहीं देने पड़ेंगे।

# कड़ी सुरक्षा में हुई पीसीएस-प्री परीक्षा

● एडीएम समेत सेक्टर मजिस्ट्रेट ने देखीं केंद्र की व्यवस्थाएं ●प्रथम पाली में 70.70 और दूसरी में 69.87 फीसदी अभ्यर्थी हुए शामिल, सीसीटीवी की निगरानी में भारी सुरक्षा के बीच हुई मानीटरिंग



**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**रविवार** को उप्र लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित पीसीएस.प्री परीक्षा जिले में 15 परीक्षा केंद्रों पर सकुशल व नकल विहीन संपन्न हुई। इस दौरान प्रथम पाली में 70.70 प्रतिशत एवं द्वितीय पाली में 69.87 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा को सकुशल बनाने के लिए एडीएम समेत छह सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते रहे। वही 15 स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों पर मुस्तैद रहे। आयोग से भी समन्वयी पर्यवेक्षक परीक्षा की निरंतर निगरानी करते रहे।

रविवार को पीसीएस.प्री परीक्षा दो पालियों में हुई। पहली पाली सुबह साढ़े नौ बजे से लेकर दोपहर साढ़े ग्यारह बजे तक चली तो दूसरी पाली ढाई बजे से साढ़े चार बजे तक चली। परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से आधा घंटे पहले प्रवेश दिया गया। जनपद के 15 परीक्षा केंद्रों पर कुल पंजीकृत परीक्षार्थी 6503 के सापेक्ष पहली पाली में 4598 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तो 1905 अनुपस्थित रहे। इसी तरह से दूसरी पाली में 4544 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तो 1959 ने परीक्षा से किनारा कर लिया। परीक्षा सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में हुई।

एडीएम संजय कुमार सिंह ने दोनों पलिया की परीक्षा में भ्रमणसील रहकर सभी 15 परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट को परीक्षा में आयोग के शत प्रतिशत निर्देशों के अनुपालन के निर्देश दिए। एडीएम ने परीक्षा केंद्र जीआईसी, जीजीआईसीए गांधी विद्यालय, सिटी माण्टेसरी इण्टर कालेज, कृषक समाज इण्टर कालेज, सनातन धर्म सरस्वती विद्या मन्दिर बालिका इण्टर कालेज, भगवानदीन आर्य कन्या इण्टर कालेज, अबुल कलाम गर्ल्स इण्टर कालेज, इस्लामियां इण्टर कालेज, डीएस कालेज, पं. दीन दयाल उपा. सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज (यूपी बोर्ड), पं. दीन दयाल उपा. सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज (सीबीएससी बोर्ड), वाईडी कॉलेज, एलपीएसए पीके इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया एवं चल रही परीक्षा देखी। छह सेक्टरो में तैनात मजिस्ट्रेट एसडीएम श्रद्धा सिंह, पंकज श्रीवास्तवए राजेश कुमार, अनुराग सिंह, विनीत उपाध्याय, रत्नाकर मिश्रा ने भ्रमणसील रहकर अपने सेक्टर के परीक्षा केंद्रों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए पूरी परीक्षा को सकुशल संपन्न कराया।

# घर के बाहर मिला रिटायर्ड सैन्यकर्मी के बेटे का शव हत्या और आत्महत्या में उलझी पुलिस

● गले, पेट, कलाई और जांघ पर मिले चाकू से वार करने के निशान

**संवाददाता।** बरेली

**नकटिया** के सैनिक विहार कॉलोनी में तड़के सवा पांच बजे घर से सात मीटर दूर युवक की लाश खून से लतपथ मिली। उसके गले, पेट, कलाई और जांघ में चाकू से वार करने के निशान थे। परिजनों ने मृतकी पत्नी व उसके साथी पर हत्या का आरोप लगाया। वहीं पुलिस ने घर में मिली सल्फास की गोलियां, जले कपड़े, बिखरा पड़ा सामन को देख आत्महत्या करने की आशंका जताई है। फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

नकटिया के मृतक के भाई दुर्गा प्रसाद सिंह रावत ने बताया कि उनका भाई रघुवर दयाल सिंह रावत (46) नकटिया में सैनिक कॉलोनी में रहता था। उनके पिता राधे सिंह रावत सेना से रिटायर्ड थे। राधे सिंह की बीमारी से 29 अप्रैल को मृत्यु हो गई थी । इसके बाद उनकी भाभी कॉलोनी के एक व्यक्ति के साथ चली गई। जब उनके भाई ने पत्नी को तलाश करने का प्रयास किया तो पत्नी के साथी ने जान से मारने की धमकी दे डाली।

रघुवर दयाल शनिवार को थाने गए, लेकिन पुलिस मतगणना में व्यस्थ होने के कारण उनकी सुनवाई नहीं हो सकी। रविवार तड़के कॉलोनी वालों से रघुवर दयाल की लाश घर से कुछ दूरी पर पड़े होने की सूचना मिली। दुर्गा प्रसाद मौके पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि गले, कलाई, पेट और जांघ पर चाकू से वार के निशान थे।

उन्होंने अपनी भाभी और उसके साथी पर हत्या का आरोप लगाया। कैंट इंस्पेक्टर बलवीर सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।पुलिस ने बताया कि कमरे से मिली सल्फास की गोलियां, जले कपड़े, बिखरा सामान, टूटी चूड़िया देखकर आत्महत्या करने की आशंका जताई। पेट पूरी तरह से फ्टा नहीं था। कलाई और गले पर भी निशान थे, लेकिन वह भी गहरे नहीं थे। आशंका है कि सल्फास खाने के बाद रघुवर ने पड़ोसी से पानी भी मांगा था।

# नगर के विकास के लिए योजनाबद्ध तरीके से होगा कामः मो. क़य्यूम



**सिंगाही खीरी।** नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मोहम्मद क़य्यूम ने अपनी दूसरी बार जीत के बाद दूसरे दिन मीडिया के लोगों से वार्ता करते हुए कहा कि नगर में योजनाबद्ध तरीके से विकास किया जाएगा। विकास कार्यो में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर की सफाई व्यवस्था को और अधिक चाक चौबंद बनाया जाएगा। उन्होंने सभी वर्ग व धर्म के लोगों को समान अधिकार व सम्मान देने की बात भी कही। उन्होंने सभी लोगों से गंगा जमुनी तहजीब बरकरार रखने की अपील की।नवनिर्वाचित चेयरमैन ने अपनी जीत को नगर की जनता की जीत बताते हुए कहा कि नगर के लोग बदलाव चाहते थे। लोगों की भावनाओं का सम्मान किया जाएगा। मेरी जीत का सारा श्रेय क़स्बे की जनता को जाता है। ये केवल मेरी जीत नहीं पूरे क़स्बे की जनता की जीत है। जनता ने अपना प्यार और विश्वास मुझ पर जताया हैए जिसके वह आभारी हैं। सभी लोग अपने तरीके से चुनाव लड़े हैं और सबको लड़ने का अधिकारी भी है। सभी वायदे पूरे किए जाएंगे।

## 28 मई को बरेली जिला स्तरीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**बरेली।** इंडो बॉडीबिल्डिंग फिटनेस एसोसिएशन यूपी के तत्वधान में 28 मई 2023 दिन रविवार सायं 5 बजे बरेली जिलास्तरीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन सदर बाजार, रावण फील्ड, कैंट बरेली में किया जा रहा है आईबीएफए के प्रदेश अध्यक्ष नदीम खान ने बताया बरेली जिला बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में लगभग संपूर्ण जिले से 200 खिलाड़ियों को भाग लेने का अनुमान है प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण मिस्टर इंडिया मो. कमर का बॉडी शो रहेगा मुख्य अतिथि के रूप में आईबीएसए के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु चौहान जी उपस्थित रहेंगे मुख्य अतिथि के द्वारा सफल खिलाड़ियों को मेडल सर्टिफिकेट ट्रॉफी टी-शर्ट गिफ्ट आदि से नवाजा जाएगा मीटिंग में अशोक कुमार, शरद तिवारी, शेखर लाल गुप्ता, फौजी चरन सिंह यादव, सुमित बालाजी, मोहम्मद कमर, तौफीक अहमद, अनमोल सक्सेना, रोहित तिवारी, पंडित जी, सफदर अली आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# आईसीएसई बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में भी सीतापुर के मेधावियों का रहा शानदार प्रदर्शन

● रीजेन्सी पब्लिक स्कूल का रहा दबदबा ● जिले के पहले तीन टॉपर्स रीजेन्सी पब्लिक स्कूल से निकले ● आयुष श्रीवास्तव ने 98.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर किया जिला टॉप ●सूरज शॉक्य व दिव्यांशी शुक्ला रहे दूसरे स्थान पर ●सूरज व दिव्यांशी ने प्राप्त किए 98.20 प्रतिशत अंक

**सीतापुर।** आईसीएसई बोर्ड हाईस्कूल परीक्षाफ्ल में सीतापुर के मेधावियों ने अथक परिश्रम, लगन और परफेक्ट टाइम मैनेजमेन्ट के दम पर सफ्लता का झण्डा गाड़ा। सीतापुर में हाईस्कूल की परीक्षा में रीजेन्सी पब्लिक स्कूल, सेक्रेड हार्ट स्कूल, सीनियर्स रेडिएन्ट एकेडमी मिश्रिख और डॉन बास्को हाईस्कूल महमूदाबाद के 327 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए 324 उत्तीर्ण हुए और जिले का परीक्षाफ्ल 99.08 प्रतिशत रहा। जिले की टॉप-टेन लिस्ट में 17 मेधावियों ने जगह बनायी जिसमें रीजेन्सी पब्लिक स्कूल सीतापुर के 14, डॉन बास्को महमूदाबाद के 2 व सेक्रेड हार्ट स्कूल नैपालापुर के एक छात्र ने इस लिस्ट में जगह बनायी। हाईस्कूल में जिले के प्रथम तीन टॉपर्स रीजेन्सी पब्लिक स्कूल के ही रहे। रीजेन्सी पब्लिक स्कूल के आयुष श्रीवास्तव ने 98.40 प्रतिशत अंको के साथ जिले में पहला, सूरज शॉक्य व दिव्यांशी शुक्ला ने 98.20 प्रतिशत अंको के साथ जिले में संयुक्त रूप से दूसरा, वैभव सिंह ने 98 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले में तीसरा, जिज्ञासु त्रिवेदी ने 97.40 प्रतिशत अंको के साथ चौथा, अनुभूति श्रीवास्तव ने 97.20 प्रतिशत अंको के साथ जिले में पांचवां जबकि रीजेन्सी पब्लिक स्कूल की ही नैना तेजवानी ने 97 प्रतिशत अंको के साथ जिले में छठा स्थान प्राप्त किया। पहले 6 स्थानों पर रीजेन्सी पब्लिक स्कूल के छात्र/छात्राओं का ही दबदबा रहा। जिले में सातवें स्थान पर रीजेन्सी पब्लिक स्कूल के दक्ष तलरेजा और सेक्रेड हार्ट स्कूल के पार्थ अरोड़ा रहे जिन्होंने 96.80 प्रतिशत अंक अर्जित किए। रीजेन्सी पब्लिक स्कूल के तनमय गुप्ता, हर्ष रस्तोगी व फ्हिया सहनवाज ने 96.20 प्रतिशत अंको के साथ जिले में संयुक्त रूप से 8वां स्थान प्राप्त किया। रीजेन्सी पब्लिक स्कूल की आकृति भसीन, विधि गोयल और हर्ष रस्तोगी ने 95.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में संयुक्त रूप से 9वां जबकि डॉन बास्को हाईस्कूल के आर्यन कार्तिकेय व गौरी अग्रवाल ने 95.40 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले में संयुक्त रूप से दसवां स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा की चमक बिखेरी।

## क्विक न्यूज

### पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए पूरी तरह निःशुल्क ओ लेवल और सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण का मौका

**लखीमपुर खीरी।** पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से पिछडा वर्ग के बेरोजगार युवक, युवतियों के लिए संचालित श्ओश् लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण शीघ्र संचालित होगा। इस वर्ग से जुड़े छात्र छात्राओं के लिए बेहतर अवसर है। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी वीरपाल ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023.24 में योजना के अन्तर्गत भारत सरकार की अधिकृत संस्था नीलिट से मान्यता प्राप्त जनपद में संचालित संस्थाओं द्वारा पिछड़े वर्ग के युवक, युवतियों को ओ लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2023.24 में ओ.लेवल/सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए अभ्यर्थी पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, उप्र की बेवसाईट पर दिये गये लिंक के माध्यम से जनसुविधा केन्द्रों, साईबर कैफे, निजी इण्टरनेट केन्द्र द्वारा स्वयं आनलाइन आवेदन 16 जून से 30 जून तक किया जा सकता है। ऑनलाइन आवेदन के समय शैक्षिक व अन्य अभिलेखों को अपलोड किया जायेगा। अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। आनलाइन आवेदन के उपरान्त आवेदन की प्रति का प्रिंटआउट प्राप्त कर समस्त अभिलेखों/औपचारिकओं (आय, जाति प्रमाण पत्र व अन्य शैक्षिक अभिलेख) को संलग्न करते हुए उसकी हार्डकापी कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, लखीमपुर खीरी विकास भवन में 30 जून को सायं 05 बजे तक जमा की जायेगी।

### आज खीरी आएंगे उप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य

**लखीमपुर खीरी।** उप्र राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के माण् सदस्य श्याम त्रिपाठी का 15 मई को एक दिवसीय भ्रमण पर जनपद भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। उक्त आशय की जानकारी डीपीओ संजय कुमार निगम ने दी। डीपीओ ने बताया कि 15 मई को उप्र राज्य बाल अधिकार आयोग के सदस्य श्याम त्रिपाठी जिला अस्पताल, सीएचसी, प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालयों, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, आंगनवाड़ी केन्द्रों, बाल गृहों का निरीक्षण कार्यक्रम प्रस्तावित है। उसी दिन अपराहन् 02 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में अफ्सरों के साथ मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, एक युद्ध नशे के विरूद्ध पीकू वार्ड व बाल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा बैठक लेंगे।

### चोरी के सामान के साथ रंगे हाथों पकड़ कर किया पुलिस के हवाले, भेजा जेल

**बरेली।** थाना बिथरी चौनपुर पुलिस को दो व्यक्तियों ने अपने निर्माणाधीन मकान से चोरी करते हुए 2 लोगों को रंगे हाथ पकड़ कर पुलिस के हवाले किया , जिनके पास से चोरी का सामान बरामद हुआ है। दोनों चोरों ने कबूल किया है कि उन्होंने इसके अलावा अन्य चोरियां भी की है। पुलिस ने दोनों चोरों पर मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया है।थाना चौनपुर क्षेत्र के चंदपुर बिचपुरी में प्रेमनगर थाना क्षेत्र के रहने वाले विपिन कुमार शर्मा पुत्र स्वर्गीय महावीर प्रसाद शर्मा का एक निर्माणाधीन मकान है। आज सुबह लगभग 6 बजे दो चोर जिनका नाम राजेन्द्र मौर्य पुत्र धर्मदास मौर्य और हरिशंकर कश्यप पुत्र मुन्नालाल निवासी ग्राम बिचपुरी थाना बिथरी चौनपुर है वो चंदपुर स्थित उनके घर से एक समर सेबिल मोटर ,5 कालम पाइप , सेफ्टी वायर, 30 मीटर बिजली का तार, 1 एल्बो, 1 निपिल, 1 क्लैम चोरी कर ले जा रहे थे जिन्हे रंगे हाथों पकड़ लिया। पूछताछ करने पर दोनों चोरों ने अन्य चोरियों को भी कबूला। उन्होंने बताया कि कुछ समय पहले बिथरी चौनपुर थाना क्षेत्र के रामगंगानगर के सेक्टर 7 से एक अपाचे गाड़ी चुराई थी, जिसे उन्होंने दोहरा रोड जाकर अपनी मजबूरी बताकर अज्ञात लोगों के हाथ 10 हजार में बेंच दिया और अपना नाम पता भी उसको गलत बताया।इसके अलावा चोरों ने बताया कि उन्होंने इज्जतनगर थाना क्षेत्र के अड़ूपुरा के जंगल से एक ट्यूबबैल की मोटर को चुराया था और वहां पर रखा एक कीपैड मोबाइल भी उठा कर ले गए थे। ट्यूबवेल की मोटर का आर्मेचर अलग निकाल कर उन्होंने कबाड़ी के हाथ 2,000 रुपए में बेच दिया था , तथा कीपैड मोबाइल को झाड़ी में फेंक दिया था। इज्जत नगर थाना से जब जानकारी ली गई तो बताया कि इस मामले में इज्जतनगर में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

### संरक्षित गुलर का पेड (हरा भरा) काटने वाले अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**बरेली।** विजय प्रकाश सिंह उपक्षेत्रीय वन अधिकारी भुता बरेली व मनोज यादव उपक्षेत्रीय वन अधिकारी फ्रीदरपुर बरेली व उप निरीक्षक परवीन कुमार थाना क्योलडिया व राहुल चौहान थाना क्योलडिया द्वारा मुखबिर की सूचना पर बिना परमिट के चोरी से संरक्षित पेड (गूलर) हरा भरा को रात्रि में 12.35 बजे काटते समय ग्राम बरनाई केशोपुर से अभियुक्त जाबिर शाह पुत्र स्वर्गीय सहजादे निवासी ग्राम रम्पुरा परवीन थाना भुता को मौके से गिरफ्तार किया गया तथा मौके से हरा भरा गूलर का वृक्ष जिसकी गोलाई 4 मीटर बरामद किया गया जिसके सम्बन्ध में थाना क्योलडिया में मुकदमा लिखा गया वन संरक्षण अधिनियम बनाम जाबिर शाह पुत्र स्वर्गीय सहजादे निवासी ग्राम रम्पुरा परवीन थाना भुता जनपद बरेली आदि 02 नफ्र पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष अजय कुमार थाना क्योलड़िया, विजय प्रकाश उपक्षेत्रीय वन अधिकारी भुता, मनोज यादव उपक्षेत्रीय वन अधिकारी फरीदरपुर, उप निरीक्षक परवीन कुमार, कांस्टेबल राहुल चौहान मौजूद थे।

### वोट न देने वाले ग्रामीण ने चाकू से काटी अपनी गर्दन

**बरेली।** थाना सिरौली के मोहल्ला गढ़ी निवासी इवदेश 40 वर्षीय पुत्र ज्ञान सिंह सुबह गांव में घूम रहा था कुछ लोग सड़क पर खड़े थे बात कर रहे थे उन्होंने कहा इवदेश की वीडियो बना ली है इन्होंने शिव शंकर को फूल पर वोट नहीं दिया है। शिव शंकर हार गए इस बात को लेकर इवदेश डर गया और घर पर आया चाकू से गर्दन काट ली एक इवदेश को पुलिस ने सीएचसी में उपचार के लिए ले गए। डॉक्टर नेमेडिकल परीक्षण के बाद जिला अस्पताल को रेफ्र कर दिया। इवदेश को जिला अस्पताल में भर्ती कर लिया गया है इलाज चल रहा है। शिव शंकर भारतीय जनता पार्टी से चेयरमेन प्रतियाशी थे हार गए।

## आज से हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर टीबी की सेवाओं को अधिक व्यवस्थित करने के लिए चलेगा अभियान

**संवाददाता।** बरेली

**जनपद** को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने एक और कदम उठाया है। जिले के सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर टीबी मरीजों को व्यवस्थित सुविधा प्रदान हो इसके लिए 15 मई से 21 कार्य दिवस तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर दो-दो टीबी चौंपियन जल्द ही बनाए जाएंगे। यह अन्य टीबी मरीजों के लिए प्रेरणा बनेंगे।जिला क्षय रोग अधिकारी डा. के सी जोशी ने बताया कि टीबी संबंधित सेवाओं का सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। इसके तहत सेंट्रल टीबी डिवीजन और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर दो-दो टीबी चौंपियन बनाने के निर्देश दिए थे। इनमें एक महिला व एक पुरुष को टीबी चौंपियन बनाने हैं। पूरे जिले के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर दो टीबी चौंपियन की लिस्ट तैयार कर ली गई है। उसे जल्द ही स्टेट को भेज दिया जाएगा। टीबी का इलाज बीच में छोड़ रोगियों को चिन्हित करके इस अभियान के तहत उनका पूर्ण इलाज शुरू किया जाएगा। जिला पी पी एम समन्वयक बिजय कुमार ने बताया कि जनवरी से अब तक 5513 टीबी के मरीज चिन्हित किए गए हैं। वर्तमान में कुल 4850 टीबी के मरीजों का इलाज चल रहा हैं। इनमें से 735 मरीजों को निक्षय मित्रों द्वारा गोद लिया गया है।

# चुनावी मैदान में जेठानी ने देवरानी और भतीजे ने चाचा को दी मात

**संवाददाता।** सिंगाही खीरी

**निकाय चुनाव** के चुनाव में कई सीटों पर दिलचस्प मुकाबला देखने को मिला। यहां चाचा को भतीजे, देवरानी को जेठानी से चुनाव में टक्कर मिली है। नगर पंचायत सदस्य के चुनाव में मतगणना के बाद जेठानी के चेहरे पर खुशी दिखाई दी। वहीं देवरानी उदास नजर आई। निकाय चुनाव को शहरी इलाकों में सबसे छोटे स्तर के चुनाव में देखा जाता है। इन चुनाव में कई बार कुछ ऐसे मुकाबले भी हो जाते हैं जहां परिवार के दो लोग ही विचारधारा की लड़ाई को लड़ने के लिए आमने.सामने होते हैं। क़स्बे के वार्ड नंबर चार से उम्मीदवार चाचा बीरबल दिवाकर और भाजपा के उम्मीदवार भतीजे ध्रुव के आमने सामने चुनाव में भतीजे ध्रुव कुमार ने बाजी मारी। वहीं क़स्बे के वार्ड नं तीन में जेठानी कमला देवी ने सदस्य पद के लिए पर्चा दाखिल किया। जिस पर नाराजगी भुनाने को देवरानी ममता ने भी नामांकन कर चुनाव लड़ा। चुनाव में जहां कमला देवी





को 258 मत मिले और वह विजयी घोषित की गई। वहीं देवरानी को 255 मत पाकर हार का सामना करना पड़ा।

# छठी बार सभासद बनीं सुशीला

**संवाददाता।** मोहम्मदी खीरी

**नगर** मे मोहल्ला भीतर मोहम्मदी के वार्ड नंबर 8 से लगातार 6 वी बार चुनी गयी सभासद सुशीला वर्माएजो एक घरेलू महिला है, जिन्हें अपने ससुराल मे राजनीति बिरासत मे मिला, इनके पति पेशे से डाक्टर है, सुशीला वर्मा का परिवार नगर में हिंदू मुस्लिम एकता के रूप में जाना वापस जाना जाता हैए सुशीला वर्मा ने भीतर मोहम्मदी वार्ड संख्या 8 से पहला चुनाव सभासद के रूप में 1998 में लड़ा, जिसने उस वार्ड के मतदाताओं ने पहली बार उन्हें नगर पालिका परिषद पहुंचाया।

उसके उपरांत अपने कार्य, व्यवहार के चलते 2003, 2008, 2013, 2018 और इस बार 2023 में अपने निकटतम प्रतिद्वंदी विजय कुमार को लगभग 288 मतों के भारी अंतर से हराया, इनके वार्ड में नगर पालिका परिषद की तरफ से पानी, साफ सफाई, अच्छी सड़कें, और व्यवहार इनके जीतने का



प्रबल कारण बनती है, इस बार चुनाव में कुल 830 मत पड़े, जिसमें 488 मत पाकर छठी बार नगर पालिका का हिस्सा बनी, उन्होंने बताया कि हमारे मोहल्ले में सभी समुदाय का हमेशा सहयोग व प्यार मिलता आया है, और इस बार भी सभी के सहयोग से सभासद चुनी गई हूं उन्होंने कहा अपने वार्ड में समुचित विकास कराना हमारी प्रथम प्राथमिकता में एक है।

# ब्रह्माकुमारी ने मातृ दिवस मनाया

**बरेली।** ब्रह्माकुमारी संस्था, बरेली द्वारा मातृ दिवस समारोह चौपला सेंटर पर मनाया गया। इस अवसर पर पारुल बहन ने कहा कि इस संस्था में माताओं बहनों को प्रारंभ से ही आगे बढ़ाया गया और माताओं बहनों ने ही इस संस्था को संपूर्ण रूप से समर्पित होकर, त्याग की भावना से बहुत आगे बढ़ाया है। संस्था की सभी दीदी संस्था से जुड़े भाई बहनों की। मां की तरह ही स्नेह से, समर्पित भाव से पालना करती हैं इसलिए सर्वप्रथम सभी दीदी को मातृ दिवस पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पार्वती दीदी ने कहा कि मां वो चीज है जो हमेशा बिना हिसाब के देती रहती है कभी लेने की इच्छा नही रखती, मां वो चीज है जो बच्चे को लायक बनाने के लिए सब कुछ करती है, मां के अंदर समाने की, सहने की, समेटने की असीम शक्ति होती है, मां जैसा दुनिया में कोई हो नही सकता। मां कभी अपने बच्चे का अहित नहीं कर सकती।परंतु आज के समय में बच्चे मां बाप का पूरा ध्यान नहीं रखते हैं। उन्हें मां बाप की दुआएं लेनी चाहिए, मां बाप का सम्मान करे।इसके बाद अतुल जी एवं मोहित भाई ने सुंदर गीत प्रस्तुत किए। छोटी बहनों द्वारा मां पर बहुत सुन्दर गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किए गए।

नीता बहन ने मां की महिमा करते हुए कहा कि हम वंदे मातरम्, भारत माता की जय गाते हैं । मां बच्चे के लिए एक सुरक्षा कवच होती है बच्चे को कोई दिक्कत, परेशानी होती है तो बच्चा मां के पास जाकर ही सुरक्षित महसूस करता है। मां ही बच्चे की प्रथम गुरु होती है सच्ची टीचर, सच्ची दोस्त होती है, मां सच्ची नर्स भी होती है। मां मोमबत्ती की तरह है जो खुद पिघलती है रोशनी औरों को देती है। पारुल बहन ने मां की महिमा में बहुत सुंदर कविता सुनाई। इस अवसर पर विशेष मेहमान भावना भल्ला, हरीश भल्ला, सुधा रानी, सुरेश रस्तोगी, अजीतभाई रहे, सभी के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित किया गया। संस्था से जुड़े भाई बहन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफ्ल संचालन पारुल बहन द्वारा किया गया।

# नजीर बना प्राथमिक स्कूल धुरहा, दे रहा प्रेरणा

● जब आएंगे पीएस धुरहा तो कांवेंट जाएंगे भूल

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**एक** ऐसा विद्यालय जिसकी हर दीवार कुछ सिखाती है, जिसका मैदान खेलने के लिए आकर्षित करता है, जहां शिक्षक सिर्फ बच्चों को समझाने की बजाय उनको समझने पर भी जोर देते हैं। बिल्कुल ऐसा ही है कुंभी ब्लाक का धुरहा प्राथमिक विद्यालय है। जी हांए सरकारी विद्यालय। जब यहां आप आएंगे तो कान्वेंट स्कूलों की भव्यता भी भूल जाएंगे। इस सप्ताह का सर्वश्रेष्ठ विद्यालय बनने का खिताब अपने नाम दर्ज किया।

पीएस धुरहा में मात्र 02 शिक्षक हैं, जिसमें एक शिक्षक, एक शिक्षिका हैं। विद्यालय की उपस्थिति 75 से 80 फीसदी रहती है तथा सभी नौनिहाल स्कूल यूनिफार्म में प्रार्थना सभा में शामिल होते हैं। बच्चों को पढ़ाई के साथ.साथ जनरल नॉलेज की भी काफी जानकारी है। विद्यालय प्रांगण स्वच्छ और पेड़.पौधों से भरा पड़ा है। विद्यालय को करीने से सजाया भवन स्कूल के बोझिल वातावरण को खुशनुमा बनाने वाला है। यहां की दीवारों पर ज्ञानवर्धक संदेश देखे जा सकते हैं। पढ़ाई के साथ समग्र विकास के लिए सभी जरूरी संसाधन स्कूल में मौजूद हैं।

इंचार्ज प्रधानाध्यापक इरफान अली के नेतृत्व में प्रत्येक सप्ताह स्कूल में कोई ना कोई प्रतियोगिता होती है। पीटीएम बैठक में बच्चों के नियमित उपस्थिति पर फोकस रहता है। विद्यालय में आकर्षक पुस्तकालयए रीडिंग कॉर्नर की उचित व्यवस्था है। खेलकूद के लिए खेल सामग्री, दीक्षा एप से बच्चों को पठन.पाठन की सामग्री उपलब्ध है। विद्यालय की दीवारों पर आकर्षक बाला पेंटिंग की उपलब्धता, प्रिंट रिच मटेरियल सामग्री का बच्चों को इस्तेमाल कर रहे है। विद्यालय में छात्रों को विभिन्न कार्यों की जिम्मेदारी दी, जिसमें पौधों, बागवानी की जिम्मेदारी तथा क्लास मानीटर के रूप में अनुशासन बनायें रखना। अनुपस्थित छात्रों को सूचित करना है। विद्यालय में नामांकन 131 हैए जिसमें 64 छात्रए 67 छात्रा है। शिक्षक.शिक्षिका के निरंतर प्रयास से विद्यालय को निपुण बनाने की ओर अग्रसर है।

प्राथमिक विद्यालय का शौचालय अन्य स्कूलों के लिए स्वच्छता के मामले में नजीर बन गया है। अंदर से बाहर तक साफसफाई और रंग.रोगन किया गया है। आम तौर पर स्कूलों में इस तरह के साफसुथरे और रंग.बिरंगे शौचालय देखने को नहीं मिलते। गर्मी से बच्चों को बचाने के लिए विद्यालय में हवा की अच्छी व्यवस्था की गई है। इसके अलावा पानी की व्यवस्था भी स्कूल में साफसुथरी है। एक टंकी में सात टोंटियां लगाई गई हैं। टंकी के टाइल्स दमकते हैं।

# मोदी-योगी के सुशासन और विकास से प्रदेश में बनी ट्रिपल इंजन की सरकार : सांसद पटेल





**संवाददाता।** चित्रकूट

**निकाय** चुनाव में बांदा-चित्रकूट संसदीय क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशियों की शानदार जीत के बाद सांसद आर के सिंह पटेल ने रविवार को मुख्यालय के बनकट गांव के समीप मंदाकिनी तट पर स्थित बंधोईन माता के सुप्रसिद्ध मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर सांसद ने कहा कि निकाय चुनाव में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत मोदी-योगी सरकार के सुशासन और चहुमुखी विकास की देन है। कहा कि नवनिर्वाचित अध्यक्ष क्षेत्र में विकास की गंगा बहाकर ट्रिपल इंजन की सरकार को मजबूत करने का संकल्प लें। बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि पूरे देश और प्रदेश में मोदी-योगी की लहर है। डबल इंजन के सुशासन और विकास कार्यो के दम पर भाजपा को प्रचंड बहुमत मिला है। उन्होंने कहा कि सरकार में लागू हुई जनकल्याणकारी योजनाओं ने पूरे प्रदेश का कायाकल्प किया है।

प्रदेश में डकैतों, गुंडों-माफियाओं का खात्मा कर सरकार ने कानून का राज कायम किया है। चित्रकूट के पर्यटन विकास के लिए सरकार ने बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे और टेबल टाप एयरपोर्ट की सौगात दी है। प्रधानमंत्री आवास योजना से सभी गरीबों को पक्की छत मिली है। पानी की बूंद-बूंद को तरसने वाले बुंदेलखंड को हर घर जल योजना से आच्छादित कर सरकार ने पाइप लाइन के माध्यम से गांवों और शहरी इलाके में पीने का शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का ऐतिहासिक कार्य किया है। विकास परख नीतियों से प्रभावित होकर जनता ने यूपी में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाई है। अब केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का धरातल पर प्रभावी तरीके से संचालन हो सकेगा।

### चित्रकूट का चौमुखी विकास होगी प्राथमिकताः नरेन्द्र गुप्ता

**चित्रकूट।** भाजपा से नगर पालिका परिषद कर्वी का अध्यक्ष पद जीतने के बाद नरेन्द्र गुप्ता ने पालिका क्षेत्र के सभी मतदाताओं एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार जताते हुए कहा कि वे जनता की कसौटी पर पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। जनता के दुख-सुख में खड़े होने के साथ शासन से धन आवंटित होने पर नगर क्षेत्र के विकास में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखेंगे। रविवार को अध्यक्ष पद के विजयी प्रत्याशी नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि उनकी प्राथमिकता गरीब तबके के लोगों का हर सम्भव विकास की है। नगर क्षेत्र के लोगों को शासन की योजनाओं का भरपूर लाभ दिलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि व्यापारी बन्धुओं के व्यापार में वृद्धि को भी वे बोर्ड की बैठक में योजना बनाकर कार्य करेंगे।

## बसपा समर्थित निर्वाचित अध्यक्ष का हो रहा स्वागत

**मौदहा,** हमीरपुर। दूसरे चरण में सम्पन्न हुए निकाय चुनाव में कस्बे की नगरपालिका अध्यक्ष पद पर काबिज हुए बसपा समर्थित प्रत्याशी रजा मोहम्मद उर्फ श्रीनाथ का जगह-जगह लोग स्वागत कर रहे हैं तथा निर्वाचित अध्यक्ष स्वयं ही लोगों के पास जाकर उन्हें अपार सहयोग करने का आभार प्रकट कर रहा है। इसी क्रम में रविवार को दोपहर बाद कस्बे की गल्ला मंडी में काम करने वाले पल्लेदारों के बीच पहुंचे नवनिर्वाचित अध्यक्ष रजा मोहम्मद उर्फ श्रीनाथ ने उन्हें संबोधित करते हुए कहा कि यह जीत मेरी नहीं बल्कि आप सभी की जीत है और मैंने तो आपसे वोट ले लिया है लेकिन अब आपकी बारी है छोटे से छोटे काम को कराने के लिए आप नगरपालिका आएं और मेरा कान पकड़कर मुझसे काम लें तभी आपके वोट द्वारा दिया गया मुझे वोट का बदला आपको मिलेगा। इस दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने गल्ला मंडी में काम करने वाले सभी पल्लेदारों को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया और कहा कि उनके द्वारा गरीबों, मजलूमों को प्राथमिकता दी जाएगी।

## भाजपा दिग्गजों के बूथों पर हाथी व साइकिल ने बनाई बढ़त

● अपनों के भितरघात का शिकार हुए भाजपा प्रत्याशी

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**भाजपा** के दिग्गजों के बूथों पर हाथी व साइकिल ने जमकर बढ़ाई बढ़त । गत दिन हुई मतगणना में यह तो साफ हो गया कि बीजेपी प्रत्याशी को उसकी ही पार्टी के कई दिग्गजों की बूथों पर पटखनी खानी पड़ी। जहां हाथी गणेश बनकर दौड़े। बीजेपी प्रत्याशी अपनी ही पार्टी और सरकार में भीतरघात का शिकार हो गयं। जबकि प्रचार के लिये दो उप मुख्यमंत्री और एक कैबिनेट मंत्री आये थे। वहीं दूसरी तरफ बसपा को न ही रोड शो की अनुमति मिली और और कई मुकदमें दर्ज हुए सो अलग। लेकिन हाथी उसके बाद भी लगातार ताकत बढ़ाता चला गया।

शहर में विधान सभा या लोक सभा का चुनाव हो या फिर नगर पालिका अध्यक्ष का उसकी हार जीत में पूर्व मंत्री स्वर्गीय ब्रह्मदत द्विवेदी का मोहगा सेनापति अहम भूमिका में होता है। इस मोहगे में स्वर्गीय द्विवेदी के पुत्र सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी आदि बीजेपी नेता निवास करते हैं। इसके साथ पूरा मोहगा ही बीजेपी का माना जाता है। लेकिन नगरपालिका चुनाव में जिस तरह से हाथी ने विधायक के मोहगे में उत्पात मचाया उससे साफ है कि बीजेपी प्रत्याशी की सीट अपनों के ही भीतर घात का शिकार हो गयी।

दरअसल विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी के मोहगे सेनापति में तीन बूथ है। 267, 268 व 269 है। जिसमे कमरा नम्बर एक में बूथ 267 पर सपा की एकता चौधरी को 30 मत मिले, कांग्रेस की मुमताज को 1 मत मिला, आप की राधा श्रीवास्तव 2 मत, वत्सला अग्रवाल को 153 मत मिले। जबकि बीजेपी प्रत्याशी सुषमा गुप्ता 205 मत इस बूथ पर मिले। वहीं बूथ संख्या 268 पर सपा को 75 मत मिले, बसपा की वत्सला को 166 मत मिले जबकि बीजेपी की सुषमा इस बूथ पर 122 मत पाकर बूथ हार गयीं। जबकि मतदेय स्थल संख्या 269 पर सपा को 54, बसपा की वत्सला को 81 मत मिले। वहीं बीजेपी नें यहां बढ़त बनाकर 155 मत हासिल किये।

भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष एमएलसी प्रांशु दत्त द्विवेदी के आवास के सामने मतदान केंद्र नारायण आर्य कन्या डिग्री कालेज में चार बूथ हैं । जिसमे भाजपा चारों खाने चित हो गयी। मतदान केंद्र 165, 166,167 व 168 वोट पर पड़ेंद्य जिसमे बूथ संख्या 165 में सपा को 381, वत्सला को 49, बीजेपी की सुषमा गुप्ता को 15 मत मिले । बूथ संख्या 166 में सपा 157, बसपा 48, बीजेपी सुषमा गुप्ता 47 मत, बूथ संख्या 167 पर सपा को 246, बसपा की वत्सला को 28, बीजेपी प्रत्याशी सुषमा को 6 मत मिले। बूथ संख्या 168 पर सपा को 150, बसपा प्रत्याशी वत्सला को 13 व बीजेपी का खाता तक नही खुला। मतलब एक भी वोट इस बूथ पर नही मिला।

फिलहाल दिग्गजों में मोहगे में विरोधी पार्टी के प्रत्याशियों नें बेहतर प्रदर्शन किया।

## गिरिजा को मिला पालिका अध्यक्ष की कुर्सी पर दोबारा विराजने का अवसर



**उरई,** जालौन। मदर्स डे की पूर्व संध्या पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष गिरिजा चौधरी के लिए एक बेहतरीन उपहार के तौर पर रही जब उन्हें नगर पालिका अध्यक्ष की कुर्सी पर दूसरी बार भी विराजने का मौका मिला। उनकी जीत को लेकर यहां नगर वासियों में चर्चा है कि पूर्व पालिका अध्यक्ष विजय चौधरी ने अपनी मेहनत और लगन से यह कामयाबी मां को बतौर उपहार दी है हालांकि यह भी सच है कि गिरिजा चौधरी ने अपने पूर्व के कार्यकाल में विकास कार्यों की गंगा बहाकर अपना वजूद नगर वासियों के बीच साबित कर दिखाया था। इस बार जनता ने उन्हें अपना भरपूर समर्थन देकर एक बार फिर कुर्सी पर बिठाया है। इस बात में भी संदेह नहीं कि उनके बेटे विजय का कार्यकाल भी यादगार रहा इस तरह से जनता का निर्णय मां-बेटे के विकास कार्यों का प्रतिफल माना जा रहा है।

विजय चौधरी जब नगर पालिका अध्यक्ष बने तो उन्होंने सर्वप्रथम नगर पालिका क्षेत्र में ऐसे विकास कार्यों को अंजाम दिया था जिससे नगर की तस्वीर में सुंदरीकरण के रंग भरे जाएं मसलन नगर के मार्गों पर डिवाइडर और उन पर लाइटिंग के अलावा चौराहों का सुंदरीकरण मुख्य रूप से था उनके इस कार्य की नगर में जमकर सराहना हुई। हाल ही के निकाय चुनाव के नतीजे अप्रत्याशित नहीं बल्कि जनता की ओर से पूर्व सुनिश्चित समर्थन का संकेत दे रहे हैं

## परीक्षा में सफल छात्रों को एमएल कांवेंट प्रबंधन ने किया सम्मानित



**जालौन,** उरई। सीबीएसई बोर्ड में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में सफलता प्राप्त करने वाले छात्रों को एमएल कांवेंट स्कूल प्रबंधन की ओर से सम्मानित किया गया। इस दौरान छात्र, छात्राओं के चेहरों पर उनकी सफलता की खुशी झलक रही थी। इंटरमीडिएट में प्रिंसी त्रिपाठी ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया है। वहीं, हाईस्कूल के परीक्षा परिणाम में छात्र अमन यादव ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्लॉस में पहला स्थान प्राप्त किया। इस दौरान प्रबंधक गौरव गुप्ता व प्रधानाचार्य उदय पांडेय ने सभी मेधावी छात्रों को विद्यालय में बुलाकर उन्हें फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया और मिष्ठान खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके परीक्षा परिणाम को लेकर बधाई दी। कहा कि वह जिस भी क्षेत्र में जाना चाहें उस क्षेत्र में अपनी सफलता का परचम लहराएं। इस मौके पर सीनियर कोऑर्डिनेटर शालिनी, सुनील त्रिपाठी, अनुराग, बलवीर, सादिक, प्रिंस, गोपाल मिश्रा, रितेश शर्मा श्यामानंद त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत व समर्पण से मिली जीत-रामजी

**रूरा,** कानपुर देहात। भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत व समर्पण से ऐतिहासिक विजय प्राप्त हुयी है, यह बात नवनिर्वाचित चैयरमैन रामजी गुप्ता ने नगर पॅचायत रूरा के भाजपा प्रभारी रहे महेन्द्र मिश्रा के विदाई समारोह में कही। प्रभारी के विदाई समारोह में भारी सॅख्या में लोग मौजूद रहे।

विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुये नवनिर्वाचित चैयरमैन ने कहा कि चुनाव प्रभारी महेन्द्र मिश्रा की सटीक रणनीति व योजनाओं के कार्यान्वयन मे भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत व समर्पण से भाजपा को कस्बे में ऐतिहासिक विजय हासिल हुयी है। इस मौके पर प्रभारी महेन्द्र मिश्रा ने कहा कि रूरा मण्डल के भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमें गर्व है, जिस श्रमशीलता से इस प्रचण्ड गर्मी में कार्यकर्ताओं ने जमीन पर मेहनत कर भाजपा प्रत्याशी रामजी गुप्ता को विजयी बनाया है, उसकी दूसरी मिसाल देना सॅभव नहीं है। विदाई समारोह को वरिष्ठ भाजपा नेता डा0 भानुप्रकाश मिश्रा, ्शैलेन्द्र राजावत, अर्चना मिश्रा सहित अन्य भाजपाइयों ने सम्बोधित किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से



रामबाबू शुक्ला, हरिओम यादव, कमलप्रकाश गुप्ता, गिरजेश दुबे, बबलू कुशवाहा, पुच्चू अवस्थी, सॅजय द्विवेदी, वॅशलाल सेंगर, राजू भदौरिया,प्रमोद शुक्ला, बृजेन्द्र द्विवेदी,जयकुमार परमार, अखिलेश गुप्ता लल्ला, अजय गुप्ता बिन्दू, श्रवण गुप्ता, संदीप गुप्ता, विपिन गुप्ता, प्रशान्त ओमर, अविनाश ओमर, शरद ओमर, विनय ओमर, चितवन ओमर, अभिषेक दीक्षित बउआ, सोनू तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सीपीएस में मातृ दिवस पर हुआ विशेष समारोह का आयोजन



**फतेहपुर।** चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सभी ने गाया तू कितनी अच्छी है, तू कितनी भोली है ओ मां को सभी ने जमकर सराहा। विद्यालय में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले बच्चों के साथ-साथ मातृ शक्तियों का माल्यार्पण कर अभिनंदन भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एडिशनल डिस्ट्रिक जज अनिल कुमार, सिविल जज सीनियर डिवीजन अनुराधा शुक्ला समेत अन्य अतिथियों में ब्रह्मकुमारी नीरा बहन, बकेवर सीपीएस की प्रधानाचार्या ललिता मिश्रा का बच्चों ने रोली तिलक लगाकर व पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत व अभिनंदन किया। अतिथियों ने शुभारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन करके किया।

### कर्नाटक की जीत पर कांग्रेसियों ने मनाया जश्न

**फतेहपुर।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली ऐतिहासिक जीत पर जिले के कांग्रेसियों में भी खुशी का माहौल है। कल से लेकर आज तक लगातार कांग्रेसी एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर जश्न मना रहे हैं। रविवार को शहर के शान्तीनगर स्थित एक गैरेज में कांग्रेसियों ने जीत का जश्न मनाकर इस जीत का श्रेय राहुल गांधी व प्रियंका गांधी को दिया। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सईद चच्चा के गैरेज में जश्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के तमाम कांग्रेसियों ने हिस्सा लिया।

# विद्युत पेयजल जैसी समस्याओं का होगा निस्तारण : संजीव मिश्रा

● नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया प्याऊ का उद्घाटन

**संवाददाता।** राजापुर, चित्रकूट



रविवार को भीषण गर्मी को देखते हुए कस्बे के वार्ड नं चार कारखाना निवासी संतोष कुमार गुप्ता के द्वारा कस्बे में निशुल्क प्याऊ संचालित किया गया है। जिसमे भाजपा के नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्र और समाजसेवी सुनील कुमार मिश्रा ने फीता काटकर प्याऊ का उद्घाटन किया। लोगो को खाने के लिए पेठा, बताशा तथा ठंडा पेय जल पिलाकर कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दिया।

उदघाटन अवसर पर भाजपा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्र ने कहा कि भीषण गर्मी होने के कारण बाजार आने जाने वाले लोगो, के लिए कस्बे में कई स्थानों में उचित जगहों पर पेय जल की व्यवस्था कराई गई है। उत्तर प्रदेश सरकार के मंशा अनुरूप तुलसी धाम राजापुर के विकास के लिए सतत प्रयास किया जाएगा। आगामी बरसात के मौसम को देखते हुए पानी की निकासी के लिए योजना बनाकर नालियों का निर्माण किया जाएगा। नगर में पेयजल विद्युत एवं प्रकाश के लिए एक नई योजना तैयार करके विस्तारित क्षेत्र के वार्डों में भी शहर जैसी सुविधाएं मोहिया कराई जाएंगी। वही सुनील कुमार मिश्रा ने कहा चुनावी भेदभाव को भूलकर नगर के विकास में हर व्यक्ति की सहभागिता से तुलसी जन्मस्थली राजापुर का विकास संभव करने के लिए चुनावी मुद्दों को त्यागना पड़ेगा। जब की जनपद का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से लेकर 41और 42 तक हो जाने के कारण, मानव जीवन के साथ साथ गौ वंशो तथा घुमक्कड़ जानवरो के पानी पीने, की व्यवस्था शासन प्रशासन द्वारा न किए जाने के कारण जन सहयोग से उनके पानी पीने की व्यवस्थाएं कराने के लिए चिल्ली राकस पंप कैनाल से गंगी तालाब में पानी भरवाने की आवश्यकता है।

## नेहा के आवास पर लगा बधाई देने वालों का तांता

**जालौन,** उरई। नगर पालिका अध्यक्ष पद पर भाजपा की नेहा पुनीत मित्तल की जीत के बाद उनके घर बधाइयां देने वालों का तांता लगा रहा। इस दौरान नगर में जीते हुए प्रत्याशियों के समर्थकों ने मिष्ठान्न वितरण कर एवं गोले दागकर खुशी का इजहार किया। वहीं विपक्षी अपनी हार का आंकलन करने में जुटे रहे। नगर पालिका के अध्यक्ष पद के चुनाव में भाजपा से जीत कर आई नवनिर्वाचित पालिकाध्यक्ष नेहा पुनीत मित्तल के घर मतगणना के बाद से ही बधाइयां देने वालों का तांता लगा है। वहां पहुंचने वाले लोगों का मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया गया। नेहा पुनीत मित्तल ने सभी का आभार व्यक्त किया। उधर, रात में जीते हुए प्रत्याशियों के समर्थक आतिशबाजी कर व गोले दागकर खुशी का इजहार करते नजर आए। वहीं, हारे हुए प्रत्याशी अपनी हार के कारणों पर चर्चा करते नजर आए। नगर की जनता भी दिन भर चुनावी चर्चा को लेकर मशगूल रही।

## अपनी ही सरकार की व्यवस्था के खिलाफ धरने पर बैठे विक्रम सिंह

**संवाददाता।** फतेहपुर

**भारतीय** जनता पार्टी के कद्दावर नेता एवं पूर्व सदर विधायक विक्रम सिंह आज शाम तीसरी बार धरने पर बैठ गए। यह अलग बात है कि कुछ ही देर में ऊपर से आए एक तल्ख संदेश के बाद उनको उठना पड़ा! इसके पूर्व योगी राज वन में दो बार अपनी ही पार्टी की सरकार की व्यवस्था के खिलाफ वे धरने पर बैठ चुके हैं! गौरतलब है कि लगभग चार वर्ष पूर्व तत्कालीन जिला अधिकारी आञ्जनेय कुमार सिंह द्वारा युद्ध स्तर पर जनपद में चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान को शहर क्षेत्र के चौंक इलाके में रोकने के लिए सदर क्षेत्र के विधायक रहते विक्रम सिंह ने कोतवाली में धरना दिया था। यह अभियान तो रोक दिया गया किन्तु विक्रम सिंह के साथ साथ भाजपा की इससे काफी फजीहत हुई थी। यह वाकया योगी राज वन का है।

योगी राज वन में ही दूसरी बार लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व एक तथाकथित मुस्लिम भाजपाई से मारपीट को लेकर सपा नेता/नगर पालिका परिषद (फतेहपुर) के चेयरमैन प्रतिनिधि हाजी रजा मोहम्मद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने और गिरफ्तारी को लेकर पुन: विधायक रहते उन्होंने कोतवाली में धरना दिया था। बाद में रजा ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया किन्तु विधान सभा चुनाव में रजा का जेल में रहने का विपरीत असर पड़ा और जनमानस ने विक्रम सिंह को नकार दिया। इस विस चुनाव में सदर सीट से विपरीत परिस्थितियों के बावजूद सपा को बड़ी जीत हासिल हुई और रजा मोहम्मद की जेल से रिहाई भी उसी दिन हुई जिस दिन विधान सभा चुनाव के परिणाम घोषित हुए! आज नगर निकाय चुनाव मतगणना पूरी होने के बाद जब नगर पालिका परिषद फतेहपुर की सीट पर सपा प्रत्याशी को विजयी घोषित किया गया तो पूर्व विधायक विक्रम सिंह इसके विरोध में मतगणना स्थल के निकट ही धरने में बैठ गए।

## सौ में 88 अध्यक्ष प्रत्याशी नहीं बचा पाये अपनी जमानत

**हमीरपुर।** जिले में निकाय चुनाव में अध्यक्ष पद में सौ प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे थे। जिसमे केवल 12 प्रत्याशी अपनी जमानत बचा पाये है,शेष 88 प्रत्याशियों की जमानत धनराशि जब्त कर ली गयी है। जानकारी के मुताबिक अध्यक्ष पद में सामन्य पुरुष के लिये आठ हजार व शेष के लिये चार हजार रुपये जमानत धनराशि निर्धारित की गयी थी। जिसमे निकाय क्षेत्र में कुल मतदाता संख्या के एक बटे पांच मत प्राप्त करने पर ही जमानत धनराशि बच सकती है। जिसमे हमीरपुर क्षेत्र में सात में चार प्रत्याशियों की जमानत धनराशि जब्त हो गयी है,केवल विजयी प्रत्याशी कुलदीप निषाद,संजय साहू,युगांक मिश्रा की जमानत बच पायी है। इसी प्रकार कुरारा क्षेत्र में विजयी प्रत्याशी आशारानी कबीर,माया बाल्मीकि की जमानत बच पायी है शेष ग्यारह प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गयी है। इसी प्रकार मौदहा क्षेत्र में विजयी प्रत्याशी रजा मोहम्मद व बीजेपी के बाल्मीकि गोस्वामी की जमानत बच पायी है शेष छह प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गयी है। राठ क्षेत्र में 13 प्रत्याशी चुनावी मैदान में जिसमे विजयी प्रत्याशी भाजपा के श्रीनिवास बुधौलिया व सपा के दानिश खां की जमानत बच पायी है शेष ग्यारह प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गयी है। गोहांड में नौ प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे जिसमे जिसमे विजयी प्रत्याशी भाजपा की अनीत व बसपा की कल्पना की जमानत बच पायी है शेष सात लोगो की जमानत जब्त हो गयी है।

### एक ने फांसी तो दूसरे ने जहर खाने का किया प्रयास

**मौदहा,** हमीरपुर। क्षेत्र में हुई अलग-अलग घटनाओं में दो महिला सहित चार लोग घायल हो गये, गंभीर हालत में एक को जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया है। क्षेत्र के फत्तेपुर निवासी मांटू पत्नी रामस्वरूप अज्ञात कारणों के चलते रविवार की सुबह फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त करने की कोशिश की आनन-फानन में परिजनों ने कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया हालत में सुधार न होता देख चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। दूसरी घटना श्याम शिवहरे निवासी मौदहा ने अज्ञात कारणों से चूहा मार दवा खां लिया परिजनों ने आनन-फानन कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

## पेज एक का शेष

### देसी कंपनियों...

अधिसूचित वस्तुओं के लिए खरीद कार्रवाई शुरू करेंगे। सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में घरेलू रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कई उपाय किए हैं। भारत वैश्विक स्तर पर हथियारों के सबसे बड़े आयातकों में से एक है।

### जयशंकर ने...

विदेश मंत्री हादजा लाहबीब के साथ पहली बैठक में जयशंकर ने द्विपक्षीय संबंधों और बहुपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई। उन्होंने बुल्गारिया के विदेश मंत्री इवान कोंडोव के साथ भी विचारों का आदान-प्रदान किया और मजबूत होते द्विपक्षीय एवं बहुपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। जयशंकर ने साइप्रस के विदेश मंत्री कॉन्स्टेंटिनोस कोम्बोस के साथ गतिशीलता और पर्यटन पर चर्चा की। उन्होंने ट्वीट किया, साइप्रस के विदेश मंत्री कॉन्स्टेंटिनोस कोम्बोस से मिलकर अच्छा लगा। हमने संपर्क बढ़ाने की संभावना पर गौर किया। गतिशीलता और पर्यटन के बारे में बात की। हमारे बहुपक्षीय सहयोग पर भी चर्चा की। जयशंकर ने लातविया के विदेश मंत्री एडगर्स रिंकेविक्स से भी मुलाकात की और यूक्रेन विवाद के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने ट्वीट किया, ईयू-हिंद प्रशांत मंत्रिस्तरीय मंच के इतर लातविया के विदेश मंत्री के साथ अच्छी बैठक हुई। हमारे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और यूक्रेन संघर्ष के नतीजों पर बात की। अपने आपसी बहुपक्षीय सहयोग पर भी चर्चा की। जयशंकर ने लिथुआनिया के विदेश मंत्री गेब्रिलस लैंड्सबर्गिस से मुलाकात के बाद ट्वीट किया, लिथुआनिया के विदेश मंत्री लैंड्सबर्गिस के साथ द्विपक्षीय सहयोग और हिंद-प्रशांत पर एक अच्छी बातचीत हुई। जयशंकर ने यूक्रेन में फंसे सभी भारतीय नागरिकों को स्वदेश लाने के लिए चलाए गए अभियान ऑपरेशन गंगा में सहयोग देने के लिए अपने रोमानियाई समकक्ष बोगदान आँरेस्कु को धन्यवाद दिया। उन्होंने ट्वीट किया, ईयू हिंद-प्रशांत मंत्रिस्तरीय मंच के इतर रोमानिया के विदेश मंत्री से बातचीत की। ऑपरेशन गंगा में सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। रक्षा और ऊर्जा सहयोग पर चर्चा की। क्षेत्र के बारे में उनके दृष्टिकोण को जानकर लाभ हुआ। जयशंकर बांग्लादेश से स्वीडन पहुंचे हैं, जहां उन्होंने शुक्रवार को छठे हिंद महासागर सम्मेलन को संबोधित किया था।

### कर्नाटक के...

वाले थे, लेकिन अब उनका दो साल का तय कार्यकाल होगा। सूद इस समय कर्नाटक के पुलिस महानिदेशक हैं। वह पहले बेल्लारी और रायचूर जिलों के पुलिस अधीक्षक थे। वह बेंगलुरु शहर में पुलिस उपायुक्त (कानून एवं व्यवस्था) और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (यातायात) और मैसूर शहर के पुलिस आयुक्त थे। आईपीएस अधिकारी ने मॉरीशस सरकार के पुलिस सलाहकार के रूप में भी काम किया है।

### प. बंगाल...

देने मना कर दिया था। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के बयान पर टीएमसी प्रवक्ता कुणाल घोष ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस बंगाल में सीपीआई (एम) की सी टीम थी, अब भाजपा की बी टीम है, उसे सिर्फ अपने अस्तित्व के बारे में सोचना चाहिए। कर्नाटक की जीत ने उन्हें अति महत्वाकांक्षी बना दिया है। दूसरी ओर पीसीसी अध्यक्ष अधीर ने ममता बनर्जी पर विश्वासघात का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विपक्षी एकता को उनके धोखे के कारण मेघालय, गोवा, त्रिपुरा में हार का सामना करना पड़ा। इसलिए अब वह अप्रासंगिक हो गई हैं।

### महाराष्ट्र में...

नाना पटोले सहित एमवीए के अन्य नेता बैठक में शामिल हुए। पाटिल ने कहा कि कर्नाटक की तरह मैं आश्वस्त हूं कि एमवीए महाराष्ट्र में भी लोगों का विश्वास जीतेगा और कहीं अधिक मजबूती के साथ काम करेगा। उन्होंने कहा कि एमवीए नेताओं ने अन्य छोटे दलों के साथ बातचीत करने का फैसला किया है और वे 2024 में मौजूदा शासन को एक कड़ी टक्कर देने की उम्मीद कर रहे हैं।

## टाण्डा में 25 वार्डों के विजेता

**टाण्डा अम्बेडकर नगर।** नगर पालिका परिषद टांडा के 25 वार्डों में हुए सभासद पद के चुनाव में जहां पर भाजपा प्रत्याशी घिसियावन मौर्य ने छठी बार तो जमाल कामिल राजू व मो0 ।जाहिद छोटू ने तीसरी बार मो0 अशरफ ने चौथी बार तो खदीजा खातून तीसरी बार पुन: निर्वाचित हुए है वही आशीष यादव दूसरी बार जो लाटरी सिस्टम से निर्वाचित हुए है। विजयी उम्मीदवारों की सूची इस प्रकार है।

वार्ड 1 नेहरूनगर मन्नू कन्नौजिया निर्दलीय, छज्जापुर पूर्वी दशरथ भाजपा, कश्मीरिया पुष्पा निर्दलीय, सिकन्दराबाद अमीचन्द निर्दलीय, मुबारकपुर उत्तरी आशीष यादव निर्दलीय, मुबारकपुर दक्षिणी मोहम्मद नसीम निर्दलीय काजीपुरा साजिदा खातून निर्दलीय अलहदादपुर मेहरूलनिशां निर्दलीय, छज्जापुर दक्षिण पूनम सोनी भाजपा, अलीगंज उत्तरी अल्लाबख्श निर्दलीय,सकरावल उत्तरी जुल्फिकार अहमद निर्दलीय, मुबारकपुर पूर्वी शायराबानो निर्दलीय, मीरानपुरा मो0 जाहिद निर्दलीय, हयातगंज उत्तरी राकेश कुमार गुप्ता निर्दलीय, हयातगंज पश्चिमी घिसियावन मौर्य भाजपा,फक्कूपट्टी फिरोज जहां निर्दलीय कस्बा पश्चिम मोहम्मद अशरफनिर्दलीय, कस्बा उत्तरी शकील अहमद निर्दलीय,साहिल अख्तर निर्दलीय, नबाब साबरी निर्दलीय निर्दलीय निर्वाचित हुए है।

# जीत के जश्न में विवाद, नवनिर्वाचित अध्यक्ष समेत 25 नामजद किए गए

**संवाददाता।** टाण्डा अम्बेडकर नगर

**मतगणना** के उपरांत विजयी उम्मीदवार के समर्थकों द्वारा खुशियां मानते समय हुए विवाद के मामले में पुलिस ने नवनिर्वाचित चेयरमैन व सपा विधायक सहित 25 नामज़द व 1000 अज्ञात लोगों पर लगभग एक दर्जन संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। सपा विधायक पूर्व मंत्री पर मुकदमा दर्ज होने से उनके समर्थकों में काफी आक्रोश नज़र आ रहा है। बाज़ार में सन्नाटा छाया हुआ है और भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 15 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।वहीं सपा जिलाध्यक्ष ने भाजपा पर षड्यंत्र का आरोप लगाया है। मामला इब्राहिमपुर थानाक्षेत्र के नगर पंचायत इल्तिफ़ातगंज बाजार में स्थित रामलीला मैदान का है जहाँ शनिवार शाम में निर्वाचित सपा प्रत्याशी के समर्थकों द्वारा खुशियां मनाई जा रही थी कि शिकायत पर पहुंची पुलिस ने पहुंच कर तितर बितर कर दिया। इब्राहिमपुर निवासी अजय कुमार व प्रेम प्रकाश, विपिन कुमार, मनोज कुमार, लवकुश, शुभम शुक्ला आदि की शिकायत पर इब्राहिमपुर पुलिस ने अपराध संख्या 127/23 आईपीसी की धारा 147ए 148ए 149ए 188ए 295 एए 153 एए 353ए 504ए 506 व 7 क्रिमनल ला अमेंडमेंट एक्ट के तहत नवनिर्वाचित अध्यक्ष शमा परवीन व उनके पति इरफानए पूर्व चेयरमैन के प्रतिनिधि निजाम अहमद व कटेहरी विधायक लालजी वर्मा पूर्व मंत्री लाल जी वर्मा सहित 25 नामज़द व 1000 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमा वादी का आरोप है कि चुनाव जीतने के बाद भीड़ सुनियोजित तरीके से पराजित भाजपा प्रत्याशी के आवास के पास स्थित रामलीला मैदान में धर्मिम उन्माद एवं बल्वा फैलाने के उद्देश्य से ईंट पत्थर हथगोला आदि लेकर हमला कर दिया। जबकि नवनिर्वाचित चेयरमैन शमा परवीन का कहना है कि मतगणना के बाद वो घर चली गईं थी और उनके बाकी समर्थक उनकर घर उसी मार्ग से खुशियां मानते आ रहे थे कि अचानक पुलिस ने पहुँच कर सभी को तितर बितर कर दिया है। कटेहरी विधायक लालजी वर्मा के समर्थकों ने आक्रोश प्रकट करते हुए बताया कि श्री लालजी वर्मा अपने आवास से निकले ही नहीं थे फिर भी उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया गया जो विधायक की क्षवि को धूमिल करने का प्रयास है।

समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जंग बहादुर यादव ने भाजपा पर षड्यंत्र का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर भीड़ में उनकी प्रत्याशी मौजूद रही तो चुनाव आयोग के निर्देश का पालन क्यों नहीं किया गया। विजयी प्रत्याशी को सुरक्षा के साथ बिना भीड़ के उनके आवास तक पहुंचाने का काम पुलिस प्रशासन का था तो उन्हें सुरक्षा क्यों नहीं दी गई।

# बहुध्रुवीय विश्व बहुध्रुवीय एशिया के जरिए ही संभव है : जयशंकर

**भाषा**। स्टॉकहोम-लंदन



**विदेश मंत्री एस** जयशंकर ने रविवार को कहा कि वैश्वीकरण मौजूदा दौर की वास्तविकता है और बहुध्रुवीयता का मूल्यांकन होना चाहिए, क्योंकि बहुध्रुवीय दुनिया बहुध्रुवीय एशिया के जरिए ही संभव है। वह स्टॉकहोम में यूरोपीय संघ (ईयू) हिंद-प्रशांत मंत्री-स्तरीय मंच (ईआईपीएमएफ) को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच संबंधों को मजबूत करने समेत कई द्विपक्षीय मुद्दों पर भी अपने यूरोपीय संघ के समकक्षों के साथ बातचीत की। जयशंकर ने भारत और यूरोपीय संघ के बीच नियमित, व्यापक और स्पष्ट संवाद का भी आह्वान किया, जो केवल आज के संकट तक ही सीमित न हो। उन्होंने कहा, वैश्वीकरण हमारे दौर की एक वास्तविकता है। दूरदराज के क्षेत्र और देश दुनिया में कहीं भी होने वाली महत्वपूर्ण घटनाओं से अछूते नहीं रह सकते। न ही हम उन्हें अपनी सुविधा के अनुसार चुन सकते हैं। विदेश मंत्री ने कहा, हिंद-प्रशांत खुद ही वैश्विक राजनीतिक की दिशा में तेजी से अहम होता जा रहा है। यूरोपीय संघ तथा हिंद-प्रशांत एक-दूसरे के साथ जितनी भागीदारी करेंगे, उतना ही बहुध्रुवीयता मजबूत होगी और याद रखिए जिस बहुध्रुवीय दुनिया को यूरोपीय संघ पसंद करता है, वह बहुध्रुवीय एशिया के जरिए ही संभव है। जयशंकर ने कहा कि ऐतिहासिक और सांस्कृतिक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन अंततः भारत और यूरोपीय संघ राजनीतिक लोकतंत्रों, बाजार अर्थव्यवस्थाओं और बहुलवादी समाज से ही बने हैं। उन्होंने कहा कि भारत जितनी तेजी से अपनी वैश्विक मौजूदगी का विस्तार करेगा, उतना ही वह आने वाले वर्षों में यूरोपीय संघ के साथ जुड़ेगा। जयशंकर ने भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के क्वाड समूह को वैश्विक वृद्धि का मंच भी बताया, जो हिंद-प्रशांत के किसी भी मूल्यांकन के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, भौगोलिक रूप से, हिंद-प्रशांत एक जटिल और भिन्न परिदृश्य है, जिसे अधिक गहन जुड़ाव के माध्यम से बेहतर रूप से समझा जा सकता है। भारत की बहुत कम सरकारों ने यूरोपीय संघ और उसके सदस्य देशों के साथ भागीदारी में इतनी ऊर्जा लगाई है तथा प्रयास किया है, जितना मौजूदा सरकार कर रही है। इस बैठक के इतर जयशंकर ने शनिवार को फ्रांस, ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, बुल्गारिया, साइप्रस, लातविया, लिथुआनिया और रोमानिया के अपने समकक्षों के साथ बैठकें की थी। जयशंकर बांग्लादेश से स्वीडन पहुंचे हैं, जहां उन्होंने शुक्रवार को छठे हिंद महासागर सम्मेलन को संबोधित किया था।

## स्वीडन के विदेश मंत्री के साथ बैठक की

**स्टॉकहोम।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को स्वीडन के अपने समकक्ष टोबियास बिलस्ट्रॉम के साथ यहां व्यापक चर्चा की। इस दौरान हिंद-प्रशांत, यूक्रेन की सामरिक स्थिति तथा वैश्विक अर्थव्यवस्था को जोखिम मुक्त करने पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया। जयशंकर यूरोपीय संघ (ईयू) हिंद-प्रशांत मंत्रिस्तरीय मंच (ईआईपीएमएफ) की बैठक में हिस्सा लेने स्वीडन पहुंचे हैं। जयशंकर ने ट्वीट किया, भारत और स्वीडन के राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे होने पर विदेश मंत्री टोबियास बिलस्ट्रॉम के साथ यहां व्यापक चर्चा की। द्विपक्षीय सहयोग को उच्च स्तर पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। हिंद-प्रशांत, यूक्रेन की सामरिक स्थिति तथा वैश्विक अर्थव्यवस्था को जोखिम मुक्त करने पर विचारों का आदान-प्रदान किया। विदेश मंत्री के तौर पर जयशंकर की यह पहली स्वीडन यात्रा है। स्वीडन वर्तमान में ईयू परिषद की अध्यक्षता कर रहा है। जयशंकर ने स्वीडन के रक्षा मंत्री पॉल जॉनसन से भी मुलाकात की और दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

## क्विक न्यूज

### थाईलैंड आम चुनावः मतगणना जारी, विपक्षी दल के जीत हासिल करने की संभावना

**बैंकॉक।** थाईलैंड के आम चुनाव में वोट डाले जाने के बाद रविवार को मतगणना की जा रही है और 2014 के तख्तापलट से मौजूदा प्रधानमंत्री प्रयुत चान-ओचा के सत्ता में आने के नौ साल बाद इसे बदलाव के एक अहम मौके के तौर देखा जा रहा है। प्रयुत एक ऐसे नेता की बेटी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे है, जो सेना के धुर विरोधी है। प्रयुत, अरबपति कारोबारी एवं पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनावात्रा की बेटी पैतोंगतार्न शिनावात्रा के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। शिनावात्रा 2001 से 2006 तक देश के प्रधानमंत्री थे। सेना ने 2006 में तख्तापलट कर थाकसिन को सत्ता से बेदखल कर दिया था। उनकी रिश्तेदार यिंगलुक शिनावात्रा 2011 में प्रधानमंत्री बनी थी, लेकिन प्रयुत की अगुवाई में तख्तापलट कर उन्हें सत्ता से हटा दिया गया था। मतदान स्थानीय समयानुसार शाम पांच बजे समाप्त हो गया और इसके शुरुआती रुझान कुछ घंटे बाद आने की उम्मीद है, जबकि चुनाव नतीजों की स्पष्ट तस्वीर रविवार देर रात तक स्पष्ट होगी। पैतोंगतार्न की अगुवाई वाले विपक्षी दल फेयु थाई पार्टी को संसद के 500 सदस्यीय निचले सदन में सर्वाधिक सीट मिलने का अनुमान है। पैतोंगतार्न ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के बाद कहा कि थाईलैंड में प्रभावकारी बदलाव के लिए प्रत्येक वोट महत्वपूर्ण है और उन्हें अंतिम नतीजों से काफी उम्मीदें है। हालांकि, अगली सरकार का नेतृत्व कौन करेगा, यह केवल रविवार के मतदान से तय नहीं होगा। प्रधानमंत्री का चयन निचले सदन और 250 सदस्यीय सीनेट की जुलाई में एक संयुक्त बैठक में किया जाएगा। विजेता को कम से कम 376 वोट प्राप्त करने होंगे और किसी भी पार्टी के केवल अपने दम पर ऐसा करने की संभावना नहीं है। फेयु थाई पार्टी ने 2019 के चुनाव में सबसे अधिक सीट जीती थीं, लेकिन उसके चिर प्रतिद्वंद्वी एवं सेना समर्थित पलांग प्रचारत पार्टी ने प्रयुत के साथ गठबंधन कर लिया था। प्रयुत दोबारा चुनाव लड़ रहे है। हालांकि, इस बार सेना का समर्थन दो दलों के प्रति विभाजित है। प्रयुत को यूनाइटेड थाई नेशन पार्टी और उपप्रधानमंत्री प्रवित वोंगसुवान का समर्थन प्राप्त है, जो एक पूर्व जनरल है। प्रवित, पलांग प्रचारत पार्टी के शीर्ष नेतृत्व है। प्रधानमंत्री प्रयुत पर लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था, महामारी से निपटने में कमियों और लोकतांत्रिक सुधारों को विफल करने का आरोप है।

### गाजा में उग्रवादियों और इजराइल के बीच कई दिन से जारी हिंसा के बाद संघर्ष विराम लागू

**गाजा सिटी।** इजराइल और फलस्तीनी चरमपंथियों के बीच पांच दिन तक हुई हिसा के बाद गाजा पट्टी में दोनों पक्षों के बीच रविवार को संघर्ष विराम लागू होता प्रतीत हुआ। इस हिसा में फलस्तीन के 33 और इजराइल के दो लोगों की मौत हुई है। गाजा पर ताजा हिंसा मंगलवार को शुरू हुई थी, जब इजराइली विमानों ने इस्लामिक जिहाद के तीन शीर्ष कमांडर को मार गिराया था। यह हमला गाजा से दागे गए रॉकेट के जवाब में किया गया था। इसके बाद से दोनों पक्षों के बीच हिसा जारी थी, लेकिन मिस्र की मदद से शनिवार देर रात संघर्ष विराम समझौता किया गया। इस संघर्ष विराम के कारण गाजा के उन 20 लाख लोगों और लाखों इजराइलियों को राहत मिली, जो हाल के दिनों में बमबारी की चपेट में आने से बचने के लिए बम-रोधी आश्रयों में रह रहे थे। इजराइल के हमलों से गाजा के कई अपार्टमेंट में छेद हो गए हैं। इजराइल का कहना है कि इन अपार्टमेंट में इस्लामिक जिहाद के छह प्रमुख सदस्य छुपे हुए थे, जो ताजा हमलों में मारे गए। इजराइल रॉकेट हमले को झेलने वाले दक्षिणी इजराइल के निवासियों पर लगे प्रतिबंधों को धीरे-धीरे हटा रहा है।। इजराइली अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने इस्लामिक जिहाद के कई शीर्ष अधिकारियों को मार गिराया है। उन्होंने कहा कि इजराइल ने पुख्ता खुफिया जानकारी के आधार पर हमले किए थे। इन हमलों के दौरान गाजा में मारे गए लोगों में कम से कम 13 आम नागरिक थे। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उग्रवादियों के ठिकानों को निशाना बनाकर किए गए हमलों की गूंज दुनियाभर में सुनाई देगी। उन्होंने अपनी कैबिनेट की एक बैठक में कहा, गाजा में और उससे परे भी इजराइल के शत्रु जानते हैं कि यदि वे छुपने की कोशिश करेंगे, तो भी हम किसी भी समय उन तक पहुंचने में सक्षम हैं और इसके लिए तैयार हैं। गाजा में बमबारी में आम लोगों के हताहत होने को लेकर इजराइल को मानवाधिकार समूहों की आलोचना का अक्सर शिकार होना पड़ता है, जबकि इजराइल का कहना है कि वह यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कोशिश करता है कि इन हमलों के कारण आम नागरिकों को नुकसान न हो। इजराइली सेना ने बताया कि पिछले पांच दिन में उसे।,400 से अधिक रॉकेट दागे।

### बाइडन अगले हफ्ते हिंद-प्रशांत क्षेत्र में तीन देशों की यात्रा करेंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन अगले हफ्ते हिंद-प्रशांत क्षेत्र में जापान, पापुआ न्यू गिनी और ऑस्ट्रेलिया की यात्रा करेंगे तथा क्षेत्र के प्रति अपने प्रशासन की प्रतिबद्धता को रेखांकित करेंगे। बाइडन द्वीप देश पापुआ न्यू गिनी की यात्रा करने वाले प्रथम अमेरिकी राष्ट्रपति होंगे। समझा जाता है कि अपनी यात्रा के जरिए बाइडन यह प्रदर्शित करना चाहते हैं कि वह आगे भी अमेरिका का नेतृत्व करने में सक्षम है। उन्होंने हाल में घोषणा की थी कि वह फिर से राष्ट्रपति चुनाव लड़ेंगे। उनकी यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब अमेरिका के ऋण संकट के मुद्दे पर संसद के रिपब्लिकन सदस्यों के साथ उनका गतिरोध जारी है। यात्रा के तहत, बाइडन सबसे पहले जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए जापान के हिरोशिमा शहर जाएंगे। बताया जाता है कि आगामी हफ्तों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बाइडन काफी वक्त बिताने वाले है। मोदी गैर जी-7 देशों के उन आठ नेताओं में शामिल है, जिन्हे शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहे जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने हिरोशिमा में बड़े औद्योगिक देशों की बैठक में आमंत्रित किया है।

### पाकिस्तानी सेना की दखलंदाजी पर इमरान खान ने जताई नाराजगी

**लाहौर।** उच्चतम न्यायालय के आदेश पर भ्रष्टाचार रोधी संस्था की हिरासत से रिहा होने के बाद शनिवार को देश के नाम अपने पहले संबोधन में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने शक्तिशाली सेना को राजनीति में आने के लिए अपनी खुद की राजनीतिक पार्टी बनाने की सलाह दी है। सैन्य प्रतिष्ठान द्वारा उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के खिलाफ कार्वाई से नाराज खान ने अपने जमां पार्क आवास से रात आठ बजे अपने संबोधन के दौरान सैन्य नेतृत्व से पाकिस्तान की खातिर अपने पीटीआई-विरोधी रुख की समीक्षा करने को कहा। उन्होने कहा कि सेना के कदमो ने देश को आपदा के कगार पर ला दिया है। शुक्रवार को जमानत मिलने के बावजूद फिर से गिरफ्तारी के डर से इस्लामाबाद उच्च न्यायालय परिसर में घंटो समय गुजारने के बाद खान शनिवार को लाहौर स्थित अपने आवास लौट आए। लाहौर के लिए रवाना होने से पहले खान (70) ने इस्लामाबाद उच्च न्यायालय द्वारा उन्हे सभी मामलो में जमानत दिए जाने के बावजूद अपहरण के लिए आयातित सरकार पर निशाना साधा। पाकिस्तानी सेना की मीडिया इकाई इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के महानिदेशक मेजर जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने खान को पाखंडी कहा था। चौधरी की इस टिप्पणी पर खान ने कहा, मेरी बात सुन लीजिए मिस्टर डीजी आईएसपीआर..आप पैदा भी नही हुए थे। जब मै दुनिया में अपने देश का प्रतिनिधित्व कर रहा था और इसके लिए नाम कमा रहा था। मुझे पाखंडी और सेना विरोधी कहने के लिए आपको खुद पर शर्म आनी चाहिए। उन्होने कहा कि सेना की मीडिया शाखा आईएसपीआर ने (किसी राजनेता के बारे में) ऐसी बाते कभी नही कही।

### बुरकिना फासो में संदिग्ध इस्लामी चरपंथियों ने 33 लोगों की हत्या की

**औगाडोगू (बुर्किना फासो)।** बुर्किना फासो के एक गांव में संदिग्ध इस्लामी चरमपंथियों के हमले में 33 लोगों की मौत हो गई। प्रांतीय गवर्नर कार्यालय ने यह जानकारी दी। एक प्रेस विज्ञप्ति में मौहौन प्रांत के यूलौ गांव मे बृहस्पतिवार शाम हुए हमले के बारे मे जानकारी दी गई है। प्रांतीय गवर्नर बाबो पियरे बासिंगा ने हमले को कायरतापूर्ण और बर्बर करार दिया। उन्होने बयान मे कहा कि हमला शाम करीब पांच बजे हुआ, जब लोग मौहौन नदी के किनारे अपने खेतों मे काम कर रहे थे।

### शेरपा ने 26वीं बार एवरेस्ट को किया फतह

**काठमांडू।** नेपाल में एक शेरपा गाइड ने रविवार को 26वी बार माउंट एवरेस्ट को फतह किया। इसी के साथ उन्होने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ने के एक अन्य नेपाली गाइड के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। अभियान के आयोजक इमेजिन नेपाल ट्रेक्स के मुताबिक, पसांग दावा शेरपा रविवार सुबह हंगरी के पर्वतारोही के साथ शिखर पर पहुंचे। सीज़न मे पर्वतारोहियो का पहला दल इस हफ्ते पर्वत पर पहुंचा। शेरपा गाइड ने सैकड़ों पर्वतारोहियों के लिए रस्सियां बांधी थी और रास्ता बनाया जो अगले कुछ दिनो मे चोटी को फतह करने की कोशिश करेंगे। साल 1998 मे चोटी पर अपनी पहली सफल चढ़ाई के बाद से, दावा ने लगभग हर साल यात्रा की है। अनुभवी पर्वतीय गाइड कामी रीता ने पिछले साल चोटी पर अपनी 26वी सफल चढ़ाई के बाद माउंट एवरेस्ट को सबसे अधिक बार फतह करने का रिकॉर्ड बनाया था। उम्मीद है कि रीता इस महीने के अंत मे फिर से चोटी पर चढ़ने का प्रयास करेंगे।

### पाकिस्तान के बलूचिस्तान में छह सैनिकों की मौत, छह आतंकवादी भी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत मे शनिवार को सुरक्षाबलों और आतंकवादियो के बीच हुई मुठभेड़ मे कम से कम छह पाकिस्तानी सैनिको की मौत हो गई जबकि छह आतंकवादी भी मारे गए। पाकिस्तानी सेना ने एक बयान मे यह जानकारी दी। सेना के बयान के मुताबिक विद्रोहियों ने प्रांत के मुस्लिम बाग इलाके में एक अर्धसैनिक अग्रिम कोर परिसर पर हमला किया, जिससे बंधक की स्थिति पैदा हो गई। सेना का अभियान शुक्रवार शाम को आतंकवादियों के शुरुआती हमले को नाकाम करने के बाद शुरू हुआ और शनिवार की सुबह पूरा हुआ। पाकिस्तानी सेना ने कहा, भारी हथियारो से लैस परिसर में मौजूद सभी छह आतंकवादियो को मार गिराया गया है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पाकिस्तानी सेना के छह सैनिको और एक नागरिक की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

### कालापानी, लिपुलेख और लिंपियाधुरा को देश का अभिन्न हिस्सा बताया

**काठमांडू।** नेपाल की पूर्व राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी ने शनिवार को एक बार फिर कहा कि कालापानी, लिपुलेख और लिंपियाधुरा नेपाल का अभिन्न अंग है और इसे लेकर भारत के साथ जो भी विवाद है, उसे कूटनीतिक तरीके से सुलझाया जाना चाहिए। भंडारी ने नेपाली टेरेटरी लिम्पियुधुरा नामक पुस्तक के विमोचन के अवसर पर यह बात कही। यह पुस्तक अच्युत गौतम और सुरेंद्र केसी ने लिखी है। उन्होंने कहा कि मित्र देशो से नेपाल के राष्ट्रीय हित और सुरक्षा मे पारस्परिकता की अपेक्षा करना स्वाभाविक है। कालापानी, लिपुलेख और लिंपियाधुरा नेपाल के अभिन्न अंग है। नेपाल को कूटनीति के जरिए भारत के साथ सीमा विवाद का यह मसला सुलझाना चाहिए। गौरतलब है कि नेपाल समय-समय पर इन तीनो क्षेत्रों को अपना हिस्सा बताकर यह मामला उठाता रहा है। काठमांडू मे भारतीय दूतावास ने पहले कहा है कि नेपाल के साथ अपने सीमा मुद्दे पर भारत की स्थिति सुविदित, सुसंगत और स्पष्ट है। इसकी सूचना नेपाल सरकार को दे दी गई है।

## जेलेंस्की हथियारों की आपूर्ति पर जर्मनी के नेताओं से बातचीत करने बर्लिन पहुंचे

**बर्लिन।** जर्मनी के राष्ट्रपति फ्रैंक वाल्टर स्टीनमेयर ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की का बर्लिन पहुंचने पर स्वागत किया। जेलेंस्की यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद पहली बार जर्मनी की यात्रा पर आए हैं। इस यात्रा के दौरान जेलेंस्की रूसी आक्रमण से अपने देश की रक्षा में मदद करने और हथियार भेजने तथा एक साल से अधिक वक्त से चल रहे विनाशकारी युद्ध से तबाह हुए ढांचों को फिर से बनाने को लेकर जर्मनी के नेताओं से बातचीत करेंगे। जेलेंस्की लुफ्तवाफे विमान से इटली की राजधानी रोम से जर्मनी की राजधानी बर्लिन पहुंचे। रोम में जेलेंस्की ने पोप फ्रांसिस और इटली के प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से मुलाकात की थी। जेलेंस्की के बर्लिन पहुंचने की पूर्व संध्या पर जर्मनी की सरकार ने यूक्रेन के लिए तीन अरब डॉलर से अधिक की सैन्य सहायता देने की घोषणा की, जिसमें टैंक, विमान-रोधी प्रणालियां और गोला-बारुद शामिल हैं। जेलेंस्की ने अपनी यात्रा की प्राथमिकताओं का जिक्र करते हुए रविवार को ट्वीट किया, बर्लिन में हूं।

# जवाबी कार्रवाई का मकसद रूसी क्षेत्रों पर हमला करना नहीं

**भाषा**। बर्लिन



**यूक्रेन के** राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रविवार को कहा कि उनका देश रूस के कब्जे वाले यूक्रेनी क्षेत्रों को आजाद करवाने के लिए जवाबी हमले की तैयारी कर रहा है लेकिन इसका लक्ष्य रूसी क्षेत्रों को निशाना बनाना नहीं है। बर्लिन में जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज के साथ एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन का लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त अपनी सीमाओं के भीतर के क्षेत्रों को मुक्त कराना है। वहीं, शोल्ज ने जेलेंस्की से कहा कि जर्मनी जब तक आवश्यक हो यूक्रेन का समर्थन करेगा। इससे पहले दिन में जर्मनी के चांसलर ने जेलेंस्की का बर्लिन पहुंचने पर स्वागत किया। जेलेंस्की यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद पहली बार जर्मनी की यात्रा पर आए हैं।

वाशिंगटन पोस्ट ने अमेरिकी खुफिया विभाग के पूर्व में लीक हुए दस्तावेजों का हवाला दिया जिसमें संकेत दिया गया था कि मास्को द्वारा शुरू किए गए युद्ध की समाप्ति के लिए शांतिवार्ता में सौदेबाजी करने के मकसद से जेलेंस्की ने रूसी क्षेत्रों पर कब्जे की कोशिश करने पर विचार किया है। इससे पश्चिमी देशों और उनके बीच अजीब सी स्थिति उत्पन्न हो सकती है जिन्होंने इस बात पर जोर दिया है कि उनके द्वारा प्रदान किए गए हथियारों का इस्तेमाल रूस में लक्ष्यों पर हमला करने के लिए नहीं किया जाना चाहिए। खबर के बारे में पूछे जाने पर, जेलेंस्की ने कहा, हम रूसी क्षेत्र पर हमला नहीं कर रहे, हम अपने स्वयं के वैध क्षेत्र को मुक्त करा रहे हैं। एक आधिकारिक दुभाषिए के अनुसार जेलेंस्की ने कहा, हमारे पास न तो समय है और न ही ताकत (रूस पर हमला करने के लिए)। साथ ही हमारे पास अतिरिक्त हथियार भी नहीं हैं, जिनके साथ हम ऐसा कर सकें। जेलेंस्की ने कहा, हम अपनी संवैधानिक रूप से परिभाषित वैध सीमाओं के भीतर अवैध रूप से कब्जाए गए अपने क्षेत्रों को मुक्त कराने के लिए जवाबी हमले की तैयारी कर रहे हैं, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैध है। इस यात्रा के दौरान जेलेंस्की रूसी आक्रमण से अपने देश की रक्षा में मदद करने और हथियार भेजने तथा एक साल से अधिक वक्त से चल रहे विनाशकारी युद्ध से तबाह हुए ढांचों को फिर से बनाने को लेकर जर्मनी के नेताओं से बातचीत करेंगे। जेलेंस्की लुफ्तवाफे विमान से इटली की राजधानी रोम से जर्मनी की राजधानी बर्लिन पहुंचे। रोम में जेलेंस्की ने पोप फ्रांसिस और इटली के प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से मुलाकात की थी। जेलेंस्की के बर्लिन पहुंचने की पूर्व संध्या पर जर्मनी की सरकार ने यूक्रेन के लिए तीन अरब डॉलर से अधिक की सैन्य सहायता देने की घोषणा की, जिसमें टैंक, विमान-रोधी प्रणालियां और गोला-बारुद शामिल हैं। जेलेंस्की ने अपनी यात्रा की प्राथमिकताओं का जिक्र करते हुए रविवार को ट्वीट किया, बर्लिन में हूं। हथियार... शक्तिशाली पैकेज.... हवाई रक्षा.... पुनर्निर्माण... यूरोपीय संघ... नाटो.... सुरक्षा। जर्मनी ने शुरुआत में यूक्रेन को घातक हथियार उपलब्ध कराने में आनाकानी की थी, लेकिन अब वह यूक्रेन को हथियारों की सबसे ज्यादा आपूर्ति करने वाले देशों में से एक है। चांसलर ओलाफ शोल्ज और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात के बाद जेलेंस्की के जर्मनी के पश्चिमी शहर आचेन जाने की संभावना है, जहां उन्हें अंतरराष्ट्रीय शारलेमेन पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

# चक्रवात मोखा बांग्लादेश व म्यांमा के तटों से टकराया

**भाषा**। ढाका



**भीषण** चक्रवाती तूफान मोखा रविवार को बांग्लादेश और म्यामां के तटीय इलाकों पर पहुंच गया। इससे पहले यह पांचवीं श्रेणी के भीषण चक्रवाती तूफान में तब्दील हो चुका था। इसके चलते दक्षिण-पूर्वी तटीय क्षेत्रों में व्यापक नुकसान हुआ है और निचले इलाकों में पांच लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।

मोखा तूफान, बांग्लादेश और म्यांमा को विभाजित करने वाली नाफ नदी के जरिए आगे बढ़ते हुए टेकनाफ तटरेखा पर दोपहर के समय टकराया। बांग्लादेश के मौसम विभाग के प्रवक्ता ए.के.एम. नजमुल हुदा ने पीटीआई-भाषा से कहा, चक्रवात का केंद्रबिंदु अपने अनुमानित समय से पहले आज दोपहर के कुछ ही देर बाद नाफ नदी से होते हुए टेकनाफ तटरेखा पर पहुंच गया। उन्होंने कहा कि बेहद खतरनाक मानी जाने वाली पांचवीं श्रेणी के चक्रवात के रूप में वर्गीकृत मोखा को तटरेखा पार करने में और समय लग सकता है। तेज हवाओं के चलते टेकनाफ और सेंट मार्टिन द्वीप में कई पेड़ उखड़ गए और कई घरों की छतें क्षतिग्रस्त हो गईं। टेकनाफ और सेंट मार्टिन द्वीप कॉक्स बाजार-टेकनाफ प्रायद्वीप के छोर से लगभग नौ किमी दक्षिण में स्थित है। बंगाल की खाड़ी में स्थित आठ वर्ग किलोमीटर के द्वीप सेंट मार्टिन में तेज हवाएं चलने के साथ भारी बारिश हुई। बांग्लादेश के दक्षिण-पूर्वी कॉक्स बाजार के टेकनाफ उप-जिले के प्रशासनिक प्रमुख मोहम्मद कमरुज्जमां ने कहा कि टेकनाफ और बंगाल की खाड़ी के पास इसके दक्षिणी भाग शाहपोरी डिप में 200 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की गति से हवाएं चल रही हैं। टेकनाफ म्यांमा के पास है और यह नाफ नदी के जरिए उत्तरी म्यांमा के तटों से अलग होता है। कमरुज्जमां ने कहा, "हवा के बहुत तेज वेग के कारण मौसम भयावह है, लेकिन अभी तक बड़े पैमाने पर लहरें नहीं उठी हैं। मौसम अधिकारियों ने कहा कि नाफ नदी में फिलहाल ऊंची लहरें उठ रही हैं जो पूर्वाह्न 11 बजे शुरू हुई थीं और शाम 5 बजे (स्थानीय समय) तक जारी रहेंगी। चक्रवात के कारण भारी बारिश हो रही है और तेज हवाएं चल रही हैं। इससे बंगाल की खाड़ी के आसपास के इलाकों में खतरनाक बाढ़ आ सकती है। इस तरह की आशंकाएं हैं कि तूफान बांग्लादेश के दक्षिण-पूर्वी सीमावर्ती कॉक्स बाजार जिले को प्रभावित कर सकता है जहां दस लाख से अधिक रोहिंग्या शरणार्थी रहते हैं। मौसम विभाग की ओर से जारी ताज़ा बुलेटिन के मुताबिक, हवा के कारण सामान्य से आठ से 12 फुट ऊपर की लहरें उठने से कॉक्स बाजार और चटगांव के निचले इलाकों में पानी भर सकता है। बीडीन्यूज़24.कॉम की खबर के मुताबिक सामान्य से पांच से सात फुट ऊंची लहरें उठने से फेनी, नोआखली, लक्ष्मपुर, चांदपुर और भोला के निचले इलाकों में बाढ़ आने की आशंका है।

## अमेरिका में तूफान के कारण एक व्यक्ति की मौत, कई मकान क्षतिग्रस्त

**लगुना हाइट्स (अमेरिका)।** अमेरिका में टेक्सास राज्य के समीप शनिवार तड़के एक शक्तिशाली तूफान आया जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए। प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह तूफान कैमरून काउंटी में आया। काउंटी के आपात प्रबंधन समन्वयक टॉम हुशेन ने बताया कि कम से कम 10 अन्य लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जिनमे से दो की हालत गंभीर है। कई निवासियों को मामूली चोटें भी आई हैं। कैमरून काउंटी के न्यायाधीश एडी त्रेविनो जूनियर ने इलाके में रात्रिकालीन कर्फ्यू भी लागू किया। इसके तहत उन लोगों के लगुना हाइट्स आने पर पाबंदी हैं जो वहां नहीं रहते हैं। टेक्सास में सबसे ज्यादा गरीबी दर कैमरून काउंटी में ही है और वहां मकानों की हालत भी खस्ता है। वोविनो ने बताया कि 42 वर्षीय रॉबर्टो फ्लोर्स की उनके मोबाइल होम के ध्वस्त होने से मलबे में दबकर मौत हो गई।

# निंबाडोन भालू पेड़ों पर चढ़ने में माहिर थे



## हड्डियों का अध्ययन

हमने निंबाडोन की हड्डी के शाफ्ट से एक खंड को हटाकर इसे एक घोल मे डुबोया। तेज धार ब्लेड का उपयोग करते हुए, हमने अपने नमूनों को पतले टुकड़ों में काटा और उन्हे तब तक पॉलिश किया जब तक कि प्रकाश उनके माध्यम से न गुजर सके। इन टुकड़ों का अध्ययन करने के लिए इन्हे ग्लास माइक्रोस्कोप स्लाइड्स पर लगाया गया। हैरान करने वाली बात यह थी कि लाखो वर्षो के जीवाश्मीकरण के बाद भी, जीवाश्म हड्डियो की सूक्ष्म संरचना अक्षुण्ण बनी हुई थी। हम यह जानकर चकित थे कि निंबाडोन समय-समय पर तेजी से बढ़ा। कुछ मे तेजी से वृद्धि देखी गई और उसके बाद वृद्धि की गति धीमी पाई गई। अब हम इसके भोजन को समझने के लिए इसके दांतो का अध्ययन कर रहे है।

● जीवाश्म कंकाल से मिली जानकारी

**भाषा**। मेलबर्न

**धरती से** हजारों बरस पहले विलुप्त हो जाने के बावजूद जीवों का वजूद समाप्त नहीं होता। ऐसे जीवों के जीवाश्म कंकालों का गहन अध्ययन करके हम उनकी जीवन शैली, उनकी भोजन प्रणाली, उनकी चाल ढाल और उनके विकास क्रम को समझ सकते हैं। यह कह सकते हैं कि ए जीवाश्म कंकाल एक प्रकार का बाइस्कोप हैं जिनमें झांक कर हम इन जीवों की हजारों बरस पहले की दुनिया में पहुंच जाते हैं। जीवाश्म अस्थियों के विभिन्न तत्वों का विश्लेषण कर हम न केवल उस जीव के संपूर्ण आकार का पता लगा सकते हैं बल्कि उसकी चाल ढाल एवं उसकी जीवन शैली के तौर-तरीके जान सकते हैं तथा हमें यह भी पता चल सकता है कि वह किस तरह के परिवेश में रहता था। लेकिन यदि जीवाश्म अस्थियों के अंदर झांके तो क्या होगा? वे विलुप्त जीव के विकास के बारे में किन रहस्यों का उद्घाटन कर सकते हैं। जर्नल ऑफ पेलीअन्टालजी में प्रकाशित एक नए अध्ययन में हमने पश्चिमोत्तर क्वींसलैंड के वानई क्षेत्र के विश्वप्रसिद्ध रिवरस्लेघ वर्ल्ड हेरीटेज एरिया से विशाल भालू जैसी धाणी प्राणी के 1.5 करोड़ साल पुराने जीवाश्म के अध्ययन से ऐसा किया है। (धाणी प्राणी कोई भी ऐसा पशु है जिसमें मादा अपने बच्चे को पेट पर लगी थैली में रखती है।) पेड़ों पर रहने वाले धाणी प्राणी को निंबाडोन कहा जाता था और उसका वजन करीब 70 किलोग्राम था। यह आस्ट्रेलिया से अब तक ज्ञात, पेड़ों पर रहने वाला सबसे बड़ा स्तनधारी जीव था। निंबाडोन का संबंध काफी पहले विलुप्त हो चुके विशालकाय धाणी प्राणी के भिन्न समूह डिप्रोटोडोन्टोइड्स से है। उनमें वे बड़े-बड़े जानवर हैं जो कभी धरती पर रहते थे। उनमें ढाई टन का ड्रिप्रोटोडोन शामिल है। आधुनिक जीवों में निंबाडोन का काफी हद तक संबंध वुम्बैट से है। लेकिन अब भी बड़े अचरज की बात है कि शरीर के आकार एवं जीवन शैली की दृष्टि से वे दक्षिणपूर्व एशिया में पाए जाने वाले भूरे भालू से काफी मिलते जुलते हैं जो आजकल दक्षिणपूर्व एशिया के वर्षाच्छादित वनों में पेड़ों पर चढ़ते देखा जा सकता है।

# मोटापे से ग्रस्त लोगों में तेजी से घटती है कोविड रोधी टीके से मिली प्रतिरक्षा

**भाषा**। कैम्ब्रिज (ब्रिटेन)



कोविड-19 रोधी टीके बहुत प्रभावकारी हैं, लेकिन कुछ समूहों के लिए वे एक मजबूत प्रतिरक्षा उत्पन्न नहीं करते, जिनमें उम्रदराज लोग और वे व्यक्ति शामिल हैं जिनकी प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर है। जैसे कि कैंसर या अन्य बीमारियों से जूझ रहे लोग, जिन्हें पहले से ही कोविड-19 की अधिक जोखिम वाली श्रेणी में रखा गया है। इसी तरह मोटापा और टाइप 2 मधुमेह, उच्च रक्तचाप तथा गुर्दे (किडनी) की बीमारी जैसे कई अन्य रोगों से इसका संबंध होने के चलते कोरोना वायरस का गंभीर संक्रमण होने का खतरा बढ़ जाता है। हालांकि, कोविड-19 रोधी टीके की प्रभावशीलता पर मोटापे के असर को भलीभांति समझा नहीं गया है। लेकिन नेचर मेडिसिन में प्रकाशित हमारे नए अध्ययन में यह पता लगाया गया है कि मोटापे के कारण कोविड-19 रोधी टीकों से मिली प्रतिरक्षा तेजी से घटती है। हम जानते हैं कि मोटापे से ग्रस्त लोगों में इंफ्लुएंजा, रेबीज और हेपेटाइटिस समेत अन्य टीकों से मिली प्रतिरक्षा कम होती है। कोविड-19 रोधी टीके एंटीबॉडीज पैदा करते हैं जो इस संक्रमण के लिए जिम्मेदार वायरस सार्स-कोवि-2 की सतह पर मौजूद प्रोटीन की पहचान करता है जो इस वायरस को हमारी कोशिकाओं को संक्रमित करने में मदद करता है। कोविड-19 रोधी टीकों की दो खुराकों से मिली प्रतिरक्षा चूंकि कुछ महीनों बाद खत्म हो जाती है तो इसलिए कई देशों में प्रतिरक्षा बनाए रखने के लिए बूस्टर खुराक दी गई। कई अध्ययनों से पता चला है कि कोविड टीके के बाद मोटापे से ग्रस्त लोगों में सामान्य लोगों की तुलना में एंटीबॉडीज का स्तर घट सकता है। महामारी के दौरान हमने कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय तथा एडिनबर्ग विश्वविद्यालय के अनुसंधानकर्ताओं का एक दल बनाया ताकि समय बीतने पर टीके की प्रभावशीलता पर मोटापे के असर का अध्ययन किया जा सके। उन्होंने पाया कि गंभीर मोटापे (40 से अधिक बॉडी मास इंडेक्स) से ग्रस्त लोगों के कोविड-19 के कारण अस्पताल में भर्ती होने तथा मौत होने का जोखिम 76 प्रतिशत अधिक था।

# किसानों के कारण विश्व में बज रहा भारत का डंका

● उपराष्ट्रपति पुष्कर के मंदिर में पूजा की

**भाषा।** जयपुर



**उपराष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ ने भारत के आर्थिक विकास में कृषि के महत्व की चर्चा करते हुए कहा कि विश्व में भारत की आर्थिक प्रगति का डंका किसानों के पसीने के कारण ही बज रहा है। धनखड़ ने कहा कि कृषि, ग्रामीण विकास और सरकारी योजनाओं का लाभ किसानों का अधिकार है। उन्होंने किसान युवाओं से कृषि और ग्रामीण विकास के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रविवार को नागौर के मेड़ता सिटी में स्वर्गीय नाथूराम मिर्धा की प्रतिमा के अनावरण के अवसर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहाकि इजरायल में जो कुछ हो रहा है, हमें उससे आगे जाना चाहिए, कृषि और पशुपालन में दुनिया में जो हो रहा है, उससे आगे जाना चाहिए। खेती में जो इजराइल में हो रहा है हम उससे आगे जाना चाहेंगे। दुनिया के किसी भी कौने में खेती विकास में जो कुछ हो रहा है, पशुपालन में जो कुछ हो रहा है हम उससे आगे जाएंगे। उन्होंने ग्रामीण किसान युवाओं में बढ़ती नशाखोरी और क्षणिक सरल लाभ के लिए कानून के उल्लंघन की प्रवृत्ति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए आगाह किया कि कानून के साथ खिलवाड़ करना न सिर्फ उनके लिए मंहगा पड़ेगा बल्कि ग्रामीण किसान समुदाय को भी बदनाम करेगा। कानून से ऊपर कोई नहीं होता, देर सबेर कानून का शिकंजा अवश्य कसेगा। किसान कौम के लिए आरक्षण की लड़ाई कठिन थी जिसमें स्वयं उनका भी योगदान रहा लेकिन आज उसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। उपराष्ट्रपति ने कुछ वर्गों द्वारा पुराने ट्रैक्टरों को हटाए जाने का विरोध किए जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि किसानों ने सदैव परिवर्तन को आगे बढ़ कर अपनाया है, हमें चाहिए कि आज दुनिया में जो हो रहा है हम उससे भी आगे बढ़ें। एक अरब 40 करोड को भोजन देने वाली कोम किसान वर्ग यदि भविष्य की नहीं सोचेगा तो कोन सोचेगा। नाथूराम मिर्धा अनुसंधान केन्द्र यदि कोई बनेगा तो जितने भाषण उन्होंने संसद में दिए है वो भेजूंगा उनकी अलग से एक पुस्तिका बनाऊंगा ताकि उनके सोच को आपको पता लगे। मिर्धा ने हमेशा अपने समय से आगे सोचा था। इससे पूर्व उपराष्ट्रपति और उनकी पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ रविवार सुबह राजस्थान की एक दिन की यात्रा पर जयपुर पहुंचे। यहां से उपराष्ट्रपति पुष्कर गए जहां उन्होंने ऐतिहासिक ब्रह्मा मंदिर, श्री जाट शिव मंदिर के दर्शन किए तथा वहां स्वर्गीय नाथूराम मिर्धा की पहल पर बने विश्राम गृह का दौरा किया। इसके बाद उपराष्ट्रपति ने खरनाल स्थित वीरवर तेजा जी मंदिर के दर्शन किए। शाम को उन्होने मेड़ता सिटी में नाथूराम मिर्धा की अष्टधातु की बनी प्रतिमा का अनावरण किया। कभी सोचा भी नहीं था कि मुझ जैसे साधारण व्यक्ति को बाबा नाथूराम मिर्धा जैसे विराट व्यक्तित्व की प्रतिमा का अनावरण करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि स्व नाथूराम ने सदैव किसानों के हित की बात की।

# इस साल कई राज्यों में होने हैं विधानसभा चुनाव

**भाष।** नई दिल्ली

**कर्नाटक** में विधानसभा चुनाव भले ही खत्म हो गए हों, लेकिन इस साल होने वाले अन्य राज्यों में सिलसिलेवार चुनाव के कारण 2024 के आम चुनाव तक सियासी फिजा गर्म रहेगी। लोकसभा चुनाव के साथ कम से कम तीन विधानसभा चुनाव भी हो सकते हैं। कर्नाटक के बाद इस साल मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में चुनाव होने हैं। पूर्वोत्तर राज्यों-नगालैंड, त्रिपुरा और मेघालय में 2023 में विधानसभा चुनाव हो चुके हैं। मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना में 2023 के अंत में विधानसभा चुनावों का बिगुल बज जाएगा। इन राज्यों की विधानसभाओं का कार्यकाल इस साल दिसंबर और अगले साल

## 2024 के आम चुनाव तक गर्म रहेगी सियासी फिजा

जनवरी में खत्म हो जाएगा। एक ओर मिजोरम की 40-सदर्स्ईय विधानसभा का कार्यकाल 17 दिसंबर को समाप्त होना है, तो वहीं छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश विधानसभाओं का कार्यकाल क्रमश: तीन जनवरी और छह जनवरी, 2024 को समाप्त हो जाएगा। राजस्थान और तेडुलंगाना विधानसभाओं का कार्यकाल क्रमश: 14 जनवरी और 16 जनवरी, 2024 को समाप्त हो जाएगा। फिलहाल इन पांच राज्यों में एक साथ चुनाव होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता निर्धारित चुनावों के अलावा, इस साल केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव होने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। सूत्रों ने पहले कहा था कि जम्मू-कश्मीर में 2023 की गर्मियों में चुनाव हो सकते हैं और चुनाव का समय सुरक्षा परिदृश्य पर निर्भर करेगा। एक जुलाई से 31 अगस्त तक 62 दिन तक चलने वाली अमरनाथ यात्रा के समापन के बाद, जम्मू-कश्मीर में इस साल अक्टूबर में चुनाव हो सकते हैं। आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश और ओडिशा की विधानसभाओं का कार्यकाल अगले साल जून में अलग-अलग तारीखों पर खत्म हो रहा है। चूंकि आम तौर पर लोकसभा चुनाव अप्रैल-मई में होते हैं, इसलिए संभावना है कि इन तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव संसदीय चुनाव के साथ-साथ कराए जा सकते हैं।

## सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के ठिकाने का भंडाफोड़ किया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में सुरक्षा बलों ने रविवार को आतंकवादियों के साथ संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद आतंकियों के एक ठिकाने का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने जिले के संगम इलाके के अंदन में आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिलने के बाद इलाके को घेर लिया और तलाशी अभियान चलाया। अधिकारी ने बताया कि इसी दौरान आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलियां चला दी, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्वाई की और मुठभेड़ शुरू हो गई।

## केदारनाथ में श्रद्धालुओं से मौसम पूर्वानुमान के अनुसार यात्रा करने का आग्रह

**रुद्रप्रयाग (उत्तराखंड)।** केदारनाथ धाम में रविवार को बारिश और ताजा बर्फबारी होने के मद्देनजर पुलिस ने मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं से मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार ही यात्रा करने का अनुरोध किया है। पुलिस ने श्रद्धालुओं को अपने साथ छाता, गरम कपड़े, बरसाती तथा जरूरी दवाइयां लेकर चलने की सलाह दी है। रुद्रप्रयाग की पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाखा अशोक भदाणे ने केदारनाथ से अपना एक वीडियो क्लिप जारी किया है जिसमें हिमालई धाम में बर्फबारी होती दिख रही है। वीडियो में भदाणे ने केदारनाथ आ रहे श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे मौसम के पूर्वानुमान की जानकारी के आधार पर ही अपनी यात्रा करें और अपने साथ गरम कपड़े, बरसाती, छाता, जरूरी दवाइयां साथ लेकर चलें। उन्होंने कहा कि मौसम विभाग ने सोमवार को भी मौसम खराब रहने का अलर्ट जारी किया है।

## निर्दलीय उम्मीदवार के तौर जीतीं लता मल्लिकार्जुन ने कांग्रेस के प्रति समर्थन जताया

**बेंगलुरु।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के कर्नाटक प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने रविवार को कहा कि हरपनहल्ली विधानसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर जीत हासिल करने वाली लता मल्लिकार्जुन ने राज्य में कांग्रेस पार्टी को बिना शर्त अपना समर्थन दिया है। लता मल्लिकार्जुन दिग्गज नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री दिवंगत एम. पी. प्रकाश की बेटी है। सुरजेवाला ने ट्वीट किया, उन्होने अपनी वैचारिक जड़ो और कांग्रेस के आदर्शों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के चलते कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी को बिना शर्त समर्थन दिया है।

# भाजपा कर्नाटक में आए निर्णायक फैसले को पचा नहीं पा रही है: कांग्रेस

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस ने** रविवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कर्नाटक में उसके खिलाफ आए निर्णायक फैसले को पचा नहीं पा रही है और वह ध्रुवीकरण की राजनीति कर रही है। कांग्रेस ने शनिवार को कर्नाटक विधानसभा चुनाव के नतीजों में पूर्ण बहुमत हासिल कर जबरदस्त वापसी की। कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने एक ट्वीट में कहा, कर्नाटक में समाज के सभी वर्गों से कांग्रेस के पक्ष में निर्णायक फैसले को भाजपा हजम नहीं कर पा रही है और भाजपा की नफरत फैलाने की ऑनलाइन फैक्टरी झूठ पर झूठ फैलाने के लिए दिन-रात लगी हुई है। उन्होंने कहा, निस्संदेह यह प्रधानमंत्री की नफरत और ध्रुवीकरण की राजनीति से प्रेरित है। कांग्रेस का यह पलटवार भाजपा के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय की ओर से जारी उस ट्वीट पर आया है, जिसमें एक वीडियो संलग्न है, जिसमें कथित तौर पर कर्नाटक के भटकल में एक व्यक्ति को अर्धचंद्र और तारे वाला हरा झंडा लहराते हुए देखा जा सकता है। मालवीय ने वीडियो के साथ ट्वीट किया, भटकल। कर्नाटक में कांग्रेस की जीत के तुरंत बाद। भाजपा नेता ने एक अन्य ट्वीट में कथित तौर पर बेलगावी का एक वीडियो पोस्ट किया और कहा, बेलगावी में भड़काऊ नारे लगाए गए।

## कर्नाटक में जीत दर्ज करने वाले सभी नौ मुस्लिम उम्मीदवार कांग्रेस से

**नई दिल्ली।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव में नौ मुस्लिम उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की और ये सभी कांग्रेस से है। कांग्रेस ने शनिवार को कर्नाटक में 224 विधानसभा सीटों में से 135 सीटें जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। वहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 66 सीटें हासिल की, जिसके कारण उसे राज्य की सत्ता गंवानी पड़ी। चुनाव परिणामों से ऐसा लगता है कि मुस्लिम वोट कांग्रेस के पक्ष में एकजुट हुआ। कर्नाटक के कुल मतदाताओं में मुस्लिम मतदाताओं की संख्या करीब 13 प्रतिशत है। कांग्रेस पार्टी ने मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण बहाल करने का वादा किया था, जिसे पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने खत्म कर दिया था।उल्लेखनीय है कि हिजाब को लेकर हुए विवाद और केंद्र सरकार द्वारा इस्लामिक संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) पर पांच साल का प्रतिबंध लगाए जाने के बाद राज्य में यह पहला विधानसभा चुनाव था।कांग्रेस ने 15 मुस्लिम उम्मीदवारों को टिकट दिया और उनमें से नौ विजई हुए। जद (एस) ने 23 मुस्लिम उम्मीदवारों को मैदान में उतारा था, लेकिन कोई भी जीत हासिल नही कर सका।असदुद्दीन ओवैसी की ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने दो सीटों पर चुनाव लड़ा था और उसे कुल पड़े मतों का केवल 0.02 प्रतिशत हासिल हुआ था।

# यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्रों की सुरक्षित वापसी में मोदी ने निभाई थी महत्वपूर्ण भूमिका : राजनाथ

**भाषा।** औरंगाबाद(महाराष्ट्र)



**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युद्ध प्रभावित यूक्रेन से भारतीय छात्रों को सुरक्षित रूप से निकालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने (रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर) पुतिन और (यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर) जेलेंस्की से बात की। उन्होंने जरूरत पड़ने पर(अमेरिकी राष्ट्रपति जो) बाइडन से भी बात की। युद्ध संक्षिप्त अवधि के लिए रुका और यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्र स्वदेश लौट सके। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने यहां वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप महासम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने वह किया, जो कोई और देश नहीं कर सका। सिंह ने महाराणा प्रताप के साहस और बलिदान तथा हल्दीघाटी के युद्ध का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, महाराणा प्रताप ने घास से बनी रोटियां खाईं, लेकिन आत्मसम्मान के साथ कभी समझौता नहीं किया। मंत्री ने कहा, चाहे वह हल्दीघाटी हो या गलवान घाटी, भारत का सिर हमेशा ऊंचा रहा है और आगे भी रहेगा। उन्होंने कहा कि मोदी के प्रधानमंत्री रहने के दौरान, भारत से हथियारों का निर्यात बढ़ कर अब 16,000 करोड़ रुपए से अधिक हो गया है, जो 2014 में 900 करोड़ रुपए था।

## क्विक न्यूज

### वॉलमार्ट के सीईओ के साथ बैठक उपयोगी रही, कई मुद्दों पर हुई गहन चर्चा: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि वॉलमार्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) डग मैकमिलन के साथ हाल में हुई उनकी बैठक उपयोगी रही और इस दौरान उनके बीच कई विषयो पर गहन चर्चा हुई। मोदी ने कहा कि वह भारत को निवेश के लिए आकर्षक गंतव्य के रूप में उभरते देखकर खुश है। मोदी और मैकमिलन के बीच पिछले सप्ताह मुलाकात हुई थी। मोदी ने वॉलमार्ट के एक ट्वीट को रि-ट्वीट करते हुए लिखा, वॉलमार्ट के सीईओ डग मैकमिलन के साथ बैठक उपयोगी रही। हमने विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा की। इस बात से प्रसन्न हूं कि भारत निवेश के एक आकर्षक गंतव्य के रूप में उभर रहा है। वॉलमार्ट इंक ने 11 मई को ट्वीट किया था, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अच्छी बातचीत के लिए आपका धन्यवाद। भारत को खिलौनों, समुद्री भोजन एवं अन्य वस्तुओं के क्षेत्र में प्रमुख वैश्विक निर्यातक बनाने के लिए हम भारत से 2027 तक प्रति वर्ष 10 अरब डॉलर का निर्यात करने की दिशा में काम कर रहे है। हम रसद, कौशल विकास और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### ईसाई बनने वाले गुजरात के जनजातीय लोग आईएएस, आईपीएस अधिकारी बन गए: कांग्रेस विधायक

**बनासकांठा।** गुजरात की कांग्रेस विधायक गेनीबेन ठाकोर ने दावा किया है कि वर्षों पहले अपना धर्म बदलकर ईसाई बनने वाले जनजातीय समुदायों के कई लोग अब भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी बन रहे हैं। ठाकोर ने शनिवार को बनासकांठा जिले के भाभर गांव में वाल्मीकि समुदाय के जोड़ों के एक सामूहिक विवाह समारोह में हिंदू धर्म को बचाने के लिए काम कर रहे धर्म गुरुओं से क्रांतिकारी कदम उठाने की अपील की, ताकि हिंदुओं को धर्मांतरण करने से रोका जा सके। बहरहाल, इस समारोह के दौरान ठाकोर के साथ मंच पर मौजूद गुजरात विधानसभा के अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता शंकर चौधरी ने कहा कि आईएएस, आईपीएस अधिकारी बनने का लालच दिए जाने पर ईसाई धर्म अपनाने वाले जनजातीय लोगों को बाद में एहसास हो गया कि यह वादा झूठा है। वाव विधानसभा क्षेत्र से दो बार विधायक चुनी गईं ठाकोर ने समारोह में दावा किया, जनजातीय क्षेत्रों के लोगों ने कई साल पहले ईसाई धर्म को अपना लिया था और आज वे आईएएस, आईपीएस, मामलातदार (राजस्व अधिकारी) और डीडीओ (जिला विकास अधिकारी) बन गए है। गुजरात में सरकारी नौकरी कर रहे अधिकतर लोग वे है, जो धर्म बदलकर ईसाई बने थे।

### कर्नाटक के जयानगर से भाजपा उम्मीदवार राममूर्ति 16 वोटों से विजेता घोषित

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की जयानगर सीट पर भाजपा उम्मीदवार सी.के. राममूर्ति ने शनिवार को अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस की सौम्या रेड्डी को 16 मतो के मामूली अंतर से मात दी। अधिकारियो ने यह जानकारी दी। राज्य सूचना विभाग के एक अधिकारी ने एक बयान में कहा, जयानगर में एसएसएमआरवी कॉलेज के मतगणना केंद्र में अधिकारियो ने देर रात नतीजों की घोषणा की। चूंकि जीत का अंतर बहुत कम था, ऐसे में राममूर्ति ने मतो की पुनर्गणना की मांग की थी। जयानगर में आरवी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट परिसर में उस वक्त तनाव व्याप्त हो गया, जब कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार के साथ-साथ राज्य इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष और सौम्या रेड्डी के पिता रामलिंगा रेड्डी समेत कई अन्य नेता मतगणना केंद्र के बाहर प्रदर्शन के लिए पहुंच गए। उन्होंने राममूर्ति को फायदा पहुंचाने के लिए सरकारी तंत्र के दुरुपयोग का आरोप लगाया। चुनाव अधिकारियो ने 16 मतो के मामूली अंतर से राममूर्ति को विजेता घोषित किया।

### तमिलनाडु में जहरीली शराब पीने से पांच की मौत

**विल्लुपुरम (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु के विल्लुपुरम में कथित रूप से जहरीली शराब पीने से एक महिला सहित पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने बताया कि घटना के संबंध में चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अधिकारियो ने बताया कि पांचो लोगो को शनिवार देर रात एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनमें से तीन की मौत हो गई थी। महिला सहित दो अन्य लोगों की रविवार को मौत हो गई।घटना के सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है और पुलिस अन्य लोगो की तलाश कर रही है। अधिकारियो ने बताया कि यह घटना विल्लुपुरम के निकट मरक्कानम के एक्कियारकुप्पम में शनिवार रात हुई। स्टालिन ने जहरीली शराब और नशीले पदार्थों के खतरे से निपटने के अपनी सरकार के संकल्प को रेखांकित करते हुए कहा कि दो निरीक्षकों सहित चार पुलिसकर्मियो को इस घटना के सिलसिले में निलंबित कर दिया गया है। उन्होने इस घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिजन को 10-10 लाख रुपए की अनुग्रह राशि दिए जाने की भी घोषणा की।

### डीआरआई ने 24 करोड़ रुपए मूल्य की विदेशी सिगरेट जब्त की, पांच व्यक्ति गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई के राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने 1.2 करोड़ विदेशी सिगरेट जब्त की है जिनका बाजार में अनुमानित मूल्य 24 करोड़ रुपए है। इस सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। डीआरआई ने रविवार को यह जानकारी दी। डीआरआई ने एक विज्ञप्ति में कहा कि भारतीय मानकों के अनुरूप नही होने के कारण इस तरह की सिगरेट को भारत में आयात करने पर पाबंदी है। इसमें बताया गया है कि विशेष सूचना के आधार पर प्रतिबंधित सामग्री को एक कंटेनर से जब्त किया गया जिसे मंजूरी के लिए संभवतः अर्शिया फ्री ट्रेड वेयरहाउसिंग जोन (एफटीडब्ल्यूजेड) भेजा जाना था। डीआरआई अधिकारियो ने इस कंटेनर की आवाजाही पर निरंतर नजर रखी। विज्ञप्ति के अनुसार यह पता चला है कि नवी मुंबई में न्हावा शेवा बंदरगाह से निकाले जाने के बाद कंटेनर को उसके गंतव्य तक पहुंचाए जाने के बजाय एक निजी गोदाम में ले जाया गया, जबकि इसे अर्शिया एफटीडब्ल्यूजेड ले जाया जाना था।

### विकास की ओर एक कदम से समाज निर्माण

**कानुपर।** आर्थिक रूप से वंचित वर्ग के युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान कर उनकी आजीविका में सहयोग प्रदान करने और स्थायी समाज के निर्माण की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए होण्डा इंडिया फाउन्डेशन ने कानपुर में अपने प्रमुख प्रोग्राम प्रोजेक्ट प्रगति एक कदम विकास की ओर की शुरूआत की। समाज के साथ भरोसे का रिश्ता बनाने और स्थायी समाज के विकास में योगदान देने की एचआईएफ की प्रतिबद्धता पर बात करते हुए सुत्सुमु ओतानी चेयरमैन होण्डा इंडिया फाउन्डेशन ने कहा ष्शिक्षा और ग्रामीण विकास हमारे दीर्घकालिक मिशन का मुख्य स्तम्भ हैं, जिसके तहत हम ऐसी कंपनी बनने के लिए प्रयासरत हैंए जिसे समाज प्राथमिकता दे। वर्तमान म भारत के अस्पतालों में प्रशिक्षित जनरल ड्यूटी असिस्टेन्ट्स की कमी है। इसी को ध्यान में रखते हुए एचआईएफने आर्थिक रूप से वंचित युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए यह पहल की है और प्रोजेक्ट प्रगति एक कदम विकास की ओरद्ध के तहत इस कोर्स की शुरूआत की है।

## केरल में बिहार के एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या, आठ गिरफ्तार

**मालप्पुरम।** केरल पुलिस ने चोरी के संदेह में बिहार के एक 36 वर्षीय एक व्यक्ति की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या किए जाने के सिलसिले में रविवार को आठ लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने कहा कि कोंडोट्टी के समीप एक मकान के सनशेड (छतरी) से गिरने के बाद स्थानीय लोगों ने राजेश मांझी (36) को पीट-पीटकर मार डाला था। पुलिस ने कहा, स्थानीय लोगों का दावा है कि शनिवार को रात करीब साढ़े बारह बजे वह एक मकान के सनशेड से गिर गया। स्थानीय लोगों ने उसे पकड़कर बांध दिया एवं बुरी तरह पीटा। पुलिस ने उसकी हत्या के सिलसिले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। मालप्पुरम के पुलिस प्रमुख सुजीत दास ने मीडिया से कहा कि राजेश पर हमले का सबूत है। आरोपियों ने सबूत नष्ट करने की कोशिश की। उन्होंने सीसीटीवी दृश्यों को मिटाने की चेष्टा की। हम सबकुछ बरामद कर रहे हैं।

# महाराष्ट्र में दो समुदायों के बीच झड़प, एक की मौत

**भाषा।** अकोला (महाराष्ट्र)



**महाराष्ट्र के** अकोला शहर में एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर दो समुदायों के बीच झड़प हो जाने के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई है और दो पुलिसकर्मियों समेत आठ लोग घायल हो गए हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने संवेदनशील ओल्ड सिटी इलाके में शनिवार को रात करीब साढ़े 11 बजे हुई झड़प के संबंध में 26 लोगों को हिरासत में लिया है। जिला मजिस्ट्रेट नीमा अरोड़ा ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहर के चार पुलिस थाना क्षेत्रों में आपराधिक दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 लागू करने का आदेश दिया, ताकि लोगों को गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने से रोका जा सके। पुलिस अधीक्षक (एसपी) संदीप घुगे ने बताया कि किसी सोशल मीडिया मंच पर एक धार्मिक पोस्ट के वायरल हो जाने के बाद हिंसा हुई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) मोनिका राउत ने बताया कि दोनों समूहों के सदस्यों ने एक दूसरे पर पथराव किया। इस दौरान कुछ वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। राउत ने बताया कि पुलिस ने दंगाइयों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोलों का इस्तेमाल किया और हालात अब काबू में हैं। घुगे ने कहा, एक व्यक्ति की मौत हो गई और आठ अन्य लोग घायल हो गए। घायलों में दो पुलिसकर्मी भी शामिल हैं, जो दंगाइयों द्वारा पथराव किए जाने के दौरान घायल हो गए थे।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने दो मामले दर्ज किए हैं और इस घटना के संबंध में 26 लोगों को हिरासत में लिया है। स्थानीय प्रशासन ने बताया कि राज्य के उपमुख्यमंत्री और अकोला जिले के संरक्षक मंत्री देवेंद्र फडणवीस स्थिति पर नजर रख रहे हैं। फडणवीस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। राउत ने बताया कि घटना के बाद शहर में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि अमरावती से राज्य रिजर्व पुलिस के एक हजार कर्मियों को अकोला शहर में तैनात किया गया है। राउत ने नागरिकों से अपील की कि वे घबराए नहीं और किसी भी अफवाह पर विश्वास न करें।

# फडणवीस-अजित पवार का गठबंधन उद्धव को सबक सिखाने के लिए था: मुनगंटीवार

**भाषा।** मुंबई



**महाराष्ट्र के मंत्री** सुधीर मुनगंटीवार ने दावा किया है कि शिवसेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे को सबक सिखाने के लिए वर्ष 2019 में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा)के नेता अजित पवार का समर्थन लेना जरूरी था। मुनगंटीवार का इशारा संभवत: भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता देवेंद्र फडणवीस और पवार द्वारा बनाए गठबंधन की ओर था। देवेंद्र फडणवीस-अजित पवार सरकार का गठन नवंबर 2019 में राज्य विधानसभा चुनाव के बाद गुपचुप तरीके से किया गया था। बाद में, उद्धव ठाकरे महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार के मुख्यमंत्री बने थे, जिसमें उनकी पार्टी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और कांग्रेस शामिल थी। मुख्यमंत्री पद साझा करने के मुद्दे पर ठाकरे ने लंबे समय से सहयोगी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से नाता तोड़ लिया था। भाजपा नेता मुनगंटीवार ने शनिवार को लोकसत्ता अखबार को बताया, उद्धव ठाकरे उस समय जिस तरह की नई राजनीतिक व्यवस्था लेकर आए थे, उस समय ठाकरे को सबक सिखाने के लिए राकांपा के अजित पवार से समर्थन लेना जरूरी था। भाजपा नेता की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर फडणवीस ने कहा, मुनगंटीवार ने जो कुछ कहा, उसे मैंने व्यक्तिगत रूप से नहीं सुना। उनके बयान पर कोई टिप्पणी करना उचित नहीं होगा। जब पत्रकारों ने संजय राउत से मुनगंटीवार की टिप्पणी के बारे में पूछा, तो शिवसेना (यूबीटी) नेता ने कहा, मुनगंटीवार को उनकी अपनी पार्टी में कोई व्यक्ति महत्व नहीं देता है। उनकी टिप्पणी के बारे में हमसे पूछने का क्या मतलब है।

# आरोपियों को बरी किए जाने के खिलाफ अपील पर सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

● जयपुर विस्फोट मामला

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** 2008 के जयपुर शृंखलाबद्ध विस्फोटों में मारे गए लोगों के कुछ परिजनों की उस याचिका पर 17 मई को सुनवाई करने पर सहमत हो गया है, जिसमें निचली अदालत द्वारा मौत की सजा पाए चार लोगों को बरी करने के राजस्थान उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी गई है।

तेरह मई, 2008 को मानक चौक खंड, चांदपोल गेट, बड़ी चौपड़, छोटी चौपड़, त्रिपोलिया गेट, जौहरी बाजार और सांगानेरी गेट पर एक के बाद एक बम धमाकों से जयपुर दहल उठा था। विस्फोटों में 71 लोग मारे गए थे और 185 घायल हुए थे। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने विस्फोटों के पीड़ितों के कुछ परिवारों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी की दलीलों पर विचार किया। वरिष्ठ अधिवक्ता ने उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक लगाने का भी अनुरोध किया। राजस्थान सरकार ने 25 अप्रैल को मामले में उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देते हुए अपील दायर की थी। शीर्ष अदालत ने 12 मई को विस्फोट पीड़ितों के परिजनों को फैसले के खिलाफ अपील दायर करने की अनुमति दी।

## डल झील में एलिगेटर गार मछली मिलने से वैज्ञानिक चिंतित

**भाषा।** श्रीनगर

**जम्मू कश्मीर** में श्रीनगर की प्रसिद्ध डल झील से मांसभक्षी एलीगेटर गार मछली के मिलने के बाद वैज्ञानिक और अधिकारी चिंतित हो गए हैं, क्योंकि जलाशय में इसकी मौजूदगी मछली की अन्य प्रजातियों के लिए बड़ा खतरा है। इस मछली का मुंह एलीगेटर जैसा होता है इसलिए इसे एलिगेटर गार मछली कहा जाता है। इसे झील में सफाई अभियान के दौरान पकड़ा गया है। झील संरक्षण एवं प्रबंधन प्राधिकरण (एलसीएमए) में वैज्ञानिक डॉ. शफीका पीर ने कहा, यह एक एलिगेटर गार मछली है जो आम तौर पर उत्तरी अमेरिका और भोपाल के बड़ा तालाब और केरल जैसे भारत के कुछ हिस्सों में पाई जाती है। शिकारी और मांसभक्षी मछली होने के चलते यह डल झील की देसी प्रजातियों के लिए खतरा है। पीर ने कहा कि यह चिंता की बात है कि यह मछली कश्मीर की जल प्रणाली में कैसे घुसी। उन्होंने कहा, हमारी देसी मछलियों का क्या होगा?

# डुप्लेसी-मैक्सवेल-पार्नेल के धमाल से रायल्स बेहाल

## आरसीबी ने राजस्थान को 112 रन से रौंदा

भाषा। जयपुर



**कप्तान फाफ** डुप्लेसी और ग्लेन मैक्सवेल के अर्धशतक के बाद वेन पार्नेल की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग के एकतरफा मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को 112 रन से हरा दिया। इस जीत से आरसीबी ने प्ले ऑफ में जगह बनाने की अपनी उम्मीदें जीवंत रखी हैं। टीम 12 मैच में 12 अंक के साथ पांचवें स्थान पर चल रही है। रॉयल्स भी 12 अंक के साथ छठे स्थान पर हैं लेकिन उसने 13 मैच खेले हैं। आरसीबी के 172 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मेजबान टीम पार्नेल (10 रन पर तीन विकेट), माइकल ब्रेसवेल (16 रन पर दो विकेट) और कर्ण शर्मा (19 रन पर दो विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने 10.3 में सिर्फ 59 रन पर ढेर हो गई। शिमरोन हेटमायर (19 गेंद में 35 रन) रॉयल्स के शीर्ष स्कोर रहे। उनके अलावा सिर्फ जो रूट (10) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। रॉयल्स का यह दूसरा सबसे कम स्कोर है। इससे पहले टीम 2009 में आरसीबी के खिलाफ ही 58 रन पर सिमट गई थी। आरसीबी ने फाफ डुप्लेसी (55) की विराट कोहली (18) के साथ पहले विकेट के लिए 50 और मैक्सवेल (54) के साथ दूसरे विकेट के लिए 69 रन की साझेदारी से पांच विकेट पर 171 रन बनाए। अनुज रावत (11 गेंद में 29 रन, तीन चौके, दो छक्के) ने अंत में तेजतर्रार पारी खेलकर टीम का स्कोर 170 रन के पार पहुंचाया। रॉयल्स की ओर से एडम जंपा 25 जबकि केएम आसिफ ने 42 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे रॉयल्स की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम पावर प्ले में पांच विकेट पर 28 रन ही बना सकी और इससे कभी नहीं उबर पाई। मोहम्मद सिराज ने पारी की दूसरी ही गेंद पर अच्छी फॉर्म में चल रहे यशस्वी जायसवाल (00) को मिड ऑफ पर कोहली के हाथों कैच कराया। पार्नेल ने अगले ओवर में जोस बटलर (00) और कप्तान संजू सैमसन (04) को पवेलियन की राह दिखाई। बटलर ने कवर प्वाइंट पर सिराज को कैच थमाया जबकि सैमसन का कैच विकेटकीपर रावत ने लपका। इंपेक्ट प्लेयर के रूप में उतरे देवदत्त पडिक्कल (04) ब्रेसवेल की गेंद पर मिडविकेट पर सिराज को कैच दे बैठे। पार्नेल ने छठे ओवर में जो रूट (10) को बोल्ड करके रॉयल्स को पावर प्ले में पांचवां झटका दिया। ध्रुव जुरेल ने ब्रेसवेल के अगले ओवर में डीप मिडविकेट बाउंड्री पर महिपाल लोमरोर को कैच थमाया। हेटमायर ने कर्ण शर्मा का स्वागत लगातार तीन छक्कों के साथ किया लेकिन अगली गेंद पर रविचंद्रन अश्विन (00) रन आउट हो गए। मैक्सवेल ने हेटमायर को ब्रेसवेल के हाथों कैच कराके रॉयल्स की आरसीबी के स्कोर के आसपास पहुंचने की उम्मीद भी तोड़ दी। रॉयल्स का स्कोर 10 ओवर में आठ विकेट पर 59 रन था। कर्ण ने अगले ओवर में एडम जंपा (02) और केएम आसिफ (00) को आउट करके आरसीबी को जीत दिलाई। इससे पहले डुप्लेसी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और कोहली (19 गेंद में 18 रन) के साथ मिलकर टीम को सतर्क शुरुआत दिलाई।

### स्कोरबोर्ड

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर:** कोहली का जायसवाल बो आसिफ 18,डुप्लेसी का जायसवाल बो आसिफ 55,मैक्सवेल बो संदीप 54,लोमरोर का जुरेल बो जंपा 01,कार्तिक पगबाधा बो जंपा 00, ब्रेसवेल नाबाद 09, रावत नाबाद 29, **अतिरिक्त:** 05, **कुल:** 20 ओवर में पांच विकेट पर: 171 रन,विकेट पतन: 1-50, 2-119, 3-120, 4-120, 5-137, **गेंदबाजी:** संदीप 4-0-34-1, जंपा 4-0-25-2, चहल 4-0-37-0, अश्विन 4-0-33-0, आसिफ 4-0-42-2

**राजस्थान रॉयल्स:** जायसवाल का कोहली बो सिराज 00, बटलर का सिराज बो पार्नेल 00,सैमसन का रावत बा पार्नेल 04,पगबाधा बो पार्नेल 10, पडिक्कल का सिराज बो ब्रेसवेल 04, हेटमायर का ब्रेसवेल बो मैक्सवेल 35,जुरेल का लोमरोर बो ब्रेसवेल 01,अश्विन रन आउट 00, जंपा बो कर्ण 02,शर्मा नाबाद 00,आसिफ का कोहली बो कर्ण 00, **अतिरिक्त:** 03, **कुल:** 10.3 ओवर में सभी विकेट खोकर: 59 रन, विकेट पतन: 1-1, 2-6, 3-7, 4-20, 5-28, 6-31, 7-50, 8-59, 9-59, **गेंदबाजी:** सिराज 2-0-10-1, पार्नेल 3-0-10-3, ब्रेसवेल 3-0-16-2, कर्ण 1.3-0-19-2, मैक्सवेल 1-0-3-1

### आईपीएल-16 स्टेडियम से

## इस प्रदर्शन के लिए मेरे पास कोई जवाब नहीं है: सैमसन



**जयपुर।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में महज 59 रन पर ऑल आउट होने के बाद राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने रविवार को यहां कहा कि इस लचर प्रदर्शन का उनके पास अभी कोई जवाब नही है। जीत के लिए 172 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान की टीम आईपीएल इतिहास के तीसरे सबसे कम स्कोर पर सिमट गई। टीम महज 10.3 ओवर बल्लेबाजी कर पाई और उसे 112 रन की बड़ी हार का सामना करना पड़ा। वेन पार्नेल (10 रन पर तीन विकेट), माइकल ब्रेसवेल (16 रन पर दो विकेट) और कर्ण शर्मा (19 रन पर दो विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने शिमरोन हेटमायर (19 गेंद मे 35 रन) के अलावा राजस्थान का कोई भी बल्लेबाज नही चला। पावर प्ले में आधी टीम 28 रन पर पवेलियन लौट गई और इसके बाद उबर नही सकी। लीग के दूसरे हाफ मे लगातार खराब प्रदर्शन के बारे मे पूछे जाने पर सैमसन ने प्रसारकों से कहा, वास्तव मे यह एक बड़ा प्रश्न है। मै इसके बारे मे सोच रहा था और कहां गलती हुई। माफ कीजिएगा मेरे पास इसका जवाब नही है। सलामी बल्लेबाज जोस बटलर और यशस्वी जायसवाल सहित राजस्थान के चार बल्लेबाज खाता खोले बगैर आउट हुए, जबकि संजू सैमसन केवल चार रन ही बना सके। सैमसन ने कहा कि आईपीएल एक ऐसा टूर्नामेंट है जहां कुछ ही दिनो मे उलटफेर हो सकता है। हम सभी आईपीएल के बारे में जानते है। हम जानते है कि कुछ दिनो मे चीजे बदल सकती है।

## अगले दो मैचों में मिल सकता है युवा खिलाड़ियों को मौका , कहा दिल्ली के तेज गेंदबाजी कोच ने

**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स के हाथो 31 रन से हार के साथ ही इंडियन प्रीमियर लीग प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो चुकी दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स ने अपने बल्लेबाजो के प्रदर्शन पर निराशा जताते हुए कहा कि आखिरी दो मैचो मे युवा खिलाड़ियों को मौका मिल सकता है। पंजाब के सात विकेट पर 167 रन के जवाब मे बेहतरीन शुरूआत के बावजूद दिल्ली की टीम आठ विकेट पर 136 रन ही बना सकी। एक समय उसका स्कोर बिना किसी नुकसान के 69 रन था लेकिन उसने छह विकेट 19 रन के भीतर गंवा दिए। होप्स ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस मे कहा , इतनी अच्छी शुरूआत के बाद बल्लेबाजो का जिस तरह से प्रदर्शन रहा, वह अस्वीकार्य है। कोई भी खिलाड़ी पारी के सूत्रधार की भूमिका निभाने मे नाकाम रहा। पूरे टूर्नामेंट मे कुछ मैचो को छोड़कर बल्लेबाजो ने निराश किया। दूसरी टीमो मे यशस्वी जायसवाल और प्रभसिमरन सिंह जैसे युवा बल्लेबाज शानदार प्रदर्शन कर रहे है लेकिन दिल्ली ने यश धुल और सरफराज खान को उतने मौके नही दिए। यह पूछने पर कि क्या अगले दो मैचो मे उनके खेलने की संभावना है, होप्स ने कहा , चयन के मसलो पर मै नही बोल सकता लेकिन उम्मीद है कि अगले दो मैचो मे युवा खिलाड़ियों को मौका मिलेगा। हम जीत के साथ टूर्नामेंट से विदा लेना चाहेंगे। वही पंजाब किंग्स के स्पिन गेंदबाजी कोच सुनील जोशी ने 65 गेंद मे 103 रन बनाने वाले सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह की तारीफ करते हुए कहा , उसकी प्रतिभा की वजह से पहले मैच से ही हमने उसका साथ दिया और अब मैच दर मैच उसके खेल मे परिपक्वता आ रही है लेकिन यह महज एक शुरूआत है। उसकी खूबी यह है कि वह 360 डिग्री शॉट्स खेल सकता है। अगर सलामी बल्लेबाज इस तरह मैदान के चारो ओर मार पाता है तो विरोधी गेंदबाजो पर दबाव बन जाता है।

## नहमने पावरप्ले में ही मैच गंवा दिया था: राजस्थान के कोच संगकारा

**जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच कुमार संगकारा का मानना है कि उनके बल्लेबाजो ने आसानी से घुटने टेक दिए जिससे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने पावरप्ले मे ही पांच विकेट लेकर मैच को उनकी पहुंच से दूर कर दिया था। जीत के लिए 172 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान की टीम आईपीएल इतिहास के तीसरे सबसे कम स्कोर 59 रन पर सिमट गई। यह खराब बल्लेबाजी प्रदर्शन था। हम अच्छी गेंदबाजी के कारण 170 के करीब उन्हे रोकने मे सफल रहे थे। इस पिच पर इस लक्ष्य को हासिल किया जा सकता था। मुझे लगता है कि हम पावरप्ले में बहुत अधिक प्रयास कर रहे थे। हम यह सोच कर उतरे थे कि पावरप्ले मे अधिक रन बनाएंगे। हम जरूरत से ज्यादा सकारात्मक होने की कोशिश कर रहे थे। यह साझेदारी बनाने के बारे मे था लेकिन दुर्भाग्य से हमने पावरप्ले मे ही पांच विकेट गंवा दिए और हमारे लिए शायद मैच तभी खत्म हो गया था। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के लिए अनुज रावत ने 11 गेंद मे 29 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। उनकी पारी से टीम 170 से अधिक रन बनाने मे सफल रही। अपनी पारी मे तीन चौके और दो छक्के लगाने वाले रावत ने कहा, मैने इसके लिए अभ्यास किया था। मुझे पता था कि अगर मै अंत तक टिका रहा तो मै कुछ प्रभाव डाल पाऊंगा। राजस्थान की बल्लेबाजी के बारे मे पूछे जाने पर इस 23 साल के खिलाड़ी ने कहा, हम ऐसा होने की उम्मीद नही कर रहे थे लेकिन यह क्रिकेट का खेल है और कुछ भी हो सकता है। हम सिर्फ अपनी क्षमता से खेल रहे थे।

# राणा-रिंकू ने दिलाई केकेआर को जीत

## चेन्नई को छह विकेट से हराकर प्लेऑफ की दौड़ को रोमांचक बनाया

भाषा। चेन्नई



**सुनील नारायण** (15 रन पर दो विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान नितीश राणा (नाबाद) और रिंकू सिंह (54) के बीच 76 गेंद में 99 रन की साझेदारी के दम पर कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में रविवार को यहां चेन्नई सुपरकिंग्स को छह विकेट से शिकस्त दी। चेन्नई को छह विकेट पर 144 रन पर रोकने के बार केकेआर 18.3 ओवर में चार विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। केकेआर की 13 मैचों में यह छठी जीत है और टीम 12 अंक के साथ अगर-मगर के प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई है। चेन्नई के पास इस मैच को जीत कर प्लेऑफ में जगह पक्की करने का मौका था लेकिन उसे अब इंतजार करना होगा। लक्ष्य का बचाव करते हुए चेन्नई ने पावर प्ले में तीन विकेट चटका अच्छी शुरुआत की थी लेकिन रिंकू और नितीश ने इस मैदान पर चौथे विकेट के लिए चेन्नई के खिलाफ रिकॉर्ड साझेदारी कर टीम की जीत सुनिश्चित कर दी। नितीश को 11वें ओवर में मोईन अली की गेंद पर मथीश पथिराना ने कैच टपकाकर जीवनदान दिया। उस समय वह 18 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। उन्होंने 44 गेंद की नाबाद पारी में छह चौके और एक छक्का लगाया। मैन ऑफ द मैच रिंकू ने 43 गेंद की पारी में चार चौके और तीन छक्के जड़े। चेन्नई के लिए दीपक चाहर ने तीन ओवर में 27 रन देकर तीन विकेट चटकाए। वह इस दौरान आईपीएल के पावरप्ले में 50 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने। इससे पहले नारायण के अलावा चक्रवर्ती को दो सफलता मिली लेकिन उन्होंने चार ओवर में 36 रन खर्च किए। शारदुल ठाकुर (तीन ओवर में 15 रन) और वैभव अरोड़ा (चार ओवर में 30 रन) को एक-एक सफलता मिली। शिवम दुबे ने 34 गेंद में एक चौका और तीन छक्के की मदद से नाबाद 48 रन बनाकर चेन्नई को प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया। चेन्नई ने 11वें ओवर में 72 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे लेकिन दुबे ने रविंद्र जडेजा (20 गेंद में 24 रन) के साथ छठे विकेट के लिए 53 गेंद में 68 रन की साझेदारी कर टीम को मुश्किल से बाहर निकाला। टीम के लिए डेवोन कोनवे ने 28 गेंद में तीन चौके की मदद से 30 रन बनाए।

### स्कोरबोर्ड

**चेन्नई सुपरकिंग्स पारी:** ऋतुराज का वैभव बो चक्रवर्ती 17,कोनवेका रिंकू बो शारदुल 30,रहाणे का रॉय बो चक्रवर्ती 16, रायुडु बो नारायण 04,दुबे नाबाद 48,अली बो नारायण 01,जडेजा , धोनी नाबाद 02,**अतिरिक्त:** (नो बॉल: 02, वाइड: 04) 06,कुल योग: (20 ओवर मे छह विकेट पर) 144 रन,**विकेट पतन:** 1-31, 2-61, 3-66, 4-68, 5-72, 6-140,**गेंदबाजी:** वैभव 4-0-30-1,राणा 2-0-19-0, चक्रवर्ती 4-0-36-2,नारायण 4-0-15-2, ठाकुर 3-0-15-1,सुयश 3-0-29-0

**केकेआर पारी:** जेसन का पथिराना बो चाहर 12,गुरबाज का देशपांडे बो चाहर 01, अय्यर का जडेजा बो चाहर 09,राणा नाबाद 57, रिंकूं सिंह रन आउट (मोईन अली) 54,रसेल नाबाद 02,**अतिरिक्त:** (नोबॉल : 01, लेग बाई: 01, वाइड: 10) 12,कुल योग: (18.3 ओवर मे चार विकेट पर) 147 रन,विकेट पतन: 1-4, 2-21, 3-33, 4-132, **गेंदबाजी:** चाहर 3-0-27-3,देशपांडे 3.3-0-25-0, अली 4-0-31-0, तीक्षणा 3-0-22-0,जडेजा 3-0-23-0 पथिराना 2-0-18-0

## दीक्षा जबरा ओपन में संयुक्त 37वें स्थान पर रही

**एवियन ले बैंस (फ्रांस)।** भारतीय खिलाड़ी दीक्षा डागर ने लेडीज यूरोपीय टूर के जबरा ओपन गोल्फ टूर्नामेंट मे रविवार को संयुक्त 37वें स्थान के साथ अपना अभियान खत्म किया। उन्होंने तीसरे दौर मे दो ओवर 73 का कार्ड खेला। इससे पहले उन्होंने 71 और 74 का स्कोर किया था।

## पाक में भारतीय ब्रिज टीम का जोरदार सत्कार

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की नाटकीय गिरफ्तारी के बाद जहां पूरा पाकिस्तान जल रहा है तो वही भारत के ब्रिज खिलाड़ियों का लाहौर के पांच सितारा होटल मे राजसी सत्कार हुआ। भारत की 32 सदस्ईय ब्रिज टीम मे समाजसेवी और एचसीएल के संस्थापक शिव नाडर की पत्नी किरण नाडर और अनुभवी राजेश्वर तिवारी भी शामिल है।

## पाकिस्तान से तीन टेस्ट मैच खेलेगा ऑस्ट्रेलिया

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया दिसंबर और जनवरी मे अपने ग्रीष्मकालीन सत्र के दौरान पाकिस्तान से तीन और वेस्टइंडीज से दो टेस्ट मैच खेलेगा। पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला का पहला टेस्ट मैच पर्थ मे 14 से 18 दिसंबर तक खेला जाएगा जबकि पारंपरिक बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच 26 से 30 दिसंबर के बीच मेलबर्न मे खेला जाएगा। तीसरा और अंतिम टेस्ट मैच तीन से सात जनवरी के बीच सिडनी मे खेले जाने की संभावना है।

## सैफ फुटबॉल चैंपियनशिप में हिस्सा लेगा पाकिस्तान

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने जून-जुलाई मे बेंगलुरू मे होने वाली दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (सैफ) चैंपियनशिप मे हिस्सा लेने की पुष्टि कर दी है और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) को पड़ोसी देश के खिलाड़ियो के भारत की यात्रा पर आने मे कोई समस्या नजर नही आती। इस अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट मे लेबनान और कुवैत की टीम भी हिस्सा लेगी क्योकि सैफ कार्यकारी समिति ने चैंपियनशिप को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए मार्च मे फैसला किया था कि दक्षिण एशियाई क्षेत्र से बाहर की टीमो को भी टूर्नामेंट मे खिलाया जाएगा।

## जिंबाब्वे के दिग्गज क्रिकेटर हीथ स्ट्रीक कैंसर से पीड़ित

**नई दिल्ली।** जिंबाब्वे के पूर्व ऑलराउंडर हीथ स्ट्रीक कैंसर से पीड़ित है और उनका दक्षिण अफ्रीका मे इलाज चल रहा है। स्ट्रीक के परिवार ने बयान जारी करके कहा, हीथ को कैंसर है और दक्षिण अफ्रीका के बेहद प्रतिष्ठित कैंसर रोग विशेषज्ञ की देखरेख मे उनका इलाज चल रहा है। बयान मे कहा गया है।


## ऑस्ट्रेलियाई टेनिस खिलाड़ी डेविडसन का निधन

**मेलबर्न।** युगल मे 13 ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले आस्ट्रेलियाई टेनिस खिलाड़ी ओवेन डेविडसन का निधन हो गया है। वह 79 वर्ष के थे। इंटरनेशनल टेनिस हॉल ऑफ फेम ने शनिवार को घोषणा की कि डेविडसन का शुक्रवार को निधन हो गया। लंबे समय तक उनकी मित्र रही इसाबेल सुलिगा ने कहा कि टेक्सास के कॉनरो मे उनका निधन हो गया। डेविडसन ने मिश्रित युगल मे 11 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते जबकि पुरुष युगल मे उनके नाम पर दो खिताब दर्ज है।

## अदिति फाउंडर्स कप में संयुक्त चौथे स्थान पर

**क्लिफ्टन।** भारत की अदिति अशोक रविवार को यहां तीसरे दौर मे एक अंडर 71 के स्कोर से फाउंडर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट मे संयुक्त चौथे स्थान पर चल रही है। अदिति का कुल स्कोर आठ अंडर है और वह शीर्ष पर चल रही ऑस्ट्रेलिया की मिंजी ली (67) से चार शॉट पीछे है। तीसरे दौर मे पांच अंडर का स्कोर बनाने वाली मिंजी का कुल स्कोर 12 अंडर है और उन्होने यिन (68) और कोरिया की हेई रयु (70) पर तीन शॉट की बढ़त बना रखी है।

# प्लेऑफ में जगह सुरक्षित करने के लिए सनराइजर्स से भिड़ेगा गुजरात टाइटंस



## आज होगा मुकाबला

भाषा। अहमदाबाद

**अमूमन अपने** प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने वाली गुजरात टाइटंस की टीम पिछले मैच की नाकामी को भुलाकर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सोमवार को यहां ठोस प्रदर्शन करके इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में अपनी जगह सुरक्षित करने की कोशिश करेगी। मौजूदा चैंपियन गुजरात टाइटंस के लिए प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए एक और जीत पर्याप्त होगी जबकि सनराइजर्स के 11 मैचों में चार जीत से आठ अंक हैं और वह अगले दौर में जगह बनाने की दौड़ से लगभग बाहर हो चुका है। गुजरात को पिछले मैच में मुंबई इंडियंस से हार का सामना करना पड़ा था जिसमें राशिद खान ने बल्ले और गेंद दोनों से अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन उसके अन्य खिलाड़ी नहीं चल पाए थे। उसके गेंदबाज सूर्यकुमार यादव पर अंकुश लगाने में नाकाम रहे थे जबकि उसके प्रमुख बल्लेबाज भी नहीं चल पाए थे। गुजरात 12 मैचों में 16 अंक लेकर अब भी अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज है लेकिन उसे अगर मगर की परिस्थितियों से बचने के लिए अगले दोनों मैचों में गलतियों में सुधार करके बेहतर प्रदर्शन करना होगा। कप्तान हार्दिक पंड्या ने भी टीम की 12 मैचों में चौथी हार के बाद कहा था, हम एक समूह के रूप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए।

## मेस्सी की पीएसजी की टीम में वापसी लेकिन एमबापे ने जीता दिल

**पेरिस।** लियोनेल मेस्सी ने संक्षिप्त निलंबन झेलने के बाद पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) की टीम में वापसी की लेकिन वह काइलन एमबापे थे जिन्होंने फ्रांसीसी फुटबॉल लीग के मैच में अपनी टीम की अजाशियो पर 5-0 के जीत में दर्शकों का दिल लूटा। पीएसजी ने इस जीत से दूसरे स्थान पर काबिज लेंस पर छह अंक की बढ़त बना दी है और वह फ्रांसीसी लीग में रिकॉर्ड 11वां खिताब जीतने के करीब पहुंच गया है। अब जबकि तीन दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं तब पीएसजी के 35 मैचों में 81 अंक हो गए हैं। लेंस के इतने ही मैचों में 75 अंक हैं। दूसरी तरफ इस मैच में हार से अजाशियो 18वें स्थान पर खिसक गया है। एमबापे ने इस मैच में दो गोल किए जिससे उनके लीग में सर्वाधिक 26 गोल हो गए हैं ।

# आईओए का फैसला न्याय के लिए हमारी लड़ाई में पहला कदम: पहलवान

भाषा। नई दिल्ली

**विरोध प्रदर्शन** कर रहे पहलवानों ने रविवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की सभी गतिविधियों की जिम्मेदारी लेने के भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के फैसले को डब्ल्यूएफआई के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ अपनी लड़ाई का पहला कदम करार दिया। बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट सहित देश के शीर्ष पहलवान पिछले 22 दिनों से जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। ए पहलवान महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के आरोप में बृजभूषण की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।आईओए ने 12 मई को डब्ल्यूएफआई के महासचिव से सभी आधिकारिक दस्तावेज उसकी तदर्थ समिति को सौंपने के लिए कहा है जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि महासंघ के संचालन में निवर्तमान पदाधिकारियों की कोई भूमिका नहीं रहे। डब्ल्यूएफआई ने कहा कि उसे आईओए के आदेशों का पालन करने में कोई समस्या नहीं है क्योंकि वह पहले ही अधिकारियों के साथ सहयोग कर रहे हैं। तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता बजरंग ने कहा, यह (मौजूदा डब्ल्यूएफआई को भंग करना) न्याय के लिए हमारी लड़ाई का पहला कदम है। हमारी लड़ाई सही दिशा में शुरू हुई है, यह हमारी जीत है।

## रियाल मैड्रिड ने गेटाफे को हराया, करीम बेनजेमा को दिया विश्राम

**बार्सिलोना।** रियाल मैड्रिड ने मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ अगले सप्ताह होने वाले चैंपियंस लीग सेमीफाइनल के निर्णायक मुकाबले को देखते हुए अपने स्टार स्ट्राइकर करीम बेनजेमा सहित चोटी के खिलाड़ियों को विश्राम दिया लेकिन इसके बावजूद उसकी टीम गेटाफे को 1-0 से हराकर स्पेनिश लीग फुटबाल टूर्नामेंट ला लिगा में दूसरे स्थान पर पहुंचने में सफल रही। मैच का एकमात्र गोल मार्को असेंसियो ने 70वें मिनट में किया। इस जीत से रियाल मैड्रिड के 34 मैचों में 71 अंक हो गए हैं और वह एटलेटिको मैड्रिड से दो अंक आगे हो गया है। एटलेटिको के 33 मैचों में 69 अंक हैं। बार्सिलोना 33 मैचों में 82 अंक लेकर शीर्ष पर काबिज है। बार्सिलोना रविवार को अगर एस्पेनयोल को पराजित कर देता है तो वह स्पेनिश लीग का खिताब अपने नाम कर लेगा ।

## बाकू विश्व कप के अंतिम दिन पदक जीतने में नाकाम रहे भारतीय निशानेबाज

भाषा। बाकू

भारत आईएसएसएफ विश्व कप राइफलापिस्टल के अंतिम दिन पदक जीतने में नाकाम रहा जब रविवार को यहां पुरुष रेपिड फायर पिस्टल और महिला राइफल थ्री पोजीशन में उसके निशानेबाज पोडियम पर जगह बनाने में विफल रहे। भारत ने अपने अभियान का अंत एक स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक सहित कुल चार पदक के साथ किया। भारत की 22 साल की थ्री पोजीशन निशानेबाज माणिनी कौशिल 415.6 अंक के साथ छठे स्थान पर रहीं। उन्होंने क्वालीफिकेशन दौर में 579 अंक के साथ आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाई थीं। ग्रेट ब्रिटेन की सियोनेड मैकिंटोश ने 467 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि नॉर्वे की जेनेट हेग डुस्टेड 463.6 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। जर्मनी की लिसा म्यूलर ने 448.9 अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। पुरुष रैपिड फायर पिस्टल में कोई भारतीय निशानेबाज फाइनल में जगह नहीं बना पाया।

# जोकोविच ने दिमित्रोव को हराया



भाषा। रोम

**नोवाक जोकोविच** ने रविवार को इटालियन ओपन के तीसरे दौर में शनिवार को यहां ग्रिगोर दिमित्रोव को 6-3, 4-6, 6-1 से शिकस्त दी। बाईस बार के ग्रैंड स्लैम विजेता को दूसरे सेट में अंक बटोरने के लिए मशक्कत करनी पड़ी लेकिन उन्होंने तीसरे सेट में वापसी कर बुल्गारिया के खिलाड़ी पर 6-1 से जीत दर्ज की। दोनों खिलाड़ियों के बीच 12वें मुकाबले में जोकोविच की यह 11वीं जीत है।जोकोविच का अगला मुकाबला 13वीं वरीयता प्राप्त कैमरून नॉरी और मार्टन फुकसोविक्स के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

## फिर से दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बने अल्कराज

**रोम।** कार्लोस अल्कराज ने इटालियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट मे अपने पदार्पण मैच मे जीत दर्ज करके विश्व रैंकिंग मे फिर से नंबर एक स्थान हासिल कर लिया है। अल्कराज ने अल्बर्ट रामोस विनोलास को 6-4, 6-1 से हराकर नोवाक जोकोविच की जगह शीर्ष स्थान हासिल किया। इससे उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि 28 मई से शुरू होने वाले फ्रेंच ओपन मे उन्हे पहली वरीयता मिलेगी। बार्सिलोना और मैड्रिड मे खिताब जीतकर यहां पहुंचे अल्कराज ने अपने विजय अभियान को 12 मैच तक पहुंचा दिया है। इस साल क्ले कोर्ट पर उनका रिकॉर्ड 20-1 हो गया है।


## थाईलैंड पैरा बैडमिंटन : प्रमोद को दो स्वर्ण, सुहास भी जीते

**नई दिल्ली।** तोक्यो पैरालंपिक चैंपियन प्रमोद भगत ने रविवार को यहां थाईलैंड पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में दो स्वर्ण पदक के साथ प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रमोद ने पुरुष एकल एसएल तीन के फाइनल में इंग्लैंड के डेनियल बेथेल को शिकस्त दी। उन्होंने पुरूष युगल एसएल तीन - एसएल चार वर्ग में साथी सुकांत कदम के साथ जोड़ी बनाकर स्वर्ण जीता। सुहास एल यथिराज पुरुष एकल फाइनल में साथी भारतीय सुकांत को 21-14 17-21 21-11 से हराकर एसएल चार वर्ग में चैंपियन बने। एकल एसएल तीन के फाइनल में प्रमोद ने शुरुआती गेम 21-18 से जीता था, इसके बाद डेनियल ने चोट के कारण मुकाबले से हटने का फैसला किया। उन्होंने युगल फाइनल में नितेश कुमार और तरुण की भारतीय जोड़ी को कड़े मुकाबले में 18-21 21-14 21-19 से हराया। महिला एकल में निथ्या श्री सुमथी सिवन और थुलसिमति मुरुगेसन ने क्रमश: एसएच छह और एसयू पांच वर्ग में रजत पदक के साथ अपना अभियान खत्म किया।

# भारत सुदीरमन कप के पहले मुकाबले में हारा

## चीनी ताइपे 1-4 से जीता

भाषा। सुजोऊ



**भारत की सुदीरमन** कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में शुरुआत निराशाजनक रही और उसे ग्रुप सी के अपने पहले मुकाबले में ही रविवार को यहां चीनी ताइपे से 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। पीवी सिंधू सहित भारतीय खिलाड़ियों ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को कड़ी चुनौती दी लेकिन वे अनुकूल परिणाम हासिल करने में नाकाम रहे। भारत की तरफ से तनीषा क्रास्टो और के साई प्रतीक ने मिश्रित युगल मुकाबले में पहला गेम जीतकर सकारात्मक शुरुआत की लेकिन आखिर में वे यांग पो हुआन और हू लिंग फेंग से 21-18 24-26 6-21 से हार गए। विश्व में नौवें नंबर के खिलाड़ी एचएस प्रणय पुरुष एकल में अपने सर्वश्रेष्ठ खेल का प्रदर्शन नहीं कर पाए और विश्व में पांचवें नंबर के खिलाड़ी चाउ टिएन चेन से 19-21,15-21 से हार गए। इससे भारत 0-2 से पीछे हो गया। भारत को वापसी दिलाने का जिम्मा अब सिंधू पर था लेकिन विश्व की नंबर एक खिलाड़ी ताइ जु यिंग को कड़ी चुनौती देने के बावजूद वह जीत दर्ज नहीं कर पाई। हैदराबाद की रहने वाली 27 वर्षीय सिंधू ने महिला एकल के इस मैच में दूसरा गेम जीतकर अच्छी वापसी की। इसके बाद उन्होंने तीसरे और निर्णायक गेम में अपनी प्रतिद्वंदी को कड़ी चुनौती दी। ताइ जु ने एक घंटा चार मिनट तक चले इस मैच को 21-14 18-21 21-17 से जीता। इससे चीनी ताइपे ने पांच मैचों के मुकाबले में 3-0 की अजेय बढ़त हासिल कर दी। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने इसके बाद पुरुष युगल मैच में ली यांग और ए होंग वेई को कड़ी टक्कर दी लेकिन उन्हें आखिर में 13-21 21-17 18-21 से हार का सामना करना पड़ा, जिससे भारत 0-4 से पीछे हो गया। त्रीसा जॉली और पी गायत्री गोपीचंद की विश्व में 17वें नंबर की महिला युगल जोड़ी ने इसके बाद जबर्दस्त संयम का परिचय दिया और पहले गेम में मिली हार से उबरकर ली चिया सीन और टेंग चुन सून को 21-15 18-21 13-21 से पराजित करके चीनी ताइपे को क्लीन स्वीप नहीं करने दिया। भारत ग्रुप सी के अपने दूसरे मुकाबले में सोमवार को मलेशिया से भिड़ेगा, जो राष्ट्रमंडल खेलों में मिश्रित टीम चैंपियन है। मलेशिया ने रविवार को अपने पहले मुकाबले में आस्ट्रेलिया को 5-0 से हराकर ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया। सिंधू ने ताइ जु को आखिरी बार 2019 के विश्व चैंपियनशिप में हराया था। यह उनकी चीनी ताइपे की खिलाड़ी के हाथों कुल मिलाकर 18वीं हार है। ताइ जु पहले गेम में बेहतर खिलाड़ी नजर आ रही थी, लेकिन सिंधू ने दूसरे गेम में अच्छा प्रदर्शन किया और मैच को निर्णायक गेम तक ले गई।